RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 15 ■ अंक 180 ■ पुणे, बुधवार 27 मई 2026 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट 2026 : तकनीक, प्रगति और भविष्य का रोडमैप पेज-4



निराश्रित बच्चों का कमाल बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम पेज-6



घर पर बनाएं खट्टा-मीठा आम पना पेज-8



ऐश्वर्या राय और आराध्या की बॉन्डिंग की जमकर हुई तारीफ पेज-10

# 'घुसपैठ और जनसंख्या बदलाव बहुत बड़ी चुनौती'

## डेमोग्राफी चेंज पर हाई-लेवल कमेटी गठित, जस्टिस नाओलेकर होंगे अध्यक्ष

**महानगर नेटवर्क**

नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के देश के वर्तमान और भविष्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती बताया है। घुसपैठ को लेकर सरकार ने एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से अप्राकृतिक जनसांख्यिकीय परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है।



उन्होंने कहा कि इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'High-Level Committee on Demographic Change' की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमिटी का गठन कर लिया है। जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में बनी इस कमिटी में जनगणना आयुक्त के साथ श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, बालाजी श्रीवास्तव और डॉ. शमिका रवि समिति के सदस्य होंगे। संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। जनसांख्यिकीय परिवर्तन हमारी संप्रभुता के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। यह कमिटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के पैटर्न का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।

### बांग्लादेशियो यहां से जल्दी भागो : शुभेंदु

बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को बांग्लादेशियों को देश छोड़कर जाने को कहा। वे बोले कि राज्य में अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान कर उन्हें पुलिस को सौंपा जाए, जिसके बाद BSF उनकी वापसी में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना एक्शन लेंगे। हम घुसपैठियों को जेल भेजकर रोटी नहीं खिलाएंगे। वह दामाद नहीं है। उन्हें भगाया जाएगा। उनके (बांग्लादेश के) ऑफिशियल्स भी कह चुके हैं कि जो हमारे लोग होंगे, उन्हें ले लेंगे। इधर पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना में मंगलवार सुबह से ही 100 से ज्यादा विदेशी नागरिक हाकिमपुर चेक पोस्ट पर इकट्ठा हुए हैं।

### तपती धूप में 20 दिन बॉर्डर पर रहेंगे शाह

जिस वक्त लू की वजह से लोग घरों से बाहर निकलने से भी कतरा रहे हैं, ठीक उसी वक्त गृहमंत्री अमित शाह रेगिस्तानी राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने बीकानेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित सांचू बॉर्डर आउटपोस्ट पर BSF के जवानों से सीधी बात की। उनका हौसला बढ़ाया। वहीं रात बिताने का भी कार्यक्रम है, लेकिन यह अकेला कार्यक्रम नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह 20 दिन में चार बार ऐसे ही बॉर्डर इलाकों में रहने वाले हैं और रात बिताएंगे। वहां सिक्योरिटी, घुसपैठ पर बड़ी मीटिंग करने वाले हैं, क्योकि इन चार राज्यों में सरकार घुसपैठ पर बड़ा एक्शन करने जा रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने दौरे की शुरुआत 25 मई की रात राजस्थान के बीकानेर से की। मंगलवार को वे बीकानेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित सांचू बॉर्डर आउटपोस्ट पहुंचे, वहां बीएसएफ के जवानों से संवाद किया।

# ईंधन की जमाखोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई: मुख्यमंत्री

## पेट्रोल की मांग में 23% और डीजल में 52% तक असामान्य बढ़ोतरी

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती खपत को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि सामान्य मांग की तुलना में



ईंधन की खपत में असामान्य बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कई स्थानों पर जमाखोरी और कृत्रिम कमी पैदा किए जाने की आशंका है, जिस पर अब सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पेट्रोल की औसत मांग के मुकाबले फिलहाल 23 प्रतिशत अधिक आपूर्ति की जा रही है, जबकि डीजल की मांग में 52 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सरकार अतिरिक्त मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है, इसके बावजूद कुछ इलाकों में कमी जैसी स्थिति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा गृह विभाग संयुक्त रूप से जमाखोरी करने वालों

**शेष पेज 7 पर**

### आज प्याज के मुद्दे पर अहम बैठक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्याज उत्पादक किसानों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए प्याज खरीद का समर्थन मूल्य साढ़े तीन रुपए बढ़ाकर करीब 15 रुपए प्रति किलो कर दिया है। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर खरीद प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ बुधवार शाम महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है, जिसमें किसानों को स्थायी राहत देने के लिए दीर्घकालीन उपायों पर चर्चा होगी। राज्य और केंद्र सरकार लगातार बाजार हस्तक्षेप कर किसानों को उचित दाम दिलाने का प्रयास कर रही हैं। फडणवीस ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे पर केवल राजनीति और "फोटो ऑपर्च्युनिटी" करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्याज किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना सरकार की प्राथमिकता है और इसी दिशा में केंद्र के साथ मिलकर व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है।

## Short News एक नजर

### अब इबोला की वैक्सीन बनाएगा सीरम इंस्टीट्यूट

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी भूमिका निभाने वाली भारतीय दवा निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) अब एक और घातक वायरस के खिलाफ कदम बढ़ाने जा रही है। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूट ने खतरनाक 'इबोला वायरस' की वैक्सीन तैयार करने के लिए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण करार किया है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यह साझेदारी भविष्य में इबोला के प्रकोप को रोकने में मील का पत्थर साबित हो सकती है। इबोला वायरस से निपटने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड के शोधकर्ता नई वैक्सीन विकसित करने और आने वाले समय में इसे रोल आउट करने की तैयारी में जुट गए हैं।

### कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत

**पन्ना।** पन्ना के अजयगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम बीहरपुरवा के नयापुरवा में खेत पर कुएं की खुदाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पांच मजदूरों की मौत हो गई है। बिन्नू अहिरवार के खेत में पिछले करीब 10 दिनों से सात मजदूर कुएं की खुदाई कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मिट्टी धंसने से पूरा घटनाक्रम मातम में बदल गया। पन्ना जिले के जनसंपर्क अधिकारी ने एक्स पर जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत बीहरपुरवा के नयापुरवा में मंगलवार को ग्राम पंचायत द्वारा निर्माणाधीन कुआं की मिट्टी धंसने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। दो व्यक्ति सकुशल बाहर निकले गए थे, हालांकि अब सभी के शवों को बाहर निकाल लिया गया है।

### ममता बनर्जी पर FIR दर्ज

**सिलिगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक चुनाव से पहले और 2025 में हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बनर्जी पर आरोप है कि 2025 में कोलकाता में ईद के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इसके बाद चुनाव से पहले भी उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ बयान दिया। एक वकील और बीजेपी कार्यकर्ता रिंकी चटर्जी ने उनके खिलाफ केस दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि 2025 में भी उन्होंने केस दर्ज करवाने की कोशिश की थी लेकिन तब उनकी नहीं सुनी गई और प्रताड़ित भी किया गया।

# 'मिडिल इस्ट में नहीं मिलेगी सुरक्षित पनाह'

## ● मोजताबा खामेनेई की अमेरिका को खुली चुनौती

**महानगर नेटवर्क**

तेहरान

ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने मंगलवार को अमेरिका को चेतावनी दी है। मोजताबा ने कहा कि अब इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खामेनेई ने 'अमेरिका का नाश हो' और 'इजराइल का नाश हो' के नारों को इस्लामी दुनिया की एकजुटता का प्रतीक बताते हुए इन्हें दुनिया भर के दबे-कुचले लोगों का नारा बनाने की अपील की। खामेनेई के कार्यालय ने एक्स पर फारसी भाषा में पोस्ट कर कहा, 'समय का पहिया पीछे नहीं घूमता। मिडिल ईस्ट के देश अब अमेरिकी ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगे। अमेरिका को इस क्षेत्र में साजिशें रचने और ठिकाने बनाने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं मिलेगी।' पोस्ट में कट्टरपंथी तेवर दिखाई दिया। नेता ने मुस्लिम जगत से अपील की कि वे चल रहे हज के मौसम को अमेरिका और इजरायल के खिलाफ वैश्विक विरोध का मौका बनाएं। ईरानी मीडिया ने सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के नाम से एक संदेश जारी किया है। इसमें दावा किया गया है कि चल रहे संघर्ष के



दौरान ईरान ने अमेरिका और इजरायल को जमीन, समुद्र और हवा तीनों रास्तों से मिसाइलों और ड्रोन के जरिए निशाना बनाया है। यह जानकारी ईरान इंटरनेशनल ने दी है। हज यात्रा के मौके पर जारी इस मैसेज में खामेनेई ने आस-पास के देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब ये देश अमेरिकी सेना की मौजूदगी के लिए ढाल का काम नहीं करेंगे। बयान में साफ कहा गया, 'अब अमेरिका को इस क्षेत्र में अपने सैन्य अड्डे बनाने के लिए कोई भी सुरक्षित जगह नहीं मिलेगी।' सुप्रीम लीडर के इस संदेश में आगे मिडिल ईस्ट के देशों की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा गया कि इन देशों के रणनीतिक हित और क्षमताएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

### ईरान ने मार गिराया अमेरिका का MQ-9 रीपर ड्रोन

मिडिल ईस्ट में संघर्ष एक बार फिर बढ़ गया है। एक तरफ ईरानी सुप्रीम लीडर अमेरिका को चेतावनी दे रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर IRGC ने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (IRGC) ने दावा किया कि उसने अमेरिकी MQ-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। IRGC के अनुसार जब ड्रोन ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसा तो उसे दुश्मन के विमान के रूप में पहचाना गया और तुरंत खत्म कर दिया गया। IRGC ने कहा कि अमेरिका के किसी भी युद्धविराम उल्लंघन के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करना उसका अधिकार है। इस हमले के कुछ घंटे पहले ही अमेरिकी सेना ने ईरानी रॉकेट प्रक्षेपण स्थलों पर 'रक्षात्मक' हमले किए जाने का ऐलान किया था।

# मीरा रोड में बकरीद से पहले बवाल

**महानगर संवाददाता**

मुंबई

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में बकरीद से पहले एक हाउसिंग सोसाइटी को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बकरियों की एंट्री, विरोध प्रदर्शन, सुअर लाने की कोशिश, नारेबाजी और राजनीतिक बयानों के बीच पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। हालात को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।



मीरा रोड के पूनम एस्टेट क्लस्टर 1 सोसाइटी में सोमवार को बड़ी संख्या में बकरियां लाई गईं। यहां बकरियों के लिए एक टेम्परी शेड भी बनाया गया। सोसाइटी के कुछ लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। हंगामा देर रात तक जारी रहा। इसी दौरान 26 मई 2016 की रात करीब 12.50 बजे एक व्यक्ति वहां

### सोसायटी में शेड बनाने का विरोध

पहुंचा और VHP के जिला मंत्री नागनाथ कांबले के बारे में पूछताछ करने लगा। VHP कार्यकर्ता हर्ष सिंह के मुताबिक जब उससे सवाल किया गया तो उसने चाकू निकाल लिया और हमला करने की कोशिश करने लगा। हर्ष सिंह ने हाथ लगाकर हमला रोकने की कोशिश की, जिसमें उनके हाथ में चोट आई। उनको चार टांके लगाने पड़े। इस मामले में FIR दर्ज की गई है। बताया जा रहा है कि VHP के दो और कार्यकर्ता भी घायल हुए। मौके पर मौजूद लोगों ने

**शेष पेज 7 पर**

# यूपी में आंधी-तूफान से 6 की मौत

**लखनऊ।** यूपी के गोंडा, लखीमपुर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। वहीं देश के उत्तर-पश्चिम में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर में दिल्ली-हिमाचल, यूपी, दक्षिण-पश्चिम में ओडिशा और तेलंगाना भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और सेंट्रल इंडिया में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के एमपी से लगा हिस्सा और छत्तीसगढ़ में गर्मी का सबसे खतरनाक दौर चल रहा है।भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को यूपी के बांदा और विदर्भ का ब्रह्मपुरी में सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां लगातार 8वें दिन 47C से ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। छतरपुर का खजुराहो 47.2C के साथ तीसरे नंबर पर और नौगांव 46.8C के साथ चौथा सबसे गर्म शहर रहा। बात मानसून की करें तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।

**ट्विशा मौत मामला** ● CBI ने भी जताई नाराजगी

# SIT की जांच पर सवाल, केस डायरी अधूरी

**भोपाल।** भोपाल में मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत मामले की जांच कर रही SIT की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक केस डायरी पूरी नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि SIT अभी तक केस से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और रिकॉर्ड पूरी तरह तैयार नहीं कर पाई है। इस कारण जांच की गति और दिशा दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक SIT की जांच प्रक्रिया से CBI भी नाराज



बताई जा रही। इस मामले को लेकर CBI और पुलिस कमिश्नर के बीच चर्चा भी हुई है। जानकारी के अनुसार 7 दिन की रिमांड में से 3 दिन की पूछताछ के बाद भी आरोपी समर्थ सिंह से कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। ट्विशा शर्मा के परिवार ने भी पुलिस की जांच कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। परिवार का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि SIT प्रमुख ACP रजनीश कश्यप कटारा हिल्स थाने में खुद बैठकर केस डायरी पूरी करने में जुटे हैं। ट्विशा शर्मा की मौत 12 मई को भोपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। परिवार ने इसे दहेज हत्या बताया, जबकि शुरुआती जांच में आत्महत्या की बात भी सामने आई थी। ट्विशा की शादी दिसंबर 2025 में भोपाल के वकील समर्थ सिंह से हुई थी। इसके बाद वह कटारा हिल्स में रहने लगी थीं। 12 मई की शाम ट्विशा पार्लर गई थीं और सीसीटीवी में सामान्य दिखी थीं। रात में उन्होंने अपनी मां से फोन पर परेशान होकर बात की थी। इसके बाद उनका शव ससुराल की छत पर मिला था। मामले में पहले पुलिस जांच के बाद CBI को जांच सौंपी गई।

# 'क्वाड में पहलगाम हमले की निंदा, समुद्री सुरक्षा पर बनी सहमति'

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक पर मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (अमेरिका और कनाडा) नागराज नायडू काकनूर ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में हाल के समय में आई बाधाओं को देखते हुए क्वाड ने 'हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा पहल' शुरू की है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद क्वाड के सदस्य देशों के पास मौजूद अलग-अलग संसाधनों और क्षमताओं का मिलकर इस्तेमाल करना है। इसके

MEA ने दी जानकारी



तहत एक ऐसी रणनीति बनाई जाएगी, जो तकनीक, प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय बाजार के विश्लेषण और आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देने पर फोकस करेगी। नायडू ने कहा कि बैठक में आर्थिक सुरक्षा और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला पर खास चर्चा हुई। क्वाड ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क' की घोषणा की

**शेष पेज 7 पर**

### पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ सहयोग क्वाड का एक अहम हिस्सा है। मंत्रियों ने सभी प्रकार के आतंकवाद, खासकर सीमा पार आतंकवाद की सख्त निंदा की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त बयान में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की गई। यह दोहराया गया कि आतंकवादी संगठनों और उनका वित्तपोषण करने वालों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### समुद्री संपर्क मजबूत करने पर जोर

नायडू ने कहा कि मंत्रियों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और मजबूत समुद्री संपर्कों की अहमियत पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि क्वाड ने आईपीएमडीए (इंडो-पैसिफिक पार्टनरशिप फॉर मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस) के तहत सहयोग को आगे बढ़ाया है, ताकि पूरे क्षेत्र की समुद्री गतिविधियों की एक साझा और स्पष्ट तस्वीर तैयार की जा सके।

### समुद्री निगरानी के लिए होगा बेहतर तालमेल

उन्होंने यह भी कहा कि मंगलवार को क्वाड ने 'इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम सर्विलांस कोऑपरेशन' शुरू किया है, जिसका मकसद समुद्री निगरानी में बेहतर तालमेल करना है। यह नई पहल आधुनिक तकनीकों की मदद से काम करेगी, जिससे रियल-टाइम जानकारी साझा की जा सकेगी और जहाजों की स्थिति की अधिक स्पष्ट और सटीक जानकारी मिल सकेगी।

# अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## यूपी समेत तीन राज्यों को फटकार

**महानगर नेटवर्क**

नई दिल्ली

चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। फर्जी नंबर प्लेट या बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।



# जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्क फिर सक्रिय करने की कोशिश

## अल-बद्र-हिजबुल गठजोड़ पर खुफिया एजेंसी अलर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया एजेंसियों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को लेकर बड़ा अलर्ट जारी किया है। एजेंसियों के मुताबिक लंबे समय से कमजोर पड़ चुका अल-बद्र अब एक बार फिर घाटी में सक्रिय होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए वह हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर संयुक्त वापसी की रणनीति पर काम कर रहा है। पाकिस्तान में अल-बद्र के शीर्ष कमांडर हमजा बुरहान की हालिया मौत संगठन के लिए बड़ा झटका थी। हालिया इंटरसेप्ट्स से संकेत मिले हैं कि अल-बद्र और हिजबुल मुजाहिदीन जम्मू-कश्मीर में फिर से अपने नेटवर्क को खड़ा करने की कोशिश में जुटे हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री के भाई समेत 5 आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कोयला घोटाले से जुड़े एक मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने यह फैसला छत्तीसगढ़ के 'विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक' के आवंटन में हुई कथित अनियमितता को लेकर सुनाया। इस दौरान कोर्ट ने इस मामले में आरोपी बनाई गई SKS इस्पात एंड पावर लिमिटेड समेत अन्य सभी चार आरोपियों को बरी कर दिया। राहत पाने वाले अन्य लोगों में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल गुप्ता, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक गुप्ता, मैनेजर अमृत सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय के भाई व नामित डायरेक्टर सुधीर कुमार सहाय शामिल हैं।

## कर्नाटक के सियासी संकट का होगा अंत

# इस्तीफा दे सकते हैं सिद्धारमैया!

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सियासी उथल-पुथल पर विराम लगता नजर आ रहा है। खबर है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुरुवार को पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे पहले आज दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की बैठक हुई थी। अब कहा जा रहा है कि सिद्धारमैया 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। वह इससे पहले बुधवार को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। इस बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा था कि आज की मैराथन बैठकों में आगामी राज्यसभा चुनाव और एमएलसी चुनाव पर ही चर्चा हुई है। आप लोग मुख्यमंत्री बदलने की जो अटकलें लगा रहे हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। वेणुगोपाल ने कहा था कि आज हमारी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ विस्तृत बैठक हुई।

# मुंबई में एमडी ड्रग्स बनाने वाली लैब का भंडाफोड़

## 50 करोड़ रुपए से अधिक का मादक पदार्थ और देसी पिस्तौल बरामद

महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई के आरेपाड़ा इलाके में मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाने वाली एक अवैध प्रयोगशाला का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से कुल 14 किलो 423 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी), लिक्विड एमडी और अन्य रासायनिक सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद मादक पदार्थ और अन्य सामग्री की कुल कीमत लगभग 50 करोड़ 74 लाख 3 हजार 900 रुपए बताई गई है। साथ ही एक देसी पिस्तौल और 19 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(क), 22(क), 29 तथा भारतीय शस्त्र अधिनियम 1959 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 26 मई 2026 को की गई।



**वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई**

मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती, पुलिस सह आयुक्त (अपराध) अनिल कुंभारे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कृष्णकांत उपाध्याय, पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले के मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक्स सेल कांदिवली यूनिट के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत जगडाले की टीम ने उक्त कार्रवाई की है।

**गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई**

मुंबई पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार शहर और उपनगरों में मादक पदार्थों की तस्करी तथा खरीद-बिक्री पर सख्त कार्रवाई के लिए एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कांदिवली यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी कि आरेपाड़ा क्षेत्र में एक मकान के भीतर बड़े पैमाने पर एमडी ड्रग्स तैयार की जा रही है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल छापा मारकर अवैध प्रयोगशाला को ध्वस्त कर दिया। वहां से ग्राहकों को बेचने के लिए तैयार किया गया मेफेड्रोन (एमडी) और इसे बनाने में उपयोग होने वाले रसायन, कच्चा माल तथा उपकरण जब्त किए गए।

### क्या-क्या हुआ बरामद

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान निम्न सामग्री जब्त की–8 किलो 305 ग्राम लिक्विड एमडी और अन्य सामग्री, जिसकी अनुमानित कीमत 29 करोड़ 8 लाख 23 हजार 900 रुपये है।6 किलो 118 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी), जिसकी कीमत करीब 21 करोड़ 65 लाख 80 हजार रुपये बताई गई है। एमडी तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले रसायन, कच्चा माल और उपकरण। एक देसी पिस्तौल। 19 जिंदा राउंड कारतूस, जिनकी कीमत लगभग 64 हजार रुपए आंकी गई है। इस तरह कुल 50 करोड़ 74 लाख 3 हजार 900 रुपये का माल जब्त किया गया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ कांदिवली एंटी नारकोटिक्स यूनिट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस ड्रग्स नेटवर्क के तार किन–किन लोगों से जुड़े हैं और यह माल मुंबई सहित अन्य क्षेत्रों में कहां सप्लाई किया जाना था।

# 'टीबी मुक्त मुंबई' अभियान का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

**मुंबई।** राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगरपालिका अस्पताल में 'टीबी मुक्त मुंबई' अभियान का शुभारंभ किया। बीएमसी द्वारा आयोजित यह अभियान 'टीबी मुक्त भारत अभियान' का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मुंबई के हर इलाके तक क्षयरोग उन्मूलन का संदेश पहुंचाना है।


'टीबी मुक्त मुंबई' अभियान पर आधारित जानकारी पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की आबादी लगभग दो करोड़ तक पहुंच चुकी है। घनी आबादी के कारण टीबी जैसे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा अधिक है। इसलिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि मुंबई को टीबी मुक्त बनाने में सफलता मिलती है, तो यह न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण बनेगा। इससे मुंबई की वैश्विक छवि और



मजबूत होगी। राज्यपाल ने बताया कि इस अभियान में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विद्यार्थी, रेड क्रॉस सोसायटी, एनसीसी, 'माय युवा भारत' के स्वयंसेवक, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्वयंसेवी संस्थाएं और विभिन्न सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि समय पर इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है और सरकार द्वारा इसकी जांच व उपचार की सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं। इस जानकारी को आम जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। इसके पहले राज्यपाल ने धारावी स्थित एकनाथराव गायकवाड हेल्थ सेंटर का दौरा कर टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित किए। इस दौरान उन्होंने 30 टीबी मरीजों के पोषण आहार की जिम्मेदारी भी स्वीकार की। इसके लिए महापौर रितू तावडे ने उन्हें 'निक्षय मित्र' प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस मौके पर भारत पेट्रोलियम, नायरा एनर्जी, अदानी फाउंडेशन और मेट्रोपोलीस हेल्थकेयर को क्षयरोग उन्मूलन अभियान में योगदान के लिए प्रशस्ति प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग देने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं का सम्मान भी किया। इस दौरान महापौर रितू तावडे, उपमहापौर संजय घाडी, विधायक कॅप्टन तमिल सेल्वन, विधायक ज्योति गायकवाड, विधायक सुनील शिंदे, मनपा अतिरिक्त आयुक्त विपीन शर्मा, राज्यपाल के सचिव प्रशांत नारनवरे, डॉक्टर, आशा सेविकाएं और महानगरपालिका के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार

**महिला दलाल गिरफ्तार**



**ठाणे।** ठाणे क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानव तस्करी प्रतिबंध कक्ष ने डोंबिवली के निलजे इलाके में चल रहे एक स्पा सेंटर पर छापा मारकर देह व्यापार के रैकेट का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई के दौरान एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया गया,जबकि स्पा मैनेजर फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके से पांच पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया है। यह कार्रवाई सोमवार शाम कल्याण-शिल रोड स्थित "आयुरारोग्यम आयुर्वेदा हेल्थ स्पा" में की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में ग्राहकों को महिलाओं की सप्लाई की जा रही है। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने फर्जी ग्राहक भेजकर जाल बिछाया। जांच में महिला दलाल ने शरीर संबंध के लिए तीन हजार रुपए नकद लिए, जबकि स्पा मैनेजर ने ऑनलाइन माध्यम से पांच हजार रुपए स्वीकार किए। इसके बाद पुलिस ने तुरंत छापा मारकर महिला आरोपी को हिरासत में लिया। पांचों पीड़ित महिलाओं को सुरक्षा के लिए उल्हासनगर स्थित शांति सदन भेजा गया है। इस मामले में मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और अनैतिक व्यापार प्रतिबंध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पिता ने की विवाहित बेटी की हत्या

**कल्याण।** कल्याण पश्चिम से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक पिता पर अपनी ही विवाहित बेटी की हत्या करने का आरोप लगा है। घटना के बाद आरोपी पिता फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें जुटी हुई हैं। मृतका पहचान हुई है। वह कुछ दिनों पहले अपने मायके आई हुई थी। जानकारी के मुताबिक लड़की की शादी नवंबर 2025 में हुई थी और वह कल्याण पश्चिम के पारेकरवाड़ी स्थित अपने परिवार के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि रविवार को पूरा परिवार साथ में फिल्म देखने गया था। इसके बाद शाम को गायत्री अपने माता-पिता के साथ काला तलाव इलाके में घूमने भी गई थी। परिवार में किसी तरह के विवाद की जानकारी सामने नहीं आई थी।

# मुंबई और आसपास के इलाकों में गर्मी और उमस से बढ़ी परेशानी

**मुंबई।** मुंबई,ठाणे और आसपास के इलाकों में गर्मी और उमस का असर लगातार बना हुआ है। मौसम विभाग ने बुधवार को शहर में गर्म और उमसभरे मौसम का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर और शाम के समय हल्की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। मंगलवार को भी मुंबई का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। आईएमडी के कोलाबा वेधशाला में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सांताक्रूज वेधशाला में 34.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। हालांकि रात के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं देखा गया। कोलाबा में न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और सांताक्रूज में 29 डिग्री सेल्सियस



दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर के करीब है।हवा में नमी का स्तर भी काफी अधिक बना हुआ है। कोलाबा में आर्द्रता 81 प्रतिशत और सांताक्रूज में 69 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे लोगों को दिनभर चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले कई दिनों से बढ़े तापमान और नमी के कारण शहर में उमसभरा मौसम बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि बुधवार को हल्की बारिश होने से लोगों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# एलआईसी पॉलिसी के नाम पर ठगी

**भिवंडी।** रिश्तों के भरोसे का फायदा उठाकर एलआईसी पॉलिसी के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला भिवंडी शहर थाना क्षेत्र में सामने आया है। आरोपी ने महिला के भरोसे का गलत इस्तेमाल करते हुए फर्जी हस्ताक्षर कर पॉलिसी रकम हड़प ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पद्मानगर निवासी सुषमा परमानंद कटला ने अपने रिश्तेदार तिरूमल्लेश कटला पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया है कि आरोपी को पीड़िता के एचडीएफसी बैंक खाते और एलआईसी पॉलिसियों तक पहुंच थी। पीड़िता ने विश्वास में लेकर 'एलआईसी जीवन सरल' और 'जीवन आनंद' नामक पॉलिसियों के दस्तावेज आरोपी को सुरक्षित रखने के लिए दिए थे।

# घोडबंदर के बाद अब अंदरूनी रास्तों पर भी ट्रैफिक का खतरा

**मेट्रो कार्य से बढ़ी चिंता**



**ठाणे।** ठाणे में घोडबंदर रोड की भारी ट्रैफिक से राहत पाने के लिए जिन वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल वाहन चालक कर रहे थे,अब वही रास्ते भी जाम की चपेट में आने वाले हैं। शहर में शुरू हुए अंतर्गत वर्तुलाकार मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते अंदरूनी सड़कों पर बैरिकेडिंग और खुदाई शुरू हो गई है। इससे मानसून के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। खासकर हल्के वाहन चालकों में चिंता का माहौल है। घोडबंदर रोड पर जेएनपीए बंदर, भिवंडी और गुजरात की ओर जाने वाले हजारों भारी वाहन गुजरते हैं। वहीं कापुरबावडी से गायमुख तक तेजी से बढ़ती आबादी के कारण हर दिन बड़ी संख्या में लोग मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे स्टेशन की ओर सफर करते हैं। इसी बीच मेट्रो-4 और सर्विस रोड के काम ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं। कई जगह सर्विस रोड खत्म हो चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बाइक, कार और ऑटो चालकों पर पड़ रहा है। ट्रैफिक जाम या हादसे के समय वाहन चालक ब्रह्मांड, कोलशेत, बालकूम, वसंत विहार, हिरानंदानी मेडोज और मुल्लाबाग जैसे अंदरूनी रास्तों का सहारा लेते हैं।

# गणेशोत्सव से पहले ठाणे में मूर्तिकारों पर कार्रवाई

## निगम की अचानक छापेमारी से मचा हड़कंप

**ठाणे।** गणेशोत्सव में अभी चार महीने बाकी हैं, लेकिन ठाणे के वर्तकनगर इलाके में एक 51 साल पुराने गणेशमूर्ति कारखाने पर नगर निगम की कार्रवाई ने मूर्तिकारों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को पुलिस बंदोबस्त के साथ पहुंचे निगम अधिकारियों ने अचानक कार्रवाई शुरू कर दी। इससे कारखाना संचालक सचिन गावकर और उनके परिवार में हड़कंप मच गया। इलाके के लोगों में भी नाराजगी देखने को मिली। सचिन गावकर ने आरोप लगाया कि निगम ने कार्रवाई से पहले कोई सूचना नहीं दी। उनका कहना है कि उनका कारखाना पूरी तरह अधिकृत है और सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं। पिछले साल भी निगम ने काम रुकवाया था। इस बार अधिकारी यह कहकर पहुंचे कि आयुक्त के मौखिक आदेश हैं। गावकर ने सवाल उठाया कि बिना लिखित आदेश के कार्रवाई कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गणेशमूर्ति बनाने का काम एकाग्रता से होता है और अचानक कार्रवाई से बड़ा नुकसान हो सकता है। कारखाने में इस समय 60 से 70 गणेशमूर्तियां तैयार हैं। एक-दो दिन में रंगाई का काम शुरू होने वाला था।

# महाराष्ट्र MLC चुनाव : ठाणे सीट पर 'सरप्राइज' की तैयारी में शिंदे

**विरार।** महाराष्ट्र विधान परिषद (MLC) की 17 सीटों के लिए चुनावी बिगुल बजते ही सूबे की सियासत का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। महायुति (सत्ता पक्ष) और महाविकास आघाड़ी (विपक्ष) के बीच शह-मात का खेल शुरू हो चुका है। लेकिन असली सियासी भूचाल ठाणे और पालघर-वसई विरार की पट्टी पर आया है, जहां उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक ऐसा 'सरप्राइज गेम' खेलने की तैयारी में हैं, जिससे कई दिग्गजों के समीकरण ध्वस्त हो सकते हैं।

मंत्रालयी गलियारों से छनकर आ रही खबरों के मुताबिक, ठाणे विधान परिषद सीट से शिवसेना (शिंदे गुट) के मौजूदा दिग्गज रवींद्र फाटक का पत्ता कटना लगभग तय है। चर्चा तेज है कि शिंदे गुट इस सीट पर पालघर इलाके में मजबूत पैठ रखने वाली बहुजन विकास आघाड़ी (BVA) के पूर्व विधायक क्षितिज ठाकुर को महायुति का साझा उम्मीदवार बनाकर बड़ा दांव खेल सकता है। अंदरूनी सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि शिवसेना ने बीवीए प्रमुख हितेंद्र ठाकुर के सामने अपनी पार्टी का शिवसेना में विलय करने का एक 'बड़ा ऑफर' भी सरका दिया है, ताकि वोटों का गणित अभेद्य हो सके।

# मुख्यमंत्री दरबार में पहुंची मालाड के रहिवासियों की पुकार

महानगर संवाददाता
मुंबई

मालाड पूर्व के कुरार विलेज स्थित ओमकार जानुभोये नगर एसआरए सोसायटी के सैकड़ों रहिवासियों की वर्षों पुरानी समस्या अब सुलझने की उम्मीद जगी है। सोसायटी में सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज "फर्स्ट फ्लोर" की गलत एंट्री का मामला मुख्यमंत्री दरबार पहुंच गया है,जिसके बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस गंभीर मुद्दे को उठाया। उन्होंने बताया कि कई पात्र परिवारों के घरों की सरकारी दस्तावेजों में गलत तरीके से "पहली मंजिल" के रूप में एंट्री कर दी गई है। इस तकनीकी और लिपिकीय त्रुटि की वजह से अनेक परिवारों की पात्रता, पुनर्वास प्रक्रिया और आवासीय अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। मिश्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार लंबे समय से अपने हक के घर के लिए संघर्ष कर रहे हैं और गलत रिकॉर्ड के कारण उन्हें मानसिक व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत एसआरए के वरिष्ठ अधिकारियों को संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही संबंधित स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच करने को भी कहा गया है। प्रस्तावित बैठक में एसआरए अधिकारी, आर्किटेक्ट, डेवलपर, सोसायटी कमेटी और प्रभावित रहिवासी शामिल होंगे,ताकि सभी पक्षों की मौजूदगी में मामले का निष्पक्ष समाधान निकाला जा सके। पूर्व नगरसेवक विनोद मिश्रा ने मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ तकनीकी गलती का मामला नहीं बल्कि सैकड़ों परिवारों के भविष्य और उनके आशियाने से जुड़ा सवाल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर जल्द फैसला करेगी और पात्र रहिवासियों को न्याय मिलेगा। स्थानीय रहिवासियों में भी मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद राहत और उम्मीद का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते सही निर्णय लिया, तो वर्षों से लंबित उनका घर का सपना आखिरकार पूरा हो सकेगा।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 08.05.2026, निविदा सिस्टम नं. 190537 (प्रथम आमंत्रण) एवं 02/व.ले.लि./2026-27, दिनांक 08.05.2026, निविदा सिस्टम नं. 190540 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर-262700624/5 में कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 4211220/ नि./सर्कु. /2023-24/4212, दिनांक 21.05.2026 के अनुसार निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

| क्र. | दस्तावेज | पूर्व प्रकाशित कंडिका | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender, Form-B (Envelope - 'C') | 2.1.1, 2.6. | विलोपित |
| 2 | Pre-qualification Document Part-I (Envelope -'B') | 4.0 | विलोपित |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

हस्ता/-
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

G-262701015/3

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, टी०डी०पी०पी०,**
**जल संसाधन संभाग, जगदलपुर (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्रमांक - 01**

नि०आ०सू० क्रमांक 01/वलेलि/26-27 दिनांक 13.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. **190526** (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर **262700705**, नि०आ०सू० क्रमांक 03/वलेलि/26-27 दिनांक 14.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. **190691** (प्रथम आमंत्रण) एवं नि०आ०सू० क्रमांक 04/वलेलि/26-27 दिनांक 14.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. **190692** (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर **262700747**, नि०आ०सू० क्रमांक 05/वलेलि/26-27 दिनांक 18.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. **191017** (प्रथम आमंत्रण) एवं नि०आ०सू० क्रमांक 06/वलेलि / 26-27 दिनांक 18.05.2026 सिस्टम निविदा क्र. **191025** (प्रथम आमंत्रण) जी नंबर **262700858** में कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 4211220/ नि./सर्कु./2023-24/4212 दिनांक 21.05.2026 के अनुसार कंडिका 2.1.1, 2.6 एवं 4.0 में संशोधन किया जाता है । विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** में देख सकते हैं ।

टीप :- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगीं।

हस्ता/-
कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग,
जगदलपुर

G-262700998/3


# म्हाडा के उपाध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा डिजिटल प्रणालियों का अनावरण

**मुंबई।** महाराष्ट्र शासन के GPR 2.0 (Governance Performance and Reforms 2.0) प्रशासनिक सुधार उपक्रम के अंतर्गत राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा शासकीय विभागों को सशक्त बनाते हुए नागरिकों को पारदर्शी, तेज एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुरूप म्हाडा द्वारा मंगलवार को दो महत्वपूर्ण डिजिटल सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। म्हाडा के उपाध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयस्वाल, भा.प्र.से., के हस्ते 'CFC @ Home' एवं 'Visitor Management System' इन नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रणालियों का उद्घाटन किया गया। वांद्रे (पूर्व) स्थित म्हाडा





मुख्यालय में आयोजित 'गो लाइव' कार्यक्रम में नागरिकों हेतु अद्ययावत 'CFC @ Home' प्रणाली तथा अधिकारियों से मुलाकात के लिए ऑनलाइन समय निर्धारित करने वाली 'Visitor Management System' सुविधा कार्यान्वित की गई। शासन की GPR 2.0 नीति के अनुरूप पारंपरिक कार्यालयीन प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं तेज बनाकर उन्हें पूर्णतः डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराने की दिशा में म्हाडा का यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महाराष्ट्र सरकार ने पब्लिक ऐप के साथ करार किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य भर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक सहज पहुंचाने और उनकी पंजीकरण में वृद्धि करने के लिए पब्लिक ऐप के साथ साझेदारी की। इसके लिए पब्लिक ऐप पर अपना सरकार नामक एक विशेष विभाग शुरू किया गया है। महाराष्ट्रभर में पब्लिक ऐप के मजबूत स्थानीय नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए अब सरकारी योजनाएं नागरिकों के लिए अधिक सहज, समझने में आसान और लागू करने योग्य होंगी। इसमें डिजिटल जानकारी के साथ-साथ CSC केंद्रों के माध्यम से वास्तविक मदद भी मिलेगी। इसके अलावा, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर पर कहा, "पब्लिक ऐप' जैसी हाइपर लोकल डिजिटल



माध्यमों का उपयोग करके सरकार के सकारात्मक कार्यों की प्रभावी जानकारी नागरिकों तक पहुँचाने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक विभाग को नियोजनबद्ध तरीके से इन माध्यमों का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र नीति तैयार करनी चाहिए।" पब्लिक ऐप पर ''आपकी सरकार'' सुविधा का नागरिकों को कैसे फायदा होगा?

**डिजिटल जानकारी और प्रत्यक्ष मदद**

यह पहल विशेष रूप से मदद करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जिससे नागरिक उन योजनाओं को समझ सकें जो उनके लिए फायदेमंद हैं और तेज़ पंजीकरण के लिए उचित केंद्र से संपर्क कर सकें। यह सहयोग पब्लिक ऐप की स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में छोटे वीडियो प्लेटफ़ॉर्म होने की मूल ताकत पर आधारित है, जिससे उपयोगकर्ता को उसके क्षेत्र की भरोसेमंद जानकारी मिलती है। पूरे देश में 700 से अधिक जिलों में 12 भाषाओं में 285 मिलियन डाउनलोड्स और केवल महाराष्ट्र में 19 मिलियन व्यक्तियों तक पहुंच वाला पब्लिक ऐप सरकारी योजनाओं को नागरिकों तक पहुँचाने के लिए एक उत्कृष्ट माध्यम साबित हो रहा है।

# म्हाडा मुंबई मंडल की लॉटरी के लिए आवेदन करने हेतु केवल 3 दिन शेष

**मुंबई।** महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के मुंबई गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास मंडल द्वारा घोषित 2,640 आवासों की संगणकीय लॉटरी को नागरिकों से भारी प्रतिसाद मिल रहा है। अब तक कुल 84,782 आवेदन प्राप्त हुए हैं,जिनमें से 59,069 आवेदकों ने अनामत राशि जमा कर लॉटरी में अपना सहभाग सुनिश्चित किया है। इच्छुक नागरिकों के पास आवेदन करने के लिए अब केवल अंतिम 3 दिनों का अवसर शेष है तथा दिनांक 28 मई को रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। मुंबई जैसे महानगर में स्वामित्व वाला, आधुनिक सुविधाओं से युक्त और गुणवत्तापूर्ण घर प्राप्त करने का यह एक सुनहरा अवसर है। इसलिए अधिकाधिक नागरिकों से इस लॉटरी में सहभागी होने का आवाहन मुंबई मंडल द्वारा किया गया है। विशेष रूप से विक्रोली (पूर्व) स्थित कन्नमवार नगर परियोजना के आवासों को नागरिकों से अत्यधिक प्रतिसाद मिल रहा है। उत्कृष्ट निर्माण गुणवत्ता, आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप सुविधाएं तथा मध्यवर्ती स्थान के कारण यह परियोजना निवास हेतु अत्यंत उपयुक्त विकल्प बन रही है। मुंबई मंडल द्वारा विक्रोली आवास परियोजना परिसर में लगभग 170 अवैध दुकानों के निष्कासन की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, जिससे संपूर्ण परिसर अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और आकर्षक बनने में सहायता मिली है।

# मुंबई सेंट्रल–काठगोदाम साप्ताहिक ट्रेन को सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में किया गया नियमित

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा मुंबई सेंट्रल और काठगोदाम के बीच नियमित रेल संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 09075/09076 मुंबई सेंट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित किया गया है। यह नियमित सेवा संशोधित ट्रेन संख्या 21907/21908 मुंबई सेंट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में परिचालित की जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 21907 मुंबई सेंट्रल –



काठगोदाम साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस की नियमित सेवा 27 मई से मुंबई सेंट्रल से प्रारंभ होगी, जबकि ट्रेन संख्या 21908 काठगोदाम – मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस की नियमित सेवा 28 मई से काठगोदाम से प्रारंभ होगी। ट्रेन संख्या 21907 मुंबई सेंट्रल – काठगोदाम साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से 10 :55 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 13 :50 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 21908 काठगोदाम – मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से 17 :30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 21 :00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूं, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर, बहेड़ी, किच्छा, लालकुआं तथा हल्द्वानी स्टेशनों पर ठहरेगी।

# मध्य रेल की ट्रेनों में स्वच्छता और दुर्गंध रहित अपशिष्ट प्रबंधन

## वाडी बंदर में अत्याधुनिक बायो-टॉयलेट एएमआई परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित

**मुंबई।** मध्य रेल ने मुंबई मंडल के वाडीबंदर कोचिंग डिपो में एक अतिरिक्त बायो-टॉयलेट एनारोबिक माइक्रोबियल इनोक्यूलम (एएमआई) परीक्षण प्रयोगशाला शुरू करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह पर्यावरण स्थिरता, यात्रियों की बेहतर स्वच्छता और सफाई के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का एक हिस्सा है। मध्य रेल ने अपनी सभी 128 नियमित मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के 5,509 कोचों में लगभग 22,306 बायो-टॉयलेट स्थापित करके 100% बायो-टॉयलेट फिटमेंट का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बायो- टॉयलेट- परिचय पारंपरिक ट्रेन शौचालयों में अनुपचारित मानव मल को सीधे रेलवे ट्रैक पर बहा दिया जाता था, जिससे बुनियादी ढांचे का क्षरण, पर्यावरणीय चुनौतियां और स्वच्छता संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती थीं। इसे समाप्त करने के लिए, भारतीय रेलवे ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सहयोग से अभिनव बायो-टॉयलेट प्रणाली विकसित और शुरू की। बायो-टॉयलेट एक पर्यावरण-अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन समाधान है जिसे यात्री डिब्बों के नीचे लगाया जाता है। यह प्रणाली विशेष अवायवीय सूक्ष्मजीवी जीवाणु इनोक्यूलम का उपयोग करके हरित तकनीक पर काम करती है।

# सरकारी कर्मचारियों के तबादलों की बढ़ी अवधि

## मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य सरकारी कर्मचारियों और कोकण क्षेत्र से जुड़ा बड़ा फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना 2027 को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकारी कर्मचारियों के वर्ष 2026 के सामान्य तबादलों की समय सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। अब राज्य सरकार 30 जून तक तबादला प्रक्रिया पूरी कर सकेगी। इसके लिए संबंधित कानून में संशोधन के मसौदे को भी मंजूरी दी गई है। सरकारी कर्मचारियों के सामान्य तबादले हर वर्ष अप्रैल और मई महीने में किए जाते हैं, लेकिन देश में जनगणना 2027 के पहले चरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके तहत 16 मई से 14 जून तक घरों की सूची तैयार करने और घर गणना का कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार ने निर्देश दिए हैं कि जनगणना कार्य में नियुक्त कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएं। इसी कारण जनगणना कार्य में लगे सरकारी कर्मचारियों के सामान्य तबादलों की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके अनुसार संबंधित अधिनियम में संशोधन कर समय सीमा बढ़ाने संबंधी अध्यादेश को राज्यपाल की मंजूरी से जारी करने की स्वीकृति भी मंत्रिमंडल बैठक में दी गई।

### सावंतवाड़ी रेलवे स्टेशन को मिलेगा मधु दंडवते का नाम

मंत्रिमंडल बैठक में कोकण रेलवे के शिल्पकार,पूर्व रेल मंत्री और देश के पूर्व वित्त मंत्री स्वर्गीय मधु दंडवते के नाम पर सावंतवाड़ी रेलवे स्टेशन का नामकरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद स्टेशन का आधिकारिक नाम लोकमान्य मधु दंडवते रेलवे टर्मिनस रखा जाएगा। सरकार ने कहा कि मधु दंडवते ने कोकण रेलवे परियोजना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोकण क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि सावंतवाड़ी रेलवे स्टेशन को उनका नाम दिया जाए।

### पिंपलेश्वर देवस्थान मंदिर ट्रस्ट को जमीन

मंत्रिमंडल बैठक में डोंबिवली औद्योगिक क्षेत्र के सागांव-सोनारपाडा स्थित पिंपलेश्वर देवस्थान मंदिर ट्रस्ट को अतिक्रमण नियमित कर 4 एकड़ 25 गुंठा जमीन देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह जमीन लंबे समय से ट्रस्ट के उपयोग में थी और ट्रस्ट ने सामाजिक कार्यों के लिए इसे नाममात्र दर पर देने की मांग की थी। इस संबंध में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था। गृह विभाग, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका समिति और राज्यस्तरीय समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब एमआईडीसी आगे की प्रक्रिया पूरी करेगा और अतिक्रमण को नियमित कर यह जमीन ट्रस्ट को नाममात्र दर पर उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रिमंडल बैठक में न्यू नागपुर और आउटर रिंग रोड परियोजना के लिए निजी जमीनों की खरीद पर लगने वाले स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रेशन शुल्क को माफ करने की मंजूरी दी गई।

# एसटी में डीजल बचत के लिए राज्यव्यापी अभियान

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चालकों को मिलेगा प्रोत्साहन

**मुंबई।** परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एसटी) के बढ़ते ईंधन खर्च पर नियंत्रण पाने के लिए राज्यभर में ईंधन बचत यानी ईंधन निर्माण की अवधारणा को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। मंत्रालय में एसटी महामंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल एसटी को प्रतिदिन औसतन 10.87 लाख लीटर डीजल की आवश्यकता पड़ रही है, इसलिए ईंधन खर्च में कमी लाना समय की जरूरत बन गई है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि यदि एसटी के प्रत्येक डिपो में प्रतिदिन कम से कम 5 लीटर डीजल बचाने का लक्ष्य तय किया जाए, तो पूरे राज्य में रोजाना लगभग 1 हजार लीटर डीजल की बचत हो सकती है। मौजूदा दरों के अनुसार इससे प्रतिदिन करीब 1 लाख रुपए की बचत संभव है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत से बड़ी आर्थिक अनुशासन व्यवस्था तैयार होती है और यही बचत भविष्य में एसटी की बड़ी ताकत बन सकती है। उन्होंने बताया कि सभी विभाग नियंत्रकों और डिपो प्रबंधकों को डिपोवार डीजल बचत के लक्ष्य तय करने के निर्देश दिए जाएंगे। प्रत्येक डिपो में बसों के ईंधन उपयोग का नियमित विश्लेषण किया जाएगा और बचत के लिए आवश्यक उपाय लागू किए जाएंगे।

मंत्री सरनाईक ने कहा कि डीजल बचत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चालकों का विशेष सम्मान किया जाएगा और उन्हें प्रोत्साहन भत्ता देने की योजना भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा जो डिपो निर्धारित लक्ष्य से अधिक डीजल बचत करेंगे, उन्हें हर महीने विशेष पुरस्कार और आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे डिपो के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और ईंधन बचत अभियान अधिक प्रभावी बनेगा। उन्होंने कहा कि जिन चालकों की बसों का किलोमीटर प्रति लीटर (केपीएल) अनुपात गलत ड्राइविंग पद्धति के कारण कम रहता है, उनका समुपदेशन कर पुनः प्रशिक्षण दिया जाएगा। ईंधन बचत के लिए गति नियंत्रण, सही गियर का उपयोग, अनावश्यक रूप से इंजन चालू न रखना और बेहतर ब्रेकिंग तकनीक जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# राज्य में 89 हजार करोड़ के निवेश को बढ़ावा

## पांच मेगा प्रोजेक्ट्स को विशेष प्रोत्साहन, मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक में फैसला



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक में महाराष्ट्र में लगभग 89 हजार 731 करोड़ रुपए के पांच विशाल और अति विशाल औद्योगिक प्रोजेक्ट्स को विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य में करीब 20 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा विदर्भ, मराठवाड़ा, नासिक सहित कई क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

राज्य की औद्योगिक नीति के तहत सामूहिक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उद्योगों को विभिन्न रियायतें और प्रोत्साहन दिए जाते हैं। इसी उद्देश्य से बड़े निवेश आकर्षित करने, रोजगार बढ़ाने और आधुनिक औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने के लिए विशाल और अति विशाल परियोजनाओं को विशेष सुविधाएं देने संबंधी निर्णय लेने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल उपसमिति गठित की गई है।

मंत्रालय में आयोजित इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, उद्योग मंत्री उदय सामंत, मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल तथा उद्योग विभाग और एमआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कोल गैसीफिकेशन एवं डाउनस्ट्रीम डेरिवेटिव्स, सोलर सेल मॉड्यूल, वेफर्स पैनल, इलेक्ट्रिक स्टील, पेट टायर कॉर्ड और सिंथेटिक ग्रेफाइट एनोड मटेरियल जैसे हाई-टेक और भविष्य आधारित उद्योग क्षेत्रों से जुड़े पांच बड़े प्रोजेक्ट्स को विशेष प्रोत्साहन देने को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य में उन्नत तकनीक आधारित विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार होगा।

सरकार के अनुसार इन परियोजनाओं से केवल निवेश और रोजगार ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योग, व्यापारिक गतिविधियां और सप्लाई चेन भी विकसित होगी। साथ ही तकनीकी नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा लघु और मध्यम उद्योगों के लिए नए अवसर तैयार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स के जरिए स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर मिलेंगे, जिससे उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

# 'चक दे इंडिया' फेम एक्टर रमाकांत दायमा का निधन



**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से दुखद खबर सामने आई है। जाने माने एक्टर रमाकांत दायमा का निधन हो गया है। वे राकांपा सेवादल (अजीत गुट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत दायमा के छोटे भाई थे। जानकारी के मुताबिक,वो 67 साल के थे। कई महीनों से बीमार चल रहे थे। उनकी दोस्त और एक्ट्रेस शुभांगी लटकार ने मौत की खबर को कंफर्म किया है। शुभांगी ने इमोशनल नोट भी लिखा। फिल्म और टीवी सेलेब्स ने रमाकांत की मौत पर दुख जताया है। हर कोई नम आंखों से एक्टर को श्रद्धांजलि दे रहा है। शुभांगी ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें रमाकांत जिंदादिली के साथ डांस करते हुए दिख रहे हैं। घर में महफिल सजी है. रमाकांत सबको डांस कर और गाना गाकर एंटरटेन कर रहे हैं। उनका ये वीडियो देखकर फैंस की आंखें नम हो रही हैं।

# नशामुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचना चाहिए: लोढ़ा



**मुंबई।** गोरेगांव स्थित नेस्को में ड्रग्स सेवन से संबंधित घटित मामले की पृष्ठभूमि में कैबिनेट मंत्री तथा मुंबई उपनगर जिले के सहपालकमंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में पूरे वर्षभर नशा मुक्ति अभियान चलाए जाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की स्वीकृति से गृह विभाग द्वारा शासन निर्णय जारी कर इस संदर्भ में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा हैं। बैठक में नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। 26 जून को मनाए जाने वाले विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की योजना बनाई गई। इसके अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, गृहनिर्माण संस्थाओं,व्यायामशालाओं, स्पोर्ट्स क्लबों तथा मनपा के प्रभाग कार्यालयों जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर 26 जून को ऑनलाइन माध्यम से एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित करने की योजना शामिल है। इस अवसर पर मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि, "मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में राज्य में नशा मुक्ति अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। 26 जून केवल एक दिन नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देने की जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर है। विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति की पृष्ठभूमि में, शासन और समाज को मिलकर नशा मुक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है।"

# अग्निशमन दल ने तीन महीनों में खरीदा 92 लाख का डीजल

**मुंबई।** अग्निशमन दल के 281 वाहनों के संचालन के लिए जनवरी से मार्च के बीच 92 लाख 22 हजार 654 रुपए का डीजल खरीदा गया है। इस खर्च से संबंधित प्रस्ताव बुधवार को होने वाली स्थायी समिति की बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अग्निशमन दल के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 281 वाहन हैं,जो आग लगने, इमारत गिरने,पेड़ गिरने जैसी विभिन्न आपातकालीन घटनाओं में राहत और बचाव कार्य के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।


**पश्चिम रेलवे**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**पश्चिम रेलवे पर कोचिंग ट्रेनों में बेहतर ऑन बोर्ड सेवाओं के लिए पेशेवर हाउसकीपिंग एजेंसियों की नियुक्ति.**

पीसीएमई/डब्ल्यूआर "बेहतर ऑन-बोर्ड सेवाओं के लिए सुधार" और तकनीकी मूल्यांकन मानदंड पर नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार उन्नत और उच्च गुणवत्ता वाली ऑन-बोर्ड सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्षम और अनुभवी एजेंसियों को सूचीबद्ध करने हेतु ईओआई आमंत्रित करते हैं.

- ईओआई निर्धारित प्रारूप का उपयोग करके मुहरबंद लिफाफे में, तकनीकी प्रस्ताव और प्रासंगिक दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के साथ प्रस्तुत किया जा सकता है. ईओआई प्रस्ताव सोमवार से शुक्रवार तक कार्यालय समय के दौरान डि. सीएमई/सीएचजी./डब्ल्यूआर, यांत्रिक विंग, पहली मंजिल जीएलओ भवन, चर्चगेट, मुंबई - 400020 में उपलब्ध बॉक्स में प्रस्तुत किए जाने चाहिए.
- ईओआई प्रस्ताव और दस्तावेज वेबसाइट www.wr.indianrailways.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं.
- ईओआई दस्तावेज जमा करने की तिथि और समय: ईओआई जारी होने के 14 दिनों के भीतर. 0172

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly



**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**Tender notice No CWE/MTN/85265871/2026 due on 22-JUN-26**

**Sr No: 1, निविदा No:** 85265871, **निविदा विवरण:** (वंदे भारत के लिए) ट्रैक्शन रॉड बुश जीएमटी ड्राइंग संख्या 65081502 आरईवी-05 या नवीनतम।, **मात्रा:** 704 Nos., **नियत तारीख:** 22-JUN-26, **राशि:** 5898112 **196**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



**उत्तर मध्य रेलवे**

**क्रमांकः-झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल/124** **दिनांकः 22.05.2026**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी.-एन-2026-124, **कार्य का नाम:** झाँसी - सिथौली-रॉक फॉल प्रोटेक्शन स्लोप स्ताबिलजेसन एंड अदर एंसीलरी वर्क टू प्रोटेक्ट दी रॉक फल्लिंग। | |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 20,24,04,132.09 | **अमानत राशि (₹)** ₹ 40,48,100.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि :** 15.06.2026 at 15:00 hrs. | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन की अवधि:** 12 माह | |

निविदा दिनांक **15.06.2026** को **15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **1178/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# 21 साल बाद मोगरा पंपिंग स्टेशन परियोजना को मिली रफ्तार

**मुंबई।** 26 जुलाई 2005 की विनाशकारी बाढ़ ने मुंबई की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी थी। उस दिन हुई रिकॉर्ड बारिश ने पूरे शहर को रोक दिया था और अंधेरी पश्चिम, लोखंडवाला, ओशिवरा,वीरा देसाई रोड तथा अंधेरी सबवे जैसे इलाके कई दिनों तक पानी में डूबे रहे थे। इस आपदा के बाद सुझाए गए महत्वपूर्ण बाढ़ नियंत्रण प्रोजेक्ट्स में शामिल मोगरा पंपिंग स्टेशन परियोजना अब 21 साल बाद आखिरकार आगे बढ़ती नजर आ रही है। मोगरा पंपिंग स्टेशन के लिए महाराष्ट्र कोस्टल ज़ोन मैनेजमेंट अथॉरिटी ने इस परियोजना को सीआरजेड की मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सिफारिश भेजी थी,जिसे अब

### अंधेरी वासियों को जलभराव से राहत की उम्मीद

मंजूरी मिल गई है। मोगरा पम्पिंग स्टेशन अंधेरी पश्चिम के मोगरा नाले के किनारे ओशिवरा इलाके में विकसित की जाएगी।

### 26/7 के बाद बनी थी योजना

26 जुलाई 2005 को मुंबई में 944 मिमी बारिश दर्ज हुई थी, जिसने शहर की पूरी व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर दिया था। हजारों वाहन सड़कों पर फंस गए थे,लोकल ट्रेनें बंद हो गई थीं और कई लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने जल निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए चितले समिति और ब्रिमस्टोवैड रिपोर्ट तैयार करवाई थी। रिपोर्टों में मुंबई में कुल आठ बड़े पंपिंग स्टेशन बनाने की सिफारिश की गई थी, ताकि हाई टाइड के दौरान भी बारिश का पानी तेजी से समुद्र में छोड़ा जा सके। इसके तहत लवग्रोव, हाजी अली, क्लीवलैंड बंदर, ब्रिटानिया आउटफॉल समेत छह पंपिंग स्टेशन बनाए गए, लेकिन मोगरा और माहुल परियोजनाएं वर्षों तक फाइलों में अटकी रहीं।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

| | |
|---|---|
| **खुली निविदा संख्या:** JHS-RCNK-M-WHL-26-27-07 | |
| **विवरण:** प्री बीड कॉन्फ्रेंस | |
| **एग्जिस्टिंग दिनांक और समय:** 28.05.2026 (गुरुवार) को 15:30 बजे | |
| **संशोधित तिथि और समय:** 29.05.2026 (शुक्रवार) को 15:30 बजे | |

कारखाना प्रबंधक
रेल कोच नवीनीकरण कारखाना
उत्तर मध्य रेलवे,
झाँसी

**1158/26 (ADM)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in


# सेवन हिल्स अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने का विरोध तेज



**मुंबई।** अंधेरी पूर्व स्थित सेवन हिल्स अस्पताल को फिर से निजी कंपनी को सौंपने के प्रस्ताव का विरोध तेज हो गया है। बीएमसी की सुधार समिति में प्रस्ताव पेश होने से एक दिन पहले कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने इस योजना पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अस्पताल को पूरी तरह बीएमसी के नियंत्रण में लेने की मांग की है। मनपा द्वारा लिए गए निर्णय पर आज सुधार समिति में प्रस्ताव लाया गया है,जिस पर हंगामा होने के आसार है। कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने मनपा आयुक्त अश्विनी भिडे को पत्र लिखकर कहा कि 1500 बेड वाले इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को संशोधित पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत निजी हाथों में देना एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्ति को सौंपने जैसा है। उन्होंने कहा कि अंधेरी पूर्व की बहुमूल्य मनपा जमीन पर बना यह अस्पताल पहले भी निजी भागीदारी मॉडल में विफल साबित हो चुका है। पटेल ने कहा कि वर्ष 2006 में जब पहली बार अस्पताल को निजी कंपनी को सौंपने का प्रस्ताव आया था, तब वह नगरसेवक के रूप में सुधार समिति के सदस्य थे और उन्होंने उस समय भी इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि पहले के पीपीपी मॉडल के कारण आर्थिक संकट, दिवालियापन प्रक्रिया, लंबी कानूनी लड़ाई और अंततः अस्पताल संचालन पूरी तरह ठप हो गया था।

# लोअर परेल के सन मिल कंपाउंड में लगी भीषण आग

**मुंबई।** लोअर परेल स्थित सन मिल कंपाउंड में मंगलवार सुबह एक व्यावसायिक गाले में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। अग्निशमन दल ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और न ही किसी के घायल होने की खबर है। अग्निशमन दल से मिली जानकारी के अनुसार, सीताराम जाधव मार्ग स्थित सन मिल कंपाउंड में ग्राउंड प्लस एक मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर रखे कपड़ों के स्टॉक में आग लग गई थी। जिसकी जानकारी अग्निशामक दल को सुबह 7:42 बजे मिली। कपड़ों का बड़ा स्टॉक होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिसके चलते सुबह 7:55 बजे आग को लेवल-1 घोषित किया गया। अग्निशमन दल की चार दमकल गाड़ियां, तीन जंबो टैंकर, एक क्विक रिस्पॉन्स वाहन और एंबुलेंस मौके पर बुलाया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर** द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए (ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1. ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: DEN-MWS-2026-03;** जी.के.पी-कंस्ट्रक्शन ऑफ **(i)** स्टोरेज बिन्स फॉर चिप्स ऑफ टर्निंग एंड बोरिंग **(ii)** एल.एच.बी. ब्रेक डिस्क क्लीनिंग शेड इन व्हील शॉप ऑफ मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹71,83,423.50; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,43,700/-; **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 27.06.2026 को 11:00 बजे। इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**मुख्य कारखाना प्रबन्धक**
**मुजाधि/यांत्रिक-27** **गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# सभी की भावनाओं का सम्मान रखते हुए मनाएं त्योहार : महापौर



**मुंबई।** बकरी ईद से पहले मुंबई की महापौर रितू तावड़े ने शहरवासियों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाने की अपील की है,उन्होंने कहा कि मुंबई विविध संस्कृतियों और धर्मों का शहर है,इसलिए हर समाज के त्योहार का सम्मान होना चाहिए और उत्सव ऐसा हो जिसमें सभी लोगों की भावनाओं का ध्यान रखा जाए।

महापौर ने कहा कि बकरी ईद के अवसर पर कुर्बानी की परंपरा निभाई जाती है,लेकिन कई हिंदू बहुल इलाकों में इसे लेकर नागरिकों की ओर से आपत्तियां सामने आती रही हैं। उन्होंने बताया कि पंतनगर की एक सोसायटी इस मामले को लेकर अदालत पहुंची थी और कोर्ट ने उस सोसायटी के संदर्भ में आदेश दिया था। हालांकि उनका मानना है कि इस तरह की व्यवस्था पूरे मुंबई शहर में लागू होनी चाहिए,ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। रितू तावडे ने कहा कि जिन इलाकों में स्थानीय लोगों का अधिक विरोध हो, वहां खुले स्थानों या सोसायटी परिसरों में कुर्बानी करने के बजाय अधिकृत स्लॉटर हाउस या लाइसेंसी दुकानों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुंबई महानगरपालिका के पास हर जगह सफाई और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीमित संसाधन हैं, इसलिए नागरिकों को भी जिम्मेदारी के साथ सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि मुंबई में वर्तमान में 128 अधिकृत दुकानें और व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यदि किसी इलाके के पास एक किलोमीटर के दायरे में अधिकृत सुविधा मौजूद हो, तो लोगों को वहीं जाकर कुर्बानी की प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए।


**मध्य रेल**

**सिगंलिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी), पहली मंजिल, पार्सल कार्यालय भवन, P.F.No. 14 और 15 के ऊपर, मध्य रेल, मुंबई सीएसटी 400 001, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।, **अ.क्र: 1, कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन में कल्याण - कर्जत - लोनावाला और कर्जत - खोपोली खंड में बाड़, लगाने के काम के संबंध में सिग्नलिंग कार्य।, **निविदा सूचना नं.: सीआर/बीबी/सं. एवं दु. सं/उत्तर/2026/50, लगभग मूल्य:** रु. 2.92 करोड़, **खुलने की तारीख:** 22.06.2026, **ईएमडी:** रु. 585000/-, **वैधता:** 60 दिन, **समापन अवधी:** 12 महीने, यह निविदा 15.06.2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीदनीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है, निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एसएंडटी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है। **188**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



**भारतीय थल सेना**

**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**

**www.joinindianarmy.nic.in**

**अधिकारी प्रविष्टि**

तकनीकी स्नातक कोर्स (टी जी सी-144) (जनवरी 2027 में निर्धारित) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन **11 जून 2026** तक खुले रहेंगें।

**OFFICER ENTRY**

Online applications are invited for Technical Graduate Course (TGC-144) (scheduled in Jan 2027). Applications will remain open till **11 June 2026**.

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

**Note:-**
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

cbc 10601/11/0006/2627

# जनगणना के नाम पर साइबर हमला

डिजिटल भारत के इस दौर में जहां हर सरकारी सेवा तेजी से ऑनलाइन हो रही है वहीं साइबर अपराधियों ने भी लोगों को ठगने के नए तरीके खोज लिए हैं। अब जनगणना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रक्रिया को भी साइबर ठग अपने हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। गुजरात सहित देश के कई राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं,जिनमें लोगों को जनगणना अधिकारी बनकर फोन किए गए और मोबाइल लिंक भेजकर बैंक खाते खाली कर दिए गए। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पुलिस को विशेष एडवाइजरी जारी करनी पड़ी। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं बल्कि लोगों की निजी जानकारी और डिजिटल सुरक्षा पर सीधा हमला है। भारत तेजी से डिजिटल व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। सरकारी योजनाएं बैंकिंग सेवाएं स्वास्थ्य सुविधाएं और पहचान से जुड़ी लगभग हर प्रक्रिया अब मोबाइल और इंटरनेट पर आधारित हो चुकी है। ऐसे में आम नागरिकों के मोबाइल फोन में उनकी निजी जिंदगी का बड़ा हिस्सा सुरक्षित रहता है। बैंक खाते यूपीआई एप पासवर्ड फोटो दस्तावेज और पहचान संबंधी जानकारी सब कुछ मोबाइल में मौजूद रहता है। साइबर अपराधी इसी कमजोरी का फायदा उठाकर लोगों को जाल में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। हाल के दिनों में साइबर ठग जनगणना अधिकारी बनकर लोगों को कॉल कर रहे हैं। वे खुद को सरकारी कर्मचारी बताकर नागरिकों से कहते हैं कि जनगणना प्रक्रिया पूरी करने के लिए कुछ जानकारी अपडेट करनी होगी। इसके बाद लोगों के मोबाइल पर एक लिंक भेजी जाती है। कई बार यह लिंक व्हाट्सएप मैसेज एसएमएस या ईमेल के जरिए आती है। लिंक पर क्लिक करते ही व्यक्ति को एक एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। सामान्य व्यक्ति को यह समझ नहीं आता कि यह फाइल कितनी खतरनाक हो सकती है। एपीके यानी एंड्रॉइड पैकेज किट एक ऐसा फॉर्मेट होता है जिसके जरिए मोबाइल में एप इंस्टॉल किया जाता है। साइबर अपराधी नकली एपीके फाइल बनाकर उसमें वायरस या स्पाइवेयर छिपा देते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति उसे डाउनलोड करता है वैसे ही मोबाइल की सुरक्षा कमजोर पड़ जाती है। कई मामलों में मोबाइल की स्क्रीन तक साइबर अपराधियों के नियंत्रण में चली जाती है। इसके बाद वे बैंकिंग एप और यूपीआई तक पहुंच बना लेते हैं और कुछ ही मिनटों में खाते से पैसे निकाल लेते हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई लोग सरकारी प्रक्रिया समझकर आसानी से भरोसा कर लेते हैं। ठग सरकारी भाषा और अधिकारिक अंदाज में बात करते हैं जिससे व्यक्ति को शक नहीं होता। कई बार वे आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक खाता और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी मांगते हैं। कुछ लोग डर या जल्दबाजी में यह जानकारी साझा कर देते हैं और बाद में उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गुजरात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि केंद्र या राज्य सरकार कभी भी फोन पर ओटीपी पासवर्ड बैंक डिटेल या गोपनीय जानकारी नहीं मांगती। जनगणना प्रक्रिया के लिए किसी भी व्यक्ति को मोबाइल एप डाउनलोड करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। यदि कोई व्यक्ति ऐसा कर रहा है तो वह निश्चित रूप से संदिग्ध है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करने की अपील की है। साइबर अपराध केवल बैंक खाते तक सीमित नहीं है। मोबाइल हैक होने के बाद अपराधी सोशल मीडिया अकाउंट ईमेल और निजी फोटो तक पहुंच बना सकते हैं। कई बार लोगों की निजी तस्वीरों का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग भी की जाती है। कुछ मामलों में अपराधी पीड़ित के नाम से दोस्तों और रिश्तेदारों से पैसे मांगने लगते हैं। इस तरह एक छोटी सी गलती व्यक्ति की आर्थिक और सामाजिक दोनों सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। डिजिटल ठगी की घटनाएं लगातार इसलिए बढ़ रही हैं क्योंकि इंटरनेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है लेकिन डिजिटल जागरूकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ पाई है। गांवों और छोटे शहरों में कई लोग पहली बार ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। उन्हें साइबर सुरक्षा के नियमों की पर्याप्त जानकारी नहीं होती। यही कारण है कि अपराधी आसानी से लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं।

आज जरूरत केवल तकनीक की नहीं बल्कि डिजिटल साक्षरता की भी है। लोगों को यह समझना होगा कि मोबाइल फोन अब केवल बातचीत का साधन नहीं बल्कि एक डिजिटल तिजोरी बन चुका है। जिस तरह कोई व्यक्ति अपने घर की चाबी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देता उसी तरह मोबाइल की जानकारी और ओटीपी भी किसी को नहीं देना चाहिए। साइबर ठगी से बचने के लिए सबसे जरूरी है सतर्कता। किसी भी अनजान नंबर से आए फोन पर तुरंत भरोसा नहीं करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति खुद को सरकारी अधिकारी बताता है तो उसकी पहचान की पुष्टि करनी चाहिए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए और केवल गूगल प्ले स्टोर या अधिकृत प्लेटफॉर्म से ही एप डाउनलोड करना चाहिए। मोबाइल में मजबूत पासवर्ड और स्क्रीन लॉक रखना भी जरूरी है। समय समय पर मोबाइल और एप्स को अपडेट करते रहना चाहिए ताकि सुरक्षा संबंधी खामियां दूर हो सकें। यदि किसी व्यक्ति को जनगणना या किसी सरकारी प्रक्रिया के नाम पर संदिग्ध कॉल या मैसेज मिले तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करनी चाहिए। नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल से भी संपर्क किया जा सकता है। समय पर शिकायत करने से कई बार आर्थिक नुकसान को रोका जा सकता है। इसके अलावा परिवार के बुजुर्गों और बच्चों को भी डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक करना जरूरी है क्योंकि साइबर अपराधी अक्सर कम जागरूक लोगों को निशाना बनाते हैं। सरकार और पुलिस लगातार लोगों को जागरूक करने के प्रयास कर रही हैं लेकिन केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। समाज के हर व्यक्ति को डिजिटल सुरक्षा की जिम्मेदारी समझनी होगी।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*गरम तवा-सी सड़क भइ, ज्वाला बने समीर*
*तृप्ति कर रहे बदन को, पुनः घड़े के नीर*
*पुनः घड़े के नीर,पना वाले दिन आए*
*गरम थपेड़ों से हमको हर कदम बचाएं*
*कह सुरेश कविराय प्रकृति है रवां-रवां सी*
*पक्के घर की छतें बनी हैं गरम तवा-सी*

# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

> जिस धरती से "वसुधैव कुटुम्बकम्" का विचार पूरी दुनिया में पहुंचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहां वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा।



किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊंची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने "मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः" का उद्घोष किया, जिस धरती से "वसुधैव कुटुम्बकम्" का विचार पूरी दुनिया में पहुंचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है। दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता-पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता-पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी "गलती" केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूं ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता-पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता-पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है। यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता-पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं। लेकिन कानून केवल सुरक्षा दे सकता है, संवेदना नहीं। अदालतें कमरे दिला सकती हैं, सम्मान नहीं, भरण-पोषण का आदेश दे सकती हैं, लेकिन ममता और अपनत्व नहीं लौटा सकतीं। यही कारण है कि समाधान केवल कानूनी नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक होना चाहिए। परिवारों में संस्कारों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। बच्चों को केवल उच्च शिक्षा और आधुनिक सुविधाएँ देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्य भी देना होंगे। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को परिवार, सेवा, कृतज्ञता और बुजुर्ग सम्मान जैसे विषयों पर गंभीर पहल करनी चाहिए। आज आवश्यकता है कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में "वृद्ध सम्मान" को भी एक महत्वपूर्ण सूचक बनाया जाए। जिस देश में बुजुर्ग सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होंगे, वही वास्तव में विकसित कहा जा सकेगा। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिनमें वृद्धजन कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग को प्राथमिकता मिले। साथ ही परिवारों को यह समझना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारी जड़ें हैं। जिस वृक्ष की जड़ें सूख जाएँ, उसकी शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं। माता-पिता की उपेक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरी पीढ़ी की नैतिक पराजय है। यह भी विचारणीय है कि जो संतान आज अपने माता-पिता के साथ व्यवहार कर रही है, वही व्यवहार भविष्य में उसके हिस्से भी आ सकता है। बच्चे केवल उपदेश से नहीं, व्यवहार से सीखते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को बुजुर्गों की उपेक्षा करते देखेंगे तो वही संस्कार आगे बढ़ेंगे। आज आवश्यकता अदालतों के आदेशों से अधिक अंतःकरण के जागरण की है। रिश्तों की मर्यादाएँ, गरिमा और दायित्व यदि न्यायालयों को समझाने पड़ें तो यह केवल कानूनी संकट नहीं, बल्कि सभ्यता का संकट है। यह समय आत्ममंथन का है कि क्या हम तकनीकी रूप से आधुनिक होते-होते मानवीय रूप से निर्धन होते जा रहे हैं? भारत की पहचान उसकी संवेदनशीलता रही है। यदि हम इस संवेदनशीलता को बचा सके, तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा।

**■ ललित गर्ग**

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट 2026: तकनीक, प्रगति और भविष्य का रोडमैप



भारत की बुलेट ट्रेन परियोजना देश के परिवहन इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम है। एक मायने में यह परियोजना महज़ ईंट, गारे, लोहे और कंक्रीट से ढांचा खड़ा करने की कहानी नहीं है। यह कहानी है नए भारत के उस ऊंचे कल्पनाशिल्प की, जो अब धीमी रफ्तार से संतुष्ट नहीं होना चाहता। यह परियोजना भारत की तकनीकी संप्रभुता, आर्थिक सुदृढ़ता और वैश्विक साख का प्रतीक यानी भारत के भविष्य की आधारशिला है। परियोजना में जमीन अधिग्रहण की बाधाओं, कोविड महामारी के थपेड़ों और लागत में वृद्धि जैसी तमाम चुनौतियों का सीना चीरकर जिस तरह आज वायाडक्ट्स और अंडर-सी टनल का काम अपनी अंतिम परिणति की ओर बढ़ रहा है, उसके मद्देनजर वर्तमान प्रगति को लेकर यह कहा जा सकता है कि भारत में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है क्योंकि साल 2026 में सूरत और बिलिमोरा के बीच होने वाला ट्रायल रन इस बात का उद्घोष होगा कि भारत अब बदल चुका है। जब 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यह ट्रेन भारत की धरती पर दौड़ेगी तो वह केवल दो शहरों की दूरी को कम नहीं करेगी, बल्कि वह देश के करोड़ों युवाओं के सपनों को एक नई उड़ान और असीम गति प्रदान करेगी। बुलेट ट्रेन का आना भारत के परिवहन इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है,जिसका असर आने वाली कई पीढ़ियां महसूस करेंगी।

भारत हमेशा से एक ऐसा राष्ट्र रहा है जिसने अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बैलगाड़ी और भाप के इंजनों से शुरू हुआ हमारा परिवहन का सफर आज वंदे भारत जैसी सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों तक पहुंच चुका है। लेकिन,इक्कीसवीं सदी का भारत अब सिर्फ रफ्तार की दौड़ में शामिल नहीं होना चाहता, बल्कि वह दुनिया के विकसित देशों के समकक्ष खड़े होकर 'हाई-स्पीड रेल युग' का नेतृत्व करना चाहता है। इस सपने को हकीकत में बदलने का ही नाम है-मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, जिसे आम बोलचाल में हम 'देश की पहली बुलेट ट्रेन' कहते हैं। भारत में हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की परिकल्पना लगभग एक दशक पहले की गई थी। साल 2015 में भारत और जापान के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। जापान, जो अपनी 'शिंकानसेन' तकनीक के लिए दुनिया भर में मशहूर है और जिसने पिछले कई दशकों में शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड बनाए रखा है, इस परियोजना के लिए भारत का रणनीतिक साझेदार बना। सितंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने अहमदाबाद में इस बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी थी। जापान न केवल भारत को अपनी सबसे सुरक्षित और उन्नत तकनीक का हस्तांतरण कर रहा है, बल्कि बेहद मामूली ब्याज दर पर इस परियोजना के लिए एक बड़ा वित्तीय लोन भी उपलब्ध करा रहा है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है। यह कॉरिडोर भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इस ट्रैक पर बुलेट ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। वर्तमान में मुंबई से अहमदाबाद के बीच पारंपरिक ट्रेनों या सड़क मार्ग से यात्रा करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। बुलेट ट्रेन के पूरी तरह शुरू होने के बाद यह सफर सिमटकर महज दो से ढाई घंटे का रह जाएगा। यह समय की वह बचत है जो कॉर्पोरेट जगत, व्यापारियों और आम यात्रियों की उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगी। इस पूरे मार्ग में कुल 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ये स्टेशन किसी आधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की तर्ज पर विकसित किए जा रहे हैं, जहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इन स्टेशनों में मुंबई (बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स) इस रूट का एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत स्टेशन होगा। जबकि अन्य स्टेशनों में ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब तक 434 किलोमीटर तक पिलर (खंभों) का निर्माण पूरा हो चुका है। पटरी बिछाने के लिए 343 किलोमीटर से अधिक का वायाडक्ट बनकर तैयार है। गुजरात के सूरत, आनंद और अहमदाबाद जैसे स्टेशनों के विशालकाय ढांचे अब दूर से ही दिखाई देने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सूरत-बिलिमोरा के बीच 2026 के ट्रायल के बाद, वर्ष 2029 से 2030 तक यह पूरा 508 किलोमीटर का कॉरिडोर पूर्ण रूप से चालू होकर देश को समर्पित कर दिया जाएगा। यह परियोजना केवल पटरी बिछाने और ट्रेन दौड़ाने का काम नहीं है, बल्कि यह भारत के सिविल इंजीनियरिंग इतिहास की सबसे कठिन और विस्मयकारी परीक्षाओं में से एक है। इस परियोजना का सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक हिस्सा महाराष्ट्र के घनसोली और शिलफाटा के बीच बनने वाली 21 किलोमीटर लंबी सुरंग है। इस सुरंग की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसका 7 किलोमीटर का हिस्सा ठाणे क्रीक के नीचे, यानी समुद्र के तलहटी के नीचे से गुजरेगा। भारत के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब कोई हाई-स्पीड रेल समुद्र के नीचे से गुजरेगी। इस सुरंग को खोदने के लिए दुनिया की सबसे विशालकाय टनल बोरिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे 16 किलोमीटर का हिस्सा तैयार होगा।

**■ ओ.पी. पाल**

# भय, भूख, लालच और सपनों की राजनीति

भारत के 75 वर्षों की राजनीति पर दृष्टि डालें, तो स्पष्ट दिखाई देता है, भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना धीरे-धीरे सत्ता केंद्रित राजनीति में बदलती चली गई। वर्तमान राजनीति का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण से अधिक सत्ता प्राप्ति और सत्ता को बनाए रखना है। स्वतंत्रता आंदोलन से निकला नेतृत्व त्याग, संघर्ष और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक था। संविधान निर्माताओं ने भारत की विविधता को ध्यान में रखते हुए जो संविधान तैयार किया था, उसमें अंतिम शक्ति जनता के हाथ में रहे। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन स्थापित किया गया। नागरिकों और मीडिया को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी गई। इसे चौथा स्तंभ भी संविधान का माना गया। ताकि कोई भी संस्था निरंकुश न हो सके। भारतीय संस्कृति में ब्रह्मा, विष्णु, महेश के पास जिस तरह से प्रकृति का संचालन है, संविधान निर्माताओं ने यही व्यवस्था भारतीय संविधान में की। स्वतंत्रता के बाद के शुरुआती 25 वर्षों में संसाधनों की भारी कमी,युद्ध, अकाल और आर्थिक संकट के बावजूद, तब की सरकारों ने बड़े-बड़े विकास कार्य किये। बड़े-बड़े सार्वजनिक उपक्रम तैयार किया। बड़े-बड़े शिक्षा के संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान उसी अवधि में तैयार किए गए। योजना आयोग के माध्यम से केंद्र एवं राज्यों के बीच संघीय शासन व्यवस्था तथा संसाधनों का बंटवारा करने संवैधानिक संस्था बनाई गई। उस समय शासन व्यवस्था में नैतिकता दिखाई देती थी। सभी संवैधानिक संस्थाएं जनता के प्रति जवाबदेह थीं। 1947, 1962, 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान अकाल, खाद्यान्न संकट, तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों के पास टैक्स के रूप में जब सीमित आर्थिक संसाधन थे। भारत ने सभी संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्रता देते हुए उन्हें मजबूत किया। विकास की आधारशिला रखी। जब कोई व्यवस्था नहीं थी, उस दौर के नेतृत्व में वैचारिक मतभेद होने के बाद भी राष्ट्रहित सर्वोपरि था। इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1971 का युद्ध और बांग्लादेश का निर्माण भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण वैश्विक स्तर पर आज भी माना जाता है। 1977 के बाद भारतीय राजनीति में बड़ा परिवर्तन आया। 1971 के युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर भारत में बहुत सारे प्रतिबंध लगाए गए। जो लंबे समय तक लागू रहे। भारत को ऊर्जा संकट का सामना कई वर्षों तक करना पड़ा। खाद्यान्न संकट का भी सामना करना पड़ा। इंदिरा गांधी ने इसका मुकाबला किया। प्रतिबंधों के कारण भारत में खाद्यान्न संकट महंगाई और मुनाफाखोरी बढ़, जनता की नाराजी बढ़ी। 1975 में सारे देश में आंदोलन शुरू हो गए। छात्र, ट्रेड यूनियन, विपक्षी राजनीतिक दल सब सड़कों पर आ गए। 1975 में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जयप्रकाश नारायण ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की- सेना और पुलिस सरकार की बात नहीं माने। इस समय इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध घोषित कर दिया था। जिसके कारण राजनीतिक अस्थिरता भी बढ़ गई थी। इंदिरा गांधी ने इस स्थिति से निपटने के लिए आपातकाल की घोषणा की। भारतीय संविधान में आपातकाल का प्रावधान था।

**■ सनत जैन**

आज का कार्टून




साभार

# बेटियां बोझ नहीं, बल्कि सम्मान और गर्व का प्रतीक



भारत में दहेज प्रथा केवल एक सामाजिक बुराई नहीं बल्कि हजारों बेटियों की जिंदगी निगलने वाला वह दानव बन चुकी है जो आधुनिक शिक्षा, कानून और जागरूकता के बावजूद आज भी समाज की मानसिकता पर हावी है। हर वर्ष दहेज उत्पीडऩ, आत्महत्या और हत्या के हजारों मामले सामने आते हैं, लेकिन कुछ दिनों की चर्चा के बाद सब कुछ फिर सामान्य हो जाता है। हाल ही में चर्चित ट्विशा कांड को सीबीआई जांच के लिए सौंपा जाना इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है कि समाज और व्यवस्था दोनों अभी भी इस अपराध को रोक पाने में पूरी तरह सफल नहीं हुए हैं। समय आ गया है कि समाज यह समझे कि बेटियां बोझ नहीं, बल्कि सम्मान और गर्व का प्रतीक हैं। जिस दिन दहेज को सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं बल्कि शर्म का विषय माना जाने लगेगा, उसी दिन एक आदर्श समाज की शुरुआत होगी।

दहेज की समस्या की जड़ केवल लालच नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा की विकृत सोच है। विवाह को आज भी कई परिवार सौदे की तरह देखते हैं, जहां लड़के की नौकरी, वेतन और हैसियत के आधार पर कीमत तय होती है। दुखद यह है कि शिक्षित और संपन्न वर्ग भी इस मानसिकता से मुक्त नहीं हो पाया है। माता-पिता अपनी बेटियों की शादी के लिए जीवनभर की जमा पूंजी खर्च कर देते हैं, फिर भी उत्पीडऩ समाप्त नहीं होता। ट्विशा कांड जैसे मामले इसलिए अधिक भयावह बन जाते हैं क्योंकि वे समाज के उस चेहरे को सामने लाते हैं, जहां कानून का डर कमजोर और लालच की भूख मजबूत दिखाई देती है। जब किसी बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होती है और परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकता है, तब लोगों का भरोसा व्यवस्था से उठने लगता है। ऐसे मामलों की ष्टक्चद्ब जांच इसलिए जरूरी मानी जाती है क्योंकि आम जनता निष्पक्ष और पारदर्शी जांच चाहती है।

हालांकि केवल जांच एजेंसी बदल देने से समस्या समाप्त नहीं होगी। आवश्यकता है कि दहेज विरोधी कानूनों को और प्रभावी बनाया जाए तथा उनकी निष्पक्षता भी सुनिश्चित हो। तेज सुनवाई के लिए विशेष अदालतें बननी चाहिए ताकि पीड़ित परिवारों को वर्षों तक न्याय का इंतजार न करना पड़े। साथ ही झूठे मामलों को भी रोकना आवश्यक है, ताकि कानून की विश्वसनीयता बनी रहे। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव समाज की सोच में आना चाहिए। बेटियों को बोझ और बेटों को "कमाई का साधन" समझने वाली मानसिकता जब तक समाप्त नहीं होगी, तब तक दहेज का दानव जीवित रहेगा। विवाह को दिखावे और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनाने की बजाय सादगी और समानता का संस्कार विकसित करना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों को दहेज विरोधी अभियान लगातार चलाने चाहिए।

आज जरूरत केवल कानून की नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति की है। हर परिवार को यह संकल्प लेना होगा कि न दहेज देंगे और न लेंगे। जब समाज स्वयं दहेज मांगने वालों का बहिष्कार करेगा, तभी इस दानव का अंत संभव होगा। अन्यथा ट्विशा जैसे कांड बार-बार देश को झकझोरते रहेंगे और बेटियों की चीखें व्यवस्था की फाइलों में दबती रहेंगी।

क्या आदर्श समाज दहेज को ना बोलेगा?

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र संबंध माना जाता है। लेकिन इस पवित्र रिश्ते पर दहेज जैसी कुप्रथा ने गहरा दाग लगा दिया है। आधुनिकता, शिक्षा और कानूनों के बावजूद दहेज की मांग आज भी समाज में अनेक परिवारों की पीड़ा का कारण बनी हुई है। सवाल यह है कि क्या हमारा समाज कभी सच में दहेज को पूरी तरह ना कह पाएगा? दहेज प्रथा ने न केवल बेटियों को बोझ समझने की मानसिकता को बढ़ावा दिया है, बल्कि अनेक परिवारों को आर्थिक और मानसिक संकट में भी धकेला है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटियों को प्रताडऩा, हिंसा और यहां तक कि मौत का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

**■ सौरभ वार्ष्णेय**

# 400 करोड़ का निवेश, 1000 से अधिक को मिलेगा रोजगार

## सीएम की मौजूदगी में पुणे के लिए निवेश समझौता

**पुणे।** ऊर्जा और तापमान नियंत्रण समाधान क्षेत्र की वैश्विक अग्रणी कंपनी एग्रिको इंडिया ने अगले दस वर्षों में पुणे में 400 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। इस संबंध में सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणबीस की उपस्थिति में राज्य सरकार के साथ करार किया गया। इस निवेश से एक हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। कंपनी पुणे जिले के फुलगांव में अत्याधुनिक वैश्विक इंजीनियरिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग सेंटर स्थापित करेगी, जिसका कार्य इसी वर्ष शुरू होने जा रहा है। विशेष बात यह है कि स्कॉटलैंड के बाहर स्थापित होने वाला यह 'अग्रेको' का दुनिया का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण केंद्र होगा। इस परियोजना से स्थानीय सप्लाई चेन को बड़ी गति मिलेगी तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही अत्याधुनिक उत्पादन,



ऊर्जा उपकरण निर्माण और प्रिसीजन इंजीनियरिंग क्षेत्र में महाराष्ट्र की क्षमता को और मजबूती मिलेगी। पुणे परियोजना के लिए राज्य सरकार की ओर से आवश्यक अनुमति, पंजीकरण, मंजूरी, रियायतें तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में मौजूदा नीतियों के अनुसार सहयोग दिया जाएगा। उद्योग, ऊर्जा, श्रम और खनन विभागों के माध्यम से इस निवेश परियोजना को गति प्रदान की जाएगी। इस करार के तहत ऊर्जा दक्षता और टिकाऊ प्रौद्योगिकी आधारित समाधान विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा कार्यक्षमता बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पुणे अब ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है और इस जीसीसी राजधानी में अग्रेको कंपनी का स्वागत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत, विशेष रूप से महाराष्ट्र में कंपनी को उत्कृष्ट कार्य वातावरण मिलेगा।

### देश आत्मनिर्भर भारत के रूप में विश्व पटल पर

इसी दौरान मुंबई में मोदी सरकार के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रनिर्माणाची तपपूर्ती' नामक विशेष स्मारक अंक का विमोचन भी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति विश्व को आश्चर्यचकित करने वाली है और पिछले 12 वर्षों में देश आत्मनिर्भर भारत के रूप में विश्व पटल पर स्वाभिमान के साथ खड़ा हुआ है।

# संपत्ति कर में छूट का लाभ लेने के लिए केवल 4 दिन शेष

महानगर नेटवर्क

**पुणे**

पुणे महानगरपालिका के कर निर्धारण एवं कर संग्रह विभाग की ओर से नागरिकों को सूचित किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संपत्ति कर के बिल वितरित



किए जा चुके हैं। नागरिकों को समय पर कर भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सामान्य कर पर 5 से 10 प्रतिशत तक की छूट योजना लागू की गई है।यह छूट 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा संपत्ति कर भरने वाले नागरिकों को इस छूट का लाभ मिलेगा।महानगरपालिका के अनुसार, शहर में कुल 15.05 लाख संपत्तियां हैं। इनमें से 25 मई 2026 शाम 6 बजे तक 4.96 लाख संपत्तिधारकों ने लगभग 648.78 करोड़ रुपये का संपत्ति कर जमा किया है। इनमें 51,111 नागरिकों ने 224.69 करोड़ रुपये का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया है। वहीं 43,304 नागरिकों ने 79.39 करोड़ रुपये का भुगतान विभिन्न डिजिटल माध्यमों से किया है। इसके अतिरिक्त 67.61 करोड़ रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में जमा की गई है। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मई से पहले संपत्ति कर का भुगतान कर छूट का लाभ उठाएं। नागरिकों की सुविधा के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईसीआईसीआई बैंक और कॉसमॉस बैंक में भी कर भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध है।ऑनलाइन भुगतान के लिए नागरिक पुणे मनपा की वेबसाइट propertytax.punecorporation.org का उपयोग कर सकते हैं। प्रशासन ने नागरिकों से शहर के विकास में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

# सड़क पर वैलेट पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ फूटा गुस्सा

## अतिक्रमण के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग

**पुणे।** शहर में बढ़ती यातायात समस्या को लेकर भाजपा प्रवक्ता, क्रिएटिव्ह फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप खर्डेकर ने पुणे महानगरपालिका आयुक्त नवलकिशोर राम को पत्र लिखकर सार्वजनिक सड़कों पर हो रही वैलेट पार्किंग तथा पार्किंग स्थलों के अनधिकृत उपयोग पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि शहर की यातायात व्यवस्था दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। इसके पीछे मनपा की ढीली नीति और अनधिकृत व्यवसायों पर प्रभावी कार्रवाई न होना मुख्य कारण बताया गया है। खर्डेकर ने आरोप लगाया कि शहर के प्रमुख मार्गों पर साइड मार्जिन, फ्रंट मार्जिन और पार्किंग स्थलों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर व्यवसाय चलाए जा रहे हैं। नागरिकों की शिकायतों के बाद केवल औपचारिक कार्रवाई होती है और कुछ दिनों बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।उन्होंने कहा कि बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का




प्रावधान होने के बावजूद प्रशासन इसका उपयोग नहीं कर रहा है। विशेष रूप से गोपालकृष्ण गोखले रोड तथा फर्ग्युसन कॉलेज रोड क्षेत्र में व्यावसायिक इमारतों और प्रसिद्ध रेस्टॉरंट्स में पार्किंग व्यवस्था लगभग समाप्त हो चुकी है। इन क्षेत्रों में कई बार कार्रवाई होने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। पत्र में वैलेट पार्किंग व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। खर्डेकर के अनुसार कई होटल और रेस्टॉरंट्स के कर्मचारी ग्राहकों की गाड़ियां सार्वजनिक सड़कों पर खड़ी करते हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वारजे-कर्वेनगर क्षेत्रीय कार्यालय की अध्यक्ष नगरसेविका मंजुश्री खर्डेकर ने कोथरूड के करिश्मा सोसायटी परिसर और एरंडवणे क्षेत्र का नागरिकों तथा यातायात पुलिस के साथ दौरा किया, जहां यह समस्या गंभीर रूप में सामने आई।खर्डेकर ने चेतावनी दी कि यदि इस विषय पर त्वरित और स्थायी उपाय नहीं किए गए तो पुणे की यातायात स्थिति और अधिक खराब हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी पालन करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# आचार संहिता के कारण म्हाडा की सदनिका वितरण प्रक्रिया स्थगित

**पुणे।** जिले में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विधान परिषद (स्थानीय स्वराज्य संस्था) चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) अंतर्गत 28 मई को दोपहर 2.30 बजे आयोजित सदनिकाओं के वितरण की प्रक्रिया अस्थायी रूप से स्थगित कर दी गई है। इससे पूर्व महाराष्ट्र गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत कार्यरत पुणे गृहनिर्माण एवं क्षेत्र विकास मंडल की ओर से पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ महानगरपालिका तथा पीएमआरडीए क्षेत्र में 20 प्रतिशत सर्वसमावेशक एवं 15 प्रतिशत सामाजिक गृहनिर्माण योजना के तहत बिक्री के अभाव में रिक्त पड़ी सदनिकाओं के वितरण की प्रक्रिया आयोजित की गई थी। 'पहले आओ, पहले पाओ' सिद्धांत के आधार पर होने वाली इस प्रक्रिया का संशोधित कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाएगा।

# पुणे ट्रैफिक पुलिस द्वारा 739 वाहनों की ई-नीलामी

**पुणे।** पुणे शहर पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार के निर्देशानुसार शहर में लावारिस और बेनामी वाहनों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक शाखा अंतर्गत 11 पुलिस स्टेशनों के 366 तथा ट्रैफिक विभाग के 373, ऐसे कुल 739 वाहनों की ई-नीलामी की गई। इस नीलामी से शासन को 50 लाख 10 हजार 128 रुपये की राशि प्राप्त होगी, ऐसी जानकारी पुणे शहर ट्रैफिक शाखा के पुलिस उपायुक्त डॉ.



संदीप भाजीभाकरे ने दी। शहर में कई वर्षों से बड़ी संख्या में लावारिस वाहन सड़कों पर पड़े होने के कारण नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त ने इन वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और उनकी नियमानुसार निकासी प्रक्रिया चलाने के निर्देश दिए थे।

ट्रैफिक विभाग ने शहर की विभिन्न सड़कों पर खड़े लावारिस वाहनों की जानकारी एकत्र कर उन्हें जब्त किया। वाहन मालिकों की तलाश के लिए समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित की गई, सार्वजनिक नोटिस जारी किए गए तथा जब्त वाहनों का मूल्यांकन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के माध्यम से कराया गया। जिन वाहनों के मालिक मिल गए, उन्हें उनके वाहन वापस कर दिए गए।

वहीं जिन वाहनों के मालिक नहीं मिले, उनके नष्ट करने के आदेश न्यायालय से प्राप्त किए गए। महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम 1951 की धारा 87 के अंतर्गत कुछ वाहनों की नीलामी को अंतिम मंजूरी दी गई। इसके अनुसार केंद्र सरकार से संबद्ध मेटल स्क्रैप ट्रेड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से 20 मई को ई-नीलामी प्रक्रिया संपन्न की गई।

# दुकानों पर देर रात पुलिस का एक्शन, व्यापारियों में नाराजगी

**पुणे।** पुणे शहर पुलिस द्वारा शहर में देर रात तक खुले रहने वाले दुकानों और होटलों पर कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का पालन आवश्यक होने के बावजूद कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर व्यापारियों के साथ धमकाने, अभद्र भाषा का उपयोग करने और अपमानजनक व्यवहार किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।छोटे दुकानदार और होटल संचालक देर रात तक व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में "कानून समझाने के बजाय डर दिखाने वाली भाषा का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है?" ऐसा सवाल व्यापारियों और नागरिकों द्वारा उठाया जा रहा है।वारजे पुलिस थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई के बाद कई व्यापारियों ने पुलिस के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की है। नागरिकों का आरोप है कि "सामान्य लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाती है।

# आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाए महायुति सरकार: कांग्रेस

**पुणे।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता गोपालदादा तिवारी ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश और राज्य पर वर्ष 2014 की तुलना में चार गुना कर्ज बढ़ चुका है, फिर भी सरकार जीडीपी में तीन गुना वृद्धि का दावा कर रही है।

उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री इस संबंध में पत्रकार परिषद लेकर तथ्य सार्वजनिक करें। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावे वास्तविकता से दूर और भ्रामक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बढ़ती महंगाई, तेल एवं गैस संकट तथा अंतरराष्ट्रीय आर्थिक दबावों से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा



कि यदि दावोस और अन्य माध्यमों से बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश राज्य में आया है, तो वास्तविक जानकारी सार्वजनिक करते हुए श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। कांग्रेस ने इस विषय पर कई बार मांग की, लेकिन सरकार अब तक स्पष्ट आंकड़े सामने नहीं ला सकी है। गोपालदादा तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री को राज्य की आर्थिक प्रगति, विदेशी निवेश और रोजगार निर्माण से संबंधित वास्तविक आंकड़े पत्रकार परिषद के माध्यम से जनता के सामने रखने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पूर्व कार्यकारी निदेशक और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य सुरजीत भल्ला ने हाल ही में देश की आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

# पुणे आरटीओ में पूर्व निर्धारित अपॉइंटमेंटधारकों के लिए विशेष व्यवस्था

**पुणे।** महाराष्ट्र शासन द्वारा 28 मई को बकरी ईद के अवसर पर सरकारी अवकाश घोषित किए जाने के बाद प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, पुणे की ओर से अनुज्ञप्ति संबंधी कार्यों के लिए पूर्व निर्धारित अपॉइंटमेंट लेने वाले आवेदकों हेतु विशेष व्यवस्था की घोषणा की गई है। प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, पुणे अंतर्गत आईडीटीआर, आलंदी रोड तथा संगमब्रिज कार्यालय में 28 मई को सारथी प्रणाली के माध्यम से अनुज्ञप्ति कार्य के लिए अपॉइंटमेंट लेने वाले आवेदकों से अपील की गई है कि वे संभव हो तो 27 मई को संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कार्य पूर्ण कर लें। इसके अलावा जो आवेदक 27 मई को उपस्थित नहीं हो सकेंगे, वे 27 मई से 3 जून 2026 के बीच किसी भी कार्यालयीन कार्यदिवस में संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोषों के साथ श्रीराम कथा संपन्न

**पुणे।** श्री राम कथा महोत्सव के अंतर्गत राम-सीता विवाह उत्सव तिरुपति गार्डन में अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्री भरतराज सूरजभानजी गोयल एवं श्रीमती प्रीतम भरतराजजी गोयल की पावन उपस्थिति में विवाह उत्सव बड़े श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। बैंड-बाजों, ढोल-ताशों एवं "जय श्रीराम" के गगनभेदी उद्घोषों के साथ भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बड़े उत्साह से शामिल हुए।



महिलाएँ मंगलगीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवा एवं बच्चे भगवा ध्वज लहराते हुए भक्ति रस में झूमते नजर आए। कथा व्यास पंडित देवेंद्र शास्त्री जी महाराजद्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम एवं माता सीता का दिव्य विवाह संपन्न कराया गया। इस पावन अवसर पर महाभंडारा सेवा एवं 108 ब्राह्मण भोज का आयोजन भी किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अगरवाल समाज ट्रस्ट , विश्रांतवाड़ी के संस्थापक श्री राजेश प्रेमचंद अग्रवाल एवं कार्यकारिणी के सदस्य विशाल गोयल, नितिन गुप्ता, राजेश गर्ग, सुभाष जी अग्रवाल, सत्यनारायण गोयल, योगेश गोयल, सुरेश अग्रवाल, डॉ विनोद गर्ग,सुनीता मित्तल, डॉ श्वेता गर्ग, स्मिता गर्ग, मंजू अग्रवाल, नीलम अग्रवाल,दीपा अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, इत्यादि सदस्यों ने अपना श्रमदान दिया।

# पर्यावरण बचाने को बड़े आंदोलन की जरूरत : संजय आवटे

## 'ग्रीन सॉल्यूशंस' द्वारा डॉ. प्रसाद जोशी और आरती भोसले सम्मानित

**पुणे।**"पर्यावरण की रक्षा करना केवल सरकार या कुछ संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रकृति बचेगी, तभी मानव जाति का भविष्य सुरक्षित रहेगा। इसलिए, हर किसी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील भावना से योगदान देते हुए पर्यावरण संरक्षण का कार्य करना चाहिए," ऐसा प्रतिपादन वरिष्ठ अभिनेता और 'नाम' फाउंडेशन के सह-संस्थापक मकरंद अनासपुरे ने किया। वहीं, वरिष्ठ संपादक और पत्रकार संजय आवटे ने उल्लेख किया कि 'मेट्रो और मित्रो' का मतलब विकास नहीं है, बल्कि ऐसा विकास जरूरी है जो पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हुए समाज के जीवन को आसान और सुसह्य बनाए। इसके लिए एक व्यापक आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है। प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कार्यरत संस्था 'ग्रीन सॉल्यूशंस' के १४वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में अनासपुरे बोल रहे थे। संस्था की ओर से दिया जाने वाला 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' (जीवन गौरव पुरस्कार) इस वर्ष फलटन के वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन (अस्थिरोग



विशेषज्ञ) डॉ. प्रसाद जोशी को अनासपुरे और वरिष्ठ संपादक संजय आवटे के हाथों प्रदान किया गया। इसके साथ ही, भारत-नॉर्वे ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्योग प्रतिनिधिमंडल में चुने जाने पर 'ग्रीनएक्स एनवायरनमेंटल' की संस्थापिका आरती भोसले-अहिवले को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय अधिकारी एल. एस. भड और सेवानिवृत्त उप-क्षेत्रीय अधिकारी किशोर केर्लीकर को भी सम्मानित किया गया। बढ़ते तापमान, अनियमित बारिश और पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए पर्यावरण-अनुकूल (eco-friendly) पहलों की आवश्यकता और अधिक रेखांकित हो गई है। पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और शिक्षित समाज को इस जागरूकता के लिए आगे आना चाहिए।"

# पुणे जैन हॉस्टल में एडमिशन शुरू, देशभर के छात्रों को मौका

**पुणे।** शिक्षा के लिए पुणे आने वाले जैन समाज के विद्यार्थियों को सुरक्षित, संस्कारयुक्त और आधुनिक आवास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अमृता सुनील गांधी और स्मृति श्रुतेश गांधी ने एक सामाजिक पहल शुरू की है। इस पहल के अंतर्गत पिछले वर्ष कोथरूड क्षेत्र में लगभग 70 विद्यार्थियों की क्षमता वाला अत्याधुनिक जैन बॉयज़ हॉस्टल शुरू किया गया था, जिसे विद्यार्थियों और अभिभावकों से अच्छा प्रतिसाद मिला है।आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए हॉस्टल की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात सहित देशभर के जैन विद्यार्थियों को यहां प्रवेश का अवसर उपलब्ध रहेगा।विद्यार्थियों को घर जैसा वातावरण, अनुशासित जीवनशैली, गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था तथा अध्ययन के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर संस्थापकों ने विशेष ध्यान दिया है। हॉस्टल में एसी रूम्स, हाई-स्पीड वाई-फाई, जिम, इंडोर गेम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही जैन संस्कारों से समृद्ध सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शांत, सुरक्षित और प्रेरणादायी परिसर विकसित किया गया है। इसके अलावा पुणे के विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के लिए अन्य आवास सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। भांडारकर रोड पर छात्राओं के लिए जैन गर्ल्स पीजी शुरू किया गया है, जहां सुरक्षित और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराया गया है। वहीं नारायण पेठ में विद्यार्थियों के लिए जैन बॉयज़ पीजी की व्यवस्था की गई है, जो उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पुणे में एक और अल्ट्रा मॉडर्न जैन हॉस्टल प्रोजेक्ट पर कार्य प्रगति पर है।

# मजबूत डिमांड के बीच Oben Electric खोलेगी 25 नए शोरूम

**पुणे।** भारत की तेजी से बढ़ती रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी Oben Electric महाराष्ट्र में अपने कारोबार का तेजी से विस्तार कर रही है। कंपनी की नई लॉन्च हुई इलेक्ट्रिक बाइक Oben RorrEvo को लॉन्च के सिर्फ 15 दिनों में 25000 से ज्यादा बुकिंग मिली हैं। बढ़ती डिमांड को देखते हुए कंपनी ने FY27 तक महाराष्ट्र में अपने शोरूम की संख्या बढ़ाकर 25 करने की योजना बनाई है। इससे कस्टमर्स



को इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल, सर्विस और बेहतर आफ्टर-सेल्स सपोर्ट आसानी से मिल सकेगा। Oben Electric ने पुणे के शिवाजीनगर शोरूम में नई लॉन्च हुई Oben Rorr Evo का महाराष्ट्र रीजनल शोकेस आयोजित किया। इससे यह साफ होता है कि पुणे कंपनी के लिए देश के सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण बाजारों में से एक बन चुका है। फिलहाल Oben Electric के महाराष्ट्र में 11 शोरूम हैं, जिनमें से 4 पुणे में वाकड, शिवाजीनगर, अरण्येश्वर और चिंचवड़ में स्थित हैं। इसके अलावा कंपनी के शोरूम छत्रपति संभाजीनगर, नासिक, लातूर, नागपुर, बार्शी, सोलापुर और अहमदपुर में भी मौजूद हैं। कंपनी FY27 के अंत तक महाराष्ट्र में 14 नए शोरूम खोलने की योजना बना रही है। इसकी बड़ी वजह हाई-परफॉर्मेंस इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग और राज्य में तेजी से बढ़ रहा EV अपनाने का ट्रेंड है। कंपनी का अनुमान है कि महाराष्ट्र में Rorr Evo की कुल बिक्री में लगभग 25% हिस्सा अकेले पुणे से आएगा, क्योंकि यहां प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर कस्टमर्स की रुचि लगातार बढ़ रही है।


## पुणे महानगरपालिका, पुणे

अद्वितीय & Unique

### निविदा प्रकिया कक्ष पाणीपुरवठा विभाग

### निविदा जाहिरात - नविन कामे

जाहिरात क्र. 1/153
दि. 26/05/2026

विक्री कालावधी दिनांक :- 27-05-2026 2:30 दुपारी ते 08-06-2026 2:30 दुपारी पर्यंत
स्वीकृती दिनांक :- 27-05-2026 2:30 दुपारी ते 08-06-2026 2:30 दुपारी पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक: 09-06-2026 3.00दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत ₹ | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम ₹ | बयाणा रक्कम ₹ | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दुरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/water_supply/2026/57 | पाणीपुरवठा | प्रभाग क्रमांक 9 वाणेर परिसरात विविध ठिकाणी पाण्याच्या लाईनची दुरुस्ती विषय कामे करणे | ₹1359/- | ₹ 4999766/- | ₹ 49998/- | 12 | अस्मिता विशाल गोरे 9689938805 |
| PMC/water_supply/2026/58 | पाणीपुरवठा | प्रभाग क्रमांक 8 मध्ये विविध ठिकाणी जलवाहिन्यांची दैनंदिन देखभाल दुरुस्ती विषयक कामे करणे | ₹1359/- | ₹ 4999766/- | ₹ 49998/- | 12 | अनुप गाज्जाल्वर 7789909020 |
| PMC/water_supply/2026/59 | पाणीपुरवठा | चतुःश्रृंगी पाणी पुरवठा अंतर्गत येणाऱ्या प्रभाग क्र. 09 मध्ये व्हॉल्व्ह सोड बंद करणे | ₹ 1359/- | ₹4999363/- | ₹49994/- | 12 | अस्मिता विशाल गोरे 9689938805 |
| PMC/water_supply/2026/60 | पाणीपुरवठा | प्रभाग क्रमांक 9 अंतर्गत पाषाण, सुतारवाडी, सुस रोड, पाषाण-बाणेर लिंक रोड या भागात विविध ठिकाणी पाण्याच्या लाईनची देखभाल दुरुस्तीची कामे करणे | ₹1359/- | ₹4999766/- | ₹ 49998/- | 12 | प्राजक्ता रमेश पाटील 9689973336 |
| PMC/water_supply/2026/61 | पाणीपुरवठा | चतुःश्रृंगी पाणी पुरवठा अंतर्गत पारखे मळा व बानेर गावठाण येथे जुनी 4" लाइन बदली करणे | ₹769/- | ₹1266237/- | ₹ 12662/- | 9 | अस्मिता विशाल गोरे 9689938805 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी अपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पद्धतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा प्रकियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबादारी टेंडरदाराची राहील.
(क) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न. पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि)/32 दिनांक 22/04/2016 नुसार बयाणा रक्कम इ. सी. एस./आर. टी. जी. एस./एन. ई. एफ.टी. सुविधेमार्फतच स्विकारणेत येणार आहे.

सही/-
Rahul Ashok Salunke
कार्यकारी अभियंता,
पाणीपुरवठा
पुणे महानगरपालिका

सही/-
कार्यकारी अभियंता क्र. 1
चतुःश्रृंगी पाणी पुरवठा
पुणे महानगरपालिका


# बुजुर्गों के लिए वेन्सर हॉस्पिटल की 'ग्रैंडपैरेंट केयर' सेवा शुरू

**पुणे।** भारत तेजी से बुजुर्गों की बढ़ती आबादी वाला देश बनता जा रहा है। सरकारी जनसंख्या अनुमानों के अनुसार, २०३६ तक भारत में हर सात में से एक व्यक्ति ६० वर्ष से अधिक आयु का होगा। महाराष्ट्र में भी अगले दशक में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र में यह बदलाव अब अस्पतालों, घरों और परिवारों में साफ तौर पर दिखने लगा है। पिछले लगभग १,००० दिनों की सेवा के बाद वेन्सर हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक महत्वपूर्ण बात रेखांकित की है कि अस्पताल के ४० प्रतिशत से अधिक मरीज वरिष्ठ नागरिक हैं।वेन्सर हॉस्पिटल पांच डॉक्टरों द्वारा स्थापित और संचालित एक पारिवारिक संस्थान है। अस्पताल ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल अस्पताल चलाना नहीं है, बल्कि मरीजों को प्राथमिकता देने वाला, किफायती और विश्वसनीय मल्टीस्पेशलिटी पारिवारिक अस्पताल बनाना है।अस्पताल के अनुसार, बुजुर्ग मरीजों की बढ़ती संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है बल्कि समाज के लिए एक चेतावनी है। बुढ़ापा अब भविष्य की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि पुणे, महाराष्ट्र, भारत और दुनिया के सामने एक बड़ी सामाजिक




और स्वास्थ्य संबंधी चुनौती बन चुका है।इसी पृष्ठभूमि में वेन्सर हॉस्पिटल ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए "ग्रैंडपैरेंट केयर" नामक विशेष स्वास्थ्य पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत निवारक स्वास्थ्य सेवा (preventive healthcare), आंखों की देखभाल, आपातकालीन सहायता, मानसिक सहायता और सामाजिक संवाद जैसी सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी।वेन्सर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शरून शितोले ने कहा "हमने वेन्सर हॉस्पिटल की शुरुआत ईमानदार, किफायती और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। लेकिन लगभग १,००० दिनों की सेवा के बाद हमें एहसास हुआ कि हमारे ४० प्रतिशत से अधिक मरीज वरिष्ठ नागरिक हैं। यह केवल अस्पताल की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबर: 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सीधे आम जनता को दिखे: सीएम योगी

## सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और समय पर क्लेम भुगतान



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 108 जनपदीय चिकित्सालय, 106 विशिष्ट चिकित्सालय, 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3757 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27,668 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं। वर्ष 2025-26 में सरकारी अस्पतालों में 26.41 करोड़ ओपीडी सेवाएं और 1.23 करोड़ आईपीडी सेवाएं दी गईं, जबकि 24.33 करोड़ पैथोलॉजी जांचें की गईं। वर्ष 2016-17 की तुलना में सत्र 2025-26 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 44 से बढ़कर 83 हो गई है, जो 88.6 प्रतिशत की वृद्धि है। विगत 10 वर्षों में पीजी सीटों की संख्या 1344 से बढ़कर 5067 हो गई है, जबकि एमबीबीएस सीटें 5390 से बढ़कर 12800 तक पहुंच गई हैं। सुपर स्पेशियलिटी सीटों में भी लगभग 165 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। नर्सिंग शिक्षा के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 652 नर्सिंग संस्थान संचालित हैं। एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा राज्य में लगभग 3.95 लाख पंजीकृत नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध है। 'मिशन निरामया 1.0' के तहत नर्सिंग शिक्षा में हुए सुधारों की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि 17 हजार स्कूलों में परामर्श सत्र आयोजित किए गए तथा 3.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई गई। 10,570 नर्सिंग संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है।

### रोइंग का हब बनेगा गोरखपुर

गोरखपुर में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रोइंग की अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रेनिंग के लिए रामगढ़ताल के समीप वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खुलेगा। रोइंग स्पोर्ट्स के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले निर्देश के बाद खेल विभाग और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का अनुरक्षण करने वाले गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने कमर कस ली है। बीते तीन साल में रामगढ़ताल और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए पसंदीदा प्लेटफार्म के रूप में उभरा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स सहित यहां रोइंग की चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक आयोजित हो चुकी हैं इनमें से दो प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने और पुरस्कार वितरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे थे। मुख्यमंत्री का मानना है कि वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बन जाने से रामगढ़ताल में वाटर स्पोर्ट्स का हब बनने की भरपूर संभवनाएं हैं।

### टाटा और डेलॉयट के साथ युवाओं को संवारेगी योगी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार ने कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा के मोर्चे पर दो दिग्गज वैश्विक संस्थाओं को साथ जोड़ा है। प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार दिलाने और औद्योगिक प्रशिक्षण को 'इंडस्ट्री 4.0' के अनुरूप ढालने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज और डेलॉयट मिलकर एक भविष्यवादी रोडमैप तैयार कर रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दोनों कंपनियों ने राज्य के युवाओं के कौशल विकास, आईटीआई संस्थानों के आधुनिकीकरण और वैश्विक रोजगार के अवसरों को लेकर अपनी विस्तृत प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया है। समीक्षा बैठक में टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधियों ने राज्य के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) के कायाकल्प की प्रगति रिपोर्ट साझा की। कंपनी पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल के तहत इन पारंपरिक संस्थानों को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में अपग्रेड कर रही है। इसके तहत युवाओं को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। विश्व प्रसिद्ध परामर्शदाता कंपनी डेलॉयट के विशेषज्ञों ने 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में कौशल विकास की रणनीतिक भूमिका का खाका खींचा। डेलॉयट ने भविष्य के वैश्विक रोजगार रुझानों का विश्लेषण करते हुए सरकार को कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। राज्य में आने वाले बड़े औद्योगिक निवेश को सीधे स्थानीय युवाओं के कौशल प्रशिक्षण से लिंक किया जाए। उद्योगों की तात्कालिक मांग के अनुसार कस्टमाइज्ड स्किल कोर्स शुरू किए जाएं ताकि कंपनियों को निवेश करते ही कुशल श्रमशक्ति मिल सके।

### जिला पंचायत अध्यक्षों का कार्यकाल बढ़ाएगी सरकार

यूपी में अब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। सोमवार को योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 6 महीने के लिए बढ़ा दिया। जिससे इस बात पर लगभग मुहर भी लग गई है। प्रधानों की तर्ज पर ही अब जिला पंचायत अध्यक्षों और ब्लॉक प्रमुखों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी सरकार कर रही है। ग्राम प्रधानों की तर्ज पर इन पदाधिकारियों का भी 6 महीने का कार्यकाल बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, सरकार जल्द ही इस संबंध में अधिसूचना जारी कर सकती है। जिला पंचायत अध्यक्षों का कार्यकाल 11 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है, जबकि ब्लॉक प्रमुखों का कार्यकाल 19 जुलाई 2026 को खत्म होने वाला है। इन दोनों पदों पर 6 महीने का विस्तार दिए जाने की संभावना है। सरकार की योजना है कि कार्यकाल बढ़ाने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर इन पदों पर प्रशासक भी नियुक्त किए जा सकते हैं। इससे पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रशासनिक कार्य सुचारू रूप से चल सके। पिछले दिनों ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद अब जिला और ब्लॉक स्तर पर भी यही व्यवस्था लागू करने की तैयारी चल रही है। इससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में व्यवधान नहीं आएगा और चुनाव की तैयारियों के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। उत्तर प्रदेश में पंचायती राज चुनावों की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में योगी सरकार इन महत्वपूर्ण पदों पर अस्थायी व्यवस्था करके विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखना चाहती है।

## लखनऊ मकबरा-मंदिर विवाद: भारी पुलिस बल तैनात

**लखनऊ।** मलिहाबाद के कसमंडी कलां गांव में बड़े मंगल को देखते हुए प्रशासन विवादित ढांचों की सुरक्षा बढ़ाते हुए बागों में पुलिस कर्मी तैनात किए हैं। साथ ही ढांचों के पास जाने से पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। बीते शनिवार को सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी शाम लगभग साढ़े छह बजे दो पुराने ढांचे के पहुंच कर हनुमान चालीसा पढ़ने की कोशिश की थी। साथ ही मंगलवार को फिर आकर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। जिसके बाद से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। किसी प्रकार माहौल खराब करने वाली गतिविधियां न हो सके। मंगलवार को पुरातत्व की टीम पहुंचने की उम्मीद है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस बल सभी रास्तों के साथ बागों में भी तैनात है। सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने सोमवार को मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी, अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, मछली शहर सांसद पप्रिया सरोज, कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज से राज पासी राजा कंस पासी का किला बचाने के लिए वीडियो जारी साथ मांगा था। साथ ही हरदोई, सीतापुर जिलों में ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ सभा कर किला बचाने के लिए साथ मांगा।

# निराश्रित बच्चों का कमाल बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

## बालगृहों के 213 बच्चों ने शानदार सफलता हासिल की



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेनदनशील सोच और दूरदर्शी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश की बाल देखरेख संस्थाएं अब केवल आश्रय स्थल नहीं, बल्कि निराश्रित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नई पाठशाला बन चुकी हैं। महिला कल्याण विभाग के संरक्षण में रह रहे इन बच्चों ने अपनी विपरीत परिस्थितियों को मात देते हुए वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में सफलता का एक नया इतिहास रचा है। विभागीय संस्थाओं और बालगृहों के 213 बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है, जिनमें से 107 बच्चों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक (प्रथम श्रेणी) लाकर समाज के सामने आत्मनिर्भरता और अटूट हौसले की एक अद्वितीय मिसाल पेश की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यटनाथ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप राजकीय सम्प्रेक्षण गृहों और बालगृहों में रहने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इन संस्थाओं में बच्चों के केवल खान-पान या रहने पर ही ध्यान नहीं दिया जा रहा, बल्कि उनके मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास के लिए एक सकारात्मक और संस्कारयुक्त माहौल तैयार किया गया है। व्यावसायिक और मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग सेवाओं के जरिए इन बच्चों के भीतर से अकेलेपन और हीनभावना को दूर कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। महिला कल्याण विभाग द्वारा इन विशेष बच्चों को वे सभी आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं, जो किसी संपन्न परिवार के बच्चों को मिलती हैं। बालगृहों में रहने वाले बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की सुविधा और नियमित ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था की गई। अनुभवी शिक्षकों द्वारा नियमित शैक्षिक मार्गदर्शन और एडवांस स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया गया। बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण जगाने के लिए लगातार व्यक्तित्व विकास और मोटिवेशनल सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। महिला कल्याण विभाग की निदेशक सी. इंदुमति ने आंकड़ों को साझा करते हुए बताया कि कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करने वाले इन बच्चों की यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है। अपने माता-पिता या पारिवारिक सहयोग के अभाव के बावजूद, इन बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत, कड़े अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास के दम पर खुद को साबित किया है।

# फेक एनकाउंटर से उजड़ रहे बेगुनाहों के परिवार: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा जमकर बोला। पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है। इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं। ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है। अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार भी गिर जाएगी। भाजपा



यूपी में धाक जमाने को हो रहे फेक एनकाउंटर

सरकार "फेक एनकाउंटर" की तरह "फेक अर्थव्यवस्था" का भी प्रचार कर रही है। डॉलर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।भाजपा सरकार के 10 वर्षों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। सबसे अधिक फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग के लोगों के हुए हैं और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। अखिलेश यादव ने जौनपुर के एक यादव पुजारी के कथित एनकाउंटर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संघर्ष करके पुजारी परिवार को न्याय दिलाया और दोषियों को जेल भिजवाया। फर्जी एनकाउंटर करने वाले लोग "मानसिक रोगी" बन जाते हैं। उन्होंने 2020 हाथरस केस का जिक्र करते हुए कहा कि जो तस्वीर 2020 में हाथरस में देखने को मिली थी, वैसी ही स्थिति अब 2026 में भी दिखाई दे रही है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार के संरक्षण में फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं।

### बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। भाजपा ने दस साल में बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने केवल बिजली का बिल बढ़ाकर जनता से लूट की है। आज प्रदेश में जो बिजली मिल रही है, वह सपा सरकार में लगाए गए बिजलीघरों से आ रही है।

उन्नाव में दर्दनाक हादसा

# बस पलटने से 7 लोगों की मौत

**गोरखपुर।** दिल्ली से गोरखपुर जा रही प्राइवेट स्लीपर बस मंगलवार सुबह पांच बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक दरोगा, समेत सात यात्रियों की मौत हो गई। वहीं तीन पुलिसकर्मी समेत 24 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के वक्त बस में 52 यात्री थे। बाद कि रफ्तार इतनी तेज थी पलटने के बाद करी 100 मित्र तक घिसती चली गई। दिल्ली से गोरखपुर जा रही स्लीपर बस में कुल 52 यात्री सवार थे।



तेज रफ्तार होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पुलिया से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। करीब आधे घंटे बाद यूपीडा कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 24 घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। एसपी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि कुछ घयल यात्रियों की हालत गंभीर होने से लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# फतेहपुर यार्ड में लगी भीषण आग, 40 वाहन खाक

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के मलवां थाना क्षेत्र के सौरा गांव के पास स्थित यार्ड में खड़ी कम से कम 40 से अधिक छोटी-बड़ी गाड़ियां जलकर राख हो गईं। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मलवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड टीम के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मगर जब आग पर काबू पाया जा सकता, तबतक भारी नुकसान हो चुका था। बताया जा रहा कि किस्त जमा नहीं करने वालों की गाड़ियां यार्ड में खींच कर खड़ी की गई थीं। पहले करीब 16 ट्रकों में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। भीषण गर्मी के कारण आग एक घंटे से ज्यादा समय तक लगी रही। मौके पर मौजूद यार्ड में काम करने वाले कर्मी राजीव पटेल ने बताया कि इस यार्ड में प्राइवेट फाइनेंस गाड़िया को खींचकर लाया जाता है और यार्ड के अंदर करीब सौ के ऊपर ऑटो व ट्रक खड़े थे। यार्ड के पीछे खेत में आग लगने के बाद यार्ड के अंदर आग लगी है। उन्होंने कहा कि यार्ड में पानी की व्यवस्था नहीं होने से हम लोग कुछ न कर सके। बता दें कि जिस समय आग लगी है उस समय यार्ड के अंदर 6 से 7 कर्मी मौजूद थे। आग से करीब 30 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस भीषण आग में 16 ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गए। जबकि कुल मिलाकर 40 से अधिक छोटी-बड़ी गाड़ियां जलकर राख हो गईं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आग से लाखों-करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका है। गनीमत रही कि घटना के दौरान किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट, लापरवाही या किसी अन्य कारण से लगी।



# सेफ्टी टैंक में गिरने से सात वर्षीय मासूम की मौत

## खेलते समय हुआ हादसा, बचने का प्रयास करती रही बच्ची

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर नगर के भगत सिंह वार्ड में सोमवार रात एक दर्दनाक हादसे में सात वर्षीय मासूम बच्ची की सेफ्टी टैंक में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि मोहल्ले में शोक की लहर फैल गई। जानकारी के अनुसार भगत सिंह वार्ड निवासी पुन्नवासी उर्फ बाबा की पुत्री नैना गौतम (7) सोमवार रात करीब आठ बजे अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह पड़ोस में स्थित सालिकराम के निर्माणाधीन मकान के पास पहुंच गई। वहां एक सेफ्टी टैंक बना हुआ था, जिसमें पानी भरा था। बताया जा रहा है कि टैंक खुला हुआ था और उसके चारों ओर किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। खेल के दौरान अचानक नैना का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पानी से भरे टैंक में जा गिरी। आसपास मौजूद बच्चों ने शोर मचाया तो परिजन और स्थानीय लोग मौके की ओर दौड़े। काफी प्रयास के बाद बच्ची को टैंक से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि निर्माणाधीन सेफ्टी टैंक खुला छोड़ दिया गया था, जिससे पहले भी हादसे की आशंका बनी हुई थी।

# बैंक मित्र की आंखों में झोंकी मिर्च, तमंचा दिखाकर लूट

**मथुरा।** मथुरा के फरह थाना क्षेत्र में एक बैंक मित्र के साथ हुई लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की तत्परता से न केवल लूटी गई राशि, बल्कि घटना में प्रयुक्त बाइक और हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों ने बैंक मित्र रामरज से लूटपाट के दौरान उनकी आँखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया था और तमंचे का भय दिखाकर बैग छीन लिया था। इस घटना को अंजाम देने के बाद से ही



पुलिस इन आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान समोगर थाना बमरौली कटारा, आगरा निवासी भवनेश, अंकित, पवन और झुडावई थाना फरह निवासी संजू उर्फ संजय के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में लूटे गए 55 हजार रुपये, एक टीवीएस बाइक और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए इन चारों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी इन पर विभिन्न थानों में कई धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज हो चुकी हैं। यह उनकी पिछली वारदातों की ओर इशारा करता है और बताता है कि वे आदतन अपराधी हैं। पुलिस ने भवनेश, अंकित और पवन को सोमवार रात करनपुर तिराहे से गिरफ्तार किया, जबकि संजू को परखम बंबा की पुलिया के पास से पकड़ा गया।

### 'माफ कर दीजिए अब गोली नहीं चलाऊंगा'

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में थाना बिलरियागंज पुलिस ने झपटमारी की घटना का सफल अनावरण करते हुए सोमवार की रात मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथ शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने मौके से तमंचा, कारतूस, नगदी, मोबाइल फोन, लेडीज बैग और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि 23 मई को महजबीन पत्नी शादाब अहमद निवासी ग्राम जमीन रसूलपुर थाना रौनापार ने थाना बिलरियागंज में तहरीर देकर बताया था कि वह बिलरियागंज बाजार से ई-रिक्शा से घर जा रही थीं।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर दौड़ेंगी रोडवेज की लग्जरी बसें

**मेरठ।** गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए मेरठ से प्रयागराज तक का सफर जल्द ही तेज और आसान होने वाला है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मेरठ के सोहराबगेट डिपो से प्रयागराज के लिए प्रतिदिन पांच रोडवेज बसें चलाने की तैयारी कर रहा है। इन बसों का संचालन गंगा एक्सप्रेसवे के रास्ते किया जाएगा। परिवहन निगम किराया भी किफायती रखने पर विचार कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक यात्री इस सुविधा का लाभ उठा सकें। फिलहाल प्रयागराज डिपो से मेरठ के लिए दो रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन इन बसों में यात्रियों की संख्या उम्मीद के मुताबिक नहीं मिल रही है। इसे देखते हुए सोहराबगेट डिपो प्रशासन गंगा एक्सप्रेसवे रूट पर संभावित यात्रियों का सर्वे भी करा रहा है। इधर




गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते प्रयागराज से मेरठ के लोगों के लिए दो बसें चल रही हैं। प्रयागराज से मेरठ के बीच 10 स्थानों पर बस रुकेगी। यह अधिकृत स्टापेज होगा, यानी यहां से यात्री चढ़ उतर सकेंगे। हालांकि, इनका किराया अभी तय नहीं हुआ है। सर्वे टीम ने रास्ते में संभावित स्टापेज का निरीक्षण कर एक प्रस्ताव तैयार किया है। इसके तहत प्रयागराज से बस चलने के बाद सोरांव बाईपास, लालगंज अझारा बाईपास, लालगंज बैसवारा बाईपास, उन्नाव बाईपास, बिलग्राम बाईपास, हरदोई-फर्रुखाबाद बाईपास, जलालाबाद-शाहजहांपुर बाईपास, बदायूं बाईपास, गदगांव बदायूं और अंतिम ठहराव सोहराबगेट डिपो यानी मेरठ में होगा। इन स्टॉपेज पर रोडवेज यात्री सुविधा भी विकसित करने की तैयारी कर रहा है। प्रयागराज से मेरठ की 635 किलोमीटर की दूरी के लिए 839 रुपए किराया है। लेकिन प्रयागराज और मेरठ दोनों के बीच 10 स्टॉपेज के लिए कितना किराया होगा यह मुख्यालय स्तर से तय होगा। प्रयागराज-मेरठ रोडवेज बस सेवा का ट्रायल एक दिन पहले ही पूरा कर लिया गया है। ट्रायल में लीडर रोड डिपो की बस ने 10.30 घंटे में मेरठ की दूरी तय की है।

# प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो प्रेमिका चढ़ गई मोबाइल टावर पर

## पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास किया

**वाराणसी।** थाना क्षेत्र के पश्चिमपुर अहरक गांव में आज सुबह सात बजे एक 21 वर्षीय युवती द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़ने से हड़कंप मच गया। युवती ने कहा कि यदि उसका प्रेमी उससे शादी नहीं करेगा, तो वह कूदकर आत्महत्या कर लेगी। इस घटना के बाद गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और युवती को नीचे उतारने का प्रयास करने लगे। जब ग्रामीणों के प्रयास विफल रहे, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को समझाने-बुझाने का प्रयास किया।



पुलिस ने किसी तरह युवती को टावर से नीचे उतारकर अपने साथ थाने ले आई। इसके बाद दोनों पक्ष के परिजनों को भी थाने बुलाया गया। लड़का और लड़की शादी के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन दोनों के परिजनों के बीच वाद विवाद जारी था। हालांकि पुलिस ने दखल देते हुए दोनों की शादी करा दी। जानकारी के अनुसार, युवती का प्रेम संबंध इसी थाना क्षेत्र के निवासनी गांव के सनी विश्वकर्मा के साथ काफी समय से चल रहा था। लेकिन परिजनों के दबाव के कारण सनी शादी करने से इंकार करने लगा। इससे क्षुब्ध होकर युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि लड़का और लड़की शादी के लिए राजी हो गए हैं, लेकिन अभी भी दोनों के परिजनों को समझाने का प्रयास जारी है। इस घटना ने गांव में चर्चा का विषय बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रेम संबंधों में परिवारों का दबाव कभी-कभी युवाओं को इस तरह के कदम उठाने के लिए मजबूर कर देता है। पुलिस ने भी इस मामले में संवेदनशीलता दिखाई और युवती को सुरक्षित रूप से नीचे उतारने में सफल रही।स्थानीय पुलिस ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति को देखते हुए उसे समझाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज में प्रेम और विवाह के मुद्दों पर विचार करने की आवश्यकता को दर्शाती हैं।

## लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर भीषण हादसा, 4 की मौत, 3 घायल

**वाराणसी।** हैदरगढ़ में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर शनिवार भोर में हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा भिखरा गांव के पास सुबह करीब तीन बजे हुआ, जब तेज रफ्तार इनोवा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इनोवा के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, इनोवा सवार युवक कैंची धाम दर्शन-पूजन के लिए वाराणसी से निकले थे।

# आगरा-मथुरा के लिए भी चलेगी बुलेट ट्रेन

## 350 किमी प्रतिघंटा होगी रफ्तार

**आगरा।** यमुना प्राधिकरण के पांच में से तीन अर्बन सेंटर्स यानी औद्योगिक टाउनशिप को बुलेट ट्रेन आपस में जोड़ेगी। दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट में मथुरा में राया अर्बन सेंटर के पास इटौली गांव और आगरा अर्बन सेंटर के पास एत्मादपुर मदरा गांव के पास में बुलेट ट्रेन के स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इन जगहों पर इलाके को विकसित कर राजस्व जुटाने की योजना में जमीन की तलाश भी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने शुरू कर दी है। सोमवार को



एनएचएसआरसीएल के कंसल्टेंट नाइट फ्रेंक के प्रतिनिधि ने रूट अलाइनमेंट और स्टेशनों की लोकेशन को लेकर यमुना प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उन्हें राया अर्बन सेंटर और आगरा अर्बन सेंटर दोनों जगह करीब 250 एकड़ या अधिक जमीन चाहिए। इस जमीन पर आवासीय व कामर्शियल उपयोग के निर्माण किए जाएंगे। यह बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए अतिरिक्त राजस्व आय का भी माध्यम बनेगा। जहां भी स्टेशन आएंगे, उसके आसपास भी विकास हो सकेगा। इसको लेकर आगरा विकास प्राधिकरण से कंसल्टेंट कंपनी ने संपर्क किया है। आगरा अर्बन सेंटर को पहले ही इनर रिंग रोड इस बुलेट ट्रेन के स्टेशन से जोड़ेगी। यह स्टेशन आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे की एंट्री के पास प्रस्तावित किया गया है।

# 50 हजार से कम फॉलोअर वालों को नहीं मिलेगा टिकट

## शिवराज के टेक्नोलॉजी प्रेम पर पीएम ने की खुलकर बात

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी बुक 'अपनापन' की लॉन्चिंग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके टेक्नोलॉजी प्रेम पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जानते थे कि भारत के विकास में टेक्नोलॉजी की कितनी जरूरत होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें विधायकों और सांसदों को सोशल मीडिया पर सक्रिय कराने के आदेश दिए थे।

शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान पूर्व में हुई एक बैठक का भी जिक्र किया, जिसमें ईमेल पर चर्चा छिड़ी थी। उन्होंने कहा, 'नरेंद्र भाई प्रभारी बनकर आए। मैं प्रदेश का महामंत्री था। एक बैठक हुई चुनाव की तैयारी की। उस बैठक में नरेंद्र भाई ने पूछा कि ये बताओ किसके पास ई मेल आईडी है? अब यहां तो ईमेल आईडी से कोई वास्ता ही नहीं है। लोग एक-दूसरे का चेहरा देखने लगे। एक क्षण सन्नाटा। फिर बाबूलाल जी गौर कहने लगे कि नरेंद्र भाई ये क्या फीमेल फीमेल कर रहे हो। ये फीमेल ईमेल से क्या होने वाला है। यह कहकर वह हंसने लगे। कुछ लोगों के चेहरे पर भी व्यंगात्मक भाव थे।'



उन्होंने कहा, '...मैं युवा मोर्चा के अध्यक्ष के नाते उनसे मिलने जाता था, तो मैं अभी तक मुझे याद है कि कानों पर उनके मफलर बंधा रहता था और कंप्यूटर पर काम करते रहते थे। उनको पता था कि आज अगर भारत का भाग्य बनाना है, विकसित भारत का निर्माण करना है, तो टेक्नोलॉजी बहुत जरूरी है। ...वह बहुत समय से बहुत पहले दूर की देख लेते हैं। आने वाले चीजों को भांपते हैं और उसकी व्यवस्था करने का काम करते हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'जब मेरे जैसे कार्यकर्ता महत्व ही नहीं देते थे कि ये सोशल मीडिया में क्या रखा है। तब उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि हर विधायक और सांसद से कह दो कि 50 हजार से कम फॉलोअर हुए तो खतरा है, टिकट नहीं मिलेगा। जनता को जोड़ने के लिए जरूरी है।

### ...नरेंद्र भाई है दूर दृष्टा

...नरेंद्र भाई है दूर दृष्टा, जिन्होंने एआई का समिट यहां किया। दुनिया भर के एआई जानने वालों को यहां बुलाने का काम किया।'चौहान ने 'अपनापन' नामक इस पुस्तक में प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने 35 वर्षों के संबंधों और अनुभवों का वर्णन किया है। चौहान ने अपनी नयी किताब में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'असाधारण गर्मजोशी और संवेदनशीलता' ने उन्हें 2023 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले एक बड़े राजनीतिक संकट से उबारने में मदद की।

## अमेरिका में भारतीय महिला को मारी गोली

**वर्जीनिया।** अमेरिका के वर्जीनिया राज्य में एक और गुजराती महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक मेहसाणा जिले के जांत्रल गांव की रहने वाली मेघना पटेल को उनकी दुकान में गोली मारी गई। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसर गया। मेघना पटेल पिछले 10 सालों से अमेरिका में रह रही थीं और अपने पति के साथ दुकान पर काम करती थीं। घटना के समय वह दुकान के अंदर मौजूद थीं, तभी एक अज्ञात हमलावर वहां पहुंचा और हमला कर दिया। घटना के दौरान एक नकाबपोश शख्स दुकान में घुसा। उसने कुछ देर तक चारों तरफ देखा और फिर अचानक अपनी कमर से पिस्तौल निकालकर मेघना पटेल पर कई गोलियां चला दीं। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। यह पूरी वारदात दुकान में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावर अंदर आता है, कुछ सेकंड रुकता है और फिर गोली चलाकर लगभग 26 सेकंड में मौके से भाग जाता है। पुलिस को शक है कि यह हमला लूट के इरादे से किया गया हो सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी गई है।

# 'J&K, लद्दाख भारत के अभिन्न-अविभाज्य अंग'

## चीन-PAK के ज्वाइंट स्टेटमेंट पर भारत की खरी-खरी

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

चीन और पाकिस्तान के ज्वाइंट स्टेटमेंट में जम्मू कश्मीर के जिक्र के बाद अब भारत ने इस प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, चीन और पाकिस्तान के बीच जॉइंट स्टेटमेंट में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के बेवजह जिक्र को पूरी तरह से खारिज करता है। भारत का रुख एक जैसा है और संबंधित पार्टियों को अच्छी तरह पता है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी दूसरे देश को इस पर कमेंट करने का हक नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां तक तथाकथित चीन-पाकिस्तान इको नॉमिक कॉरिडोर (CPEC) प्रोजेक्ट्स की बात है, जिनमें से कुछ भारत के सॉवरेन इलाके में हैं, हम दूसरे देशों के ऐसे किसी भी कदम का कड़ा विरोध करते हैं और उसे खारिज करते हैं, जिससे पाकिस्तान के इन इलाकों पर गैर-कानूनी और जबरदस्ती के कब्जे को मजबूत करने या उसे सही ठहराया जा सके, जिससे भारत की संप्रभुता और इलाके की एकता पर असर पड़े। यह बात पाकिस्तानी और चीनी अधिकारियों को कई बार साफ-साफ बता दी गई है।



### हमने कभी बाउंड्री एग्रीमेंट को मान्यता नहीं दी है : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि हमने चीन और पाकिस्तान के बीच तथाकथित 'ट्रांस-बाउंड्री वॉटर रिसोर्स कोऑपरेशन' का जिक्र भी देखा है। क्योंकि दोनों देश कोई बाउंड्री शेयर नहीं करते हैं, इसलिए तथाकथित 'ट्रांस-बाउंड्री वॉटर रिसोर्स कोऑपरेशन' का सवाल ही नहीं उठता। भारत ने पाकिस्तान और चीन के बीच तथाकथित 1963 के बाउंड्री एग्रीमेंट को कभी मान्यता नहीं दी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात भी की है। इस दौरान पाकिस्तान और चीन ने मंगलवार (26 मई 2026) को एक संयुक्त बयान जारी किया है। इस साझा बयान में आगे जम्मू-कश्मीर की मुद्दा उठाया गया। साझा बयान में कहा गया है, पाकिस्तान ने चीन को जम्मू और कश्मीर की हालिया स्थिति बताई है. इस पर चीन ने कहा कि यह विवाद पुराना है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।

# भारतीय रेलवे ने दी पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को मंजूरी



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के ट्रायल को लेकर मंजूरी दे दी है। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने 22 मई, 2026 को आरडीएसओ और उत्तरी रेलवे को लिखे पत्र में 10 डिब्बों वाली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू करने की स्वीकृति दी है।रेलवे बोर्ड ने यह भी बताया कि यह ट्रेन दिल्ली डिवीजन के जींद-सोनीपत खंड पर अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की गति से चलेगी। इसे रेलवे में तकनीकी कायाकल्प के लिहाज से एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय रेलवे ने अपने पत्र में लिखा, "रेलवे सुरक्षा के मुख्य आयुक्त ने 16.03.2026 को भेजे गए आवेदन के संबंध में रेल मंत्रालय की स्वीकृति के संबंध में रेलवे बोर्ड उत्तरी रेलवे के समर्पित खंड (जिंद-सोनीपत) पर 75 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति तक चलने वाले 10 डिब्बों की हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित डीपीआरएस 1200 किलोवाट डीएमयू कोचों को शुरू करने की अनुमति दी गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन का परिक्षण पूरा हो गया है।

## सीएम शुभेंदु का बड़ा ऐलान

# 5 रुपये में मछली-चावल, स्कूल-मंदिरों के पास शराबबंदी

**महानगर नेटवर्क**
**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा की, जिनमें रियायती भोजन, महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय सहायता और शैक्षणिक व धार्मिक संस्थान के पास शराब की दुकानों पर नए प्रतिबंध शामिल हैं। एक जनसभा को संबोधित करते हुए अधिकारी ने कहा कि पूरे राज्य में विशेष कैंटीनों में 5 रुपए में मछली चावल का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने यह भी योजना की कि अन्नपूर्णा योजना के फॉर्म 27 मई से जारी किए जाएगे। इस योजना के तहत, पात्र महिलाओं तो वित्तीय सहायता के रूप में प्रति माह 3,000 रुपए मिलेंगे।



मुख्यमंत्री ने एलान किया कि स्कूलों, कॉलेजों और मंदिरों के एक किलोमीटर के दायरे में शराब की दुकानों की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में एक नई व्यवस्था लागू की गई है। जहां शासक का शासन नहीं, बल्कि कानून का शासन चलता है। सीएम शुभेंदु ने कहा कि हमने पहले दुर्गापुर में एक बैठक की थी, जिसमें बांकुरा, पूर्वी बर्दमान और पश्चिमी बर्दवान शामिल थे। आज हमने नादिया, उत्तर 24 परगना और हुगली पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक बैठक की। मालदा में भी ऐसी ही बैठकें होंगी, जिनमें मुर्शिदाबाद, उत्तर दिजानपुर और दक्षिण दिनाजपुर शामिल होंगे।

## आतंकियों के निशाने पर भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर

**लखनऊ।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर पाक समर्थित गैंगस्टर शहजाद भट्टी अब भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को धमकी दे रहा है। आईएसआई के निशाने पर खास तौर पर वह भारतीय इन्फ्लुएंसर हैं जो सोशल मीडिया पर गोरक्षा सहित हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं और इन्हीं मुद्दों को लेकर पाकिस्तानी गैंगेस्टर व इन्फ्लूएंसर्स को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।

**MAHATRANSCO**
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractor/agencies on Mahatransco E-Tendering website **http://srmetender.mahatransco.in** for following works. **Tender No:- 03/2026-27 RFX No. :- 7000040032 Work :-** Annual Maintenance Contract for the Work Of Arresting Oil Leakage From Various Joints Of EHV Power Transformer /ICTs using Online Gasketing Method (Power Seal Method) At Various EHV S/Stns Under EHV O&M Division Baramati. **Tender Amount :-** RS. 25,00,000.00/-, **EMD :-** RS. 25,000.00/-, **Tender Fees :-** RS. 500/- + GST. **Download of Tender document :-** From Dt. 27.05.2026 00:00:00 to Dt. 10.06.2026 up to 23:59:00 hrs. **Bid Opening :-** Dt. 11.06.2026 after 10:00 hrs. (Tech Bid) Dt. 12.06.2026 after 12:00 hrs. (Price bid) For further details visit our website **http://srmetender.mahatransco.in** and open **above RFX** for downloading tender document, schedules, and annexures.

# 'जबरन बेदखली नहीं की जाएगी'

## दिल्ली जिमखाना क्लब को राहत, हाईकोर्ट में केंद्र का आश्वासन

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार के उस बयान को रिकॉर्ड पर लिया जिसमें कहा गया कि दिल्ली जिमखाना क्लब के खिलाफ कोई जबरन बेदखली नहीं की जाएगी। अगर जरूरत पड़ी तो उचित नोटिस जारी करने के बाद कानून के अनुसार ही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्र सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है कि दिल्ली जिमखाना क्लब को 5 जून तक अपना परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली हाई कोर्ट को भरोसा दिलाया कि 5 जून को दिल्ली जिमखाना क्लब की जमीन पर जबरन कब्जा नहीं लिया जाएगा। उन्होंने अदालत में कहा कि 22 मई को जारी नोटिस में केवल स्थायी पट्टा समाप्त करने और जमीन का दोबारा कब्जा लेने की बात कही गई थी। इस हलफनामे के बाद न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन ने कहा कि केंद्र के 22 मई के आदेश के खिलाफ क्लब के सदस्यों और कर्मचारियों द्वारा दायर मुकदमों में किसी अंतरिम आदेश की जरूरत नहीं है।




सॉलिसिटर जनरल ने स्पष्ट किया कि दिल्ली जिमखाना क्लब की जमीन से बेदखली की कोई भी कार्रवाई उचित नोटिस देने के बाद और कानून के मुताबिक ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल तत्काल कब्जा लेने जैसी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। केंद्र के आदेश में क्लब को परिसर सौंपने को कहा गया था। मेहता ने न्यायमूर्ति झिंगन के समक्ष कहा कि केंद्र का नोटिस क्लब के पक्ष में दिए गए स्थायी पट्टे को समाप्त करने और उसका कब्जा वापस लेने के लिए था।

इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली जिमखाना क्लब पर कब्जा लेने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार और क्लब प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। यह याचिका क्लब के सदस्यों और कर्मचारियों की ओर से दायर की गई थी।

## मकबरा और मंदिर विवाद

# लखनऊ में विवादित ढांचे के पास पुलिस फोर्स तैनात



**लखनऊ।** मलिहाबाद के कसमंडी कलां गांव में बड़े मंगल को देखते हुए प्रशासन विवादित ढांचों की सुरक्षा बढ़ाते हुए बागों में पुलिस कर्मी तैनात किए हैं। साथ ही ढांचों के पास जाने से पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। बीते शनिवार को सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी शाम लगभग साढ़े छह बजे दो पुराने ढांचे के पहुंच कर हनुमान चालीसा पढ़ने की कोशिश की थी। साथ ही मंगलवार को फिर आकर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। जिसके बाद से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। किसी प्रकार माहौल खराब करने वाली गतिविधियां न हो सके। मंगलवार को पुरातत्व की टीम पहुंचने की उम्मीद है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस बल सभी रास्तों के साथ बागों में भी तैनात है। सभी गतिविधियों पर नज़र रखी जा रही है।लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने सोमवार को मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी, अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, मछली शहर सांसद पप्रिया सरोज, कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज से राज पासी राजा कंस पासी का किला बचाने के लिए वीडियो जारी साथ मांगा था।

गृहनिर्माण विभाग | झोपडपट्टी पुर्नवसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

जा.क्र.SRA/ CO/OW/२०२६/२३६७२
दिनांक : २२ /०५/२०२६

### सर्वसाधारण सभेची नोटीस

न.भू.क्र. 1/168, 1/173, 173, 1 डी/168, 174 आणि 5 जी/172, परेल शिवडी डिव्हीजन, टी. जे. रोड, न्यु चायना मिलच्या समोर, शिवडी, मुंबई- 400 015 या मिळकतीवरील नियो. गणेशबाग एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्थेच्या नाव आरक्षणाचा प्रस्ताव प्राधिकरणाकडे दि. 12/05/2026 रोजी प्राप्त झालेला आहे. त्यानुसार नियो. संस्थेच्या मंजूर परि-2 व पुरवणी परि-2 मध्ये पात्र असणाऱ्या झोपडीधारकांची सहकारी गृहनिर्माण संस्था नोंदणी करण्यासाठी आवश्यक असणारी नोंदणीपुर्व सभा घेण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, झो.पु.प्रा. यांच्या दिनांक 21/05/2026 रोजीच्या आदेशान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियुक्ती करण्यात आलेली आहे. त्यानुसार योजनेतील पात्र झोपडीधारकांची नाव आरक्षण सभा, रविवार, दि. 07/06/2026 रोजी सकाळी 10.00 वा. स्थळ : राष्ट्रीय मिल मजदूर संघ, मजदूर मंझील, ग. द. आंबेकर मार्ग, परळ, मुंबई- 400 012 येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदरील सभेत खालील विषयांवर चर्चा होवून निर्णय घेण्यात येणार आहे. तरी सदर सभेत उपस्थित रहावे ही विनंती.

**सभेपुढील विषय**

1. मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
2. नियो. संस्थेच्या नावास मान्यता घेणे व नाव आरक्षण प्रस्ताव दाखल करणेबाबत निर्णय घेणे.
3. संस्थेसाठी नविन उपविधी स्विकारण्यासाठी मंजूरी देणे.
4. संस्थेच्या नोंदणी प्रस्तावावर सहया करण्यासाठी मुख्यप्रवर्तक यांना अधिकार देणे.
5. भाग भांडवल व प्रवेश फी जमा करणेबाबत निर्णय घेणे.
6. संस्थेचे बँक खाते उघडण्यास मुख्यप्रवर्तक यांना प्राधिकृत करणे.
7. मागाहून पात्र होणाऱ्या झोपडीधारकांना संस्थेचे सभासद करुन घेणे अथवा अपात्र झोपडीधारकांचे सभासदत्व रद्द करण्याचे अधिकार कार्यकारी मंडळास देणे.

ठिकाण : मुंबई
दिनांक : 22/05/2026

(ओमकार विचारे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहायक सहकारी अधिकारी
झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

शिक्का

**सुचना :**
- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक निवडणूकीचा कार्यक्रम खालीलप्रमाणे राहील.

| अ.क्र. | वेळ | विषय |
|---|---|---|
| 1 | सभेच्या दिलेल्या वेळेपासून 2 तास | मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांच्यासाठी नामनिर्देशन अर्ज दाखल करणे. |
| 2 | 15 मिनिटे | आलेल्या अर्जांची छाननी करणे. |
| 3 | 15 मिनिटे | नामनिर्देशन पत्र परत घेणे. |
| 4 | 15 मिनिटे | पॅनलची मागणी करणे. |
| 5 | पुढील अर्धातास | चिन्ह वाटप करणे. |

- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक या पदासाठीचे विहीत अर्ज प्राधिकृत अधिकारी यांचेकडे उपलब्ध असतील.
- मुख्यप्रवर्तक पदासाठी एक मतपत्रिका व प्रवर्तक मडळातील सदस्यांसाठी एक मतपत्रिका अशा एकूण 02 मतपत्रिका राहतील.
- विषय पत्रिकेवरील विषय क्र. 1 नुसार मुख्यप्रवर्तकाची निवड होईपर्यंतचे सभेचे प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष म्हणून काम पाहतील त्यानंतर मुख्यप्रवर्तक हे सभाअध्यक्ष म्हणून काम पाहतील. (सदरील सभेत विषय पत्रिकेवर दिलेल्या विषयाशिवाय अन्य विषयावर चर्चा करता येणार नाही)
- सभेस नियोजित संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट-2 मधील पात्र झोपडीधारक पती/पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
- मंजूर परिशिष्ट-2 मधील व्यक्तींनी स्वत:ची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड/निवडणूक ओळखपत्र/पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
- संस्थेच्या पात्र सभासदांना सभागृहात प्रवेश देते वेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
- सभेच्या कामाकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रीकरण करण्यात येईल.
- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची एकूण संख्या सहकारी गृहनिर्माण संस्थांच्या आदर्श उपविधीमध्ये निश्चित केल्याप्रमाणे राहील.

**प्रति,**
**1. श्री./श्रीम. ---------------------------------, परि-2 अ.क्र ------**
**2. मुख्यप्रवर्तक/इतर प्रवर्तक**
**(नियो.) गणेशबाग एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था**
**पत्ता :** न.भू.क्र. 1/168, 1/173, 173, 1 डी/168, 174 आणि 5 जी/172, परेल शिवडी डिव्हीजन, टी. जे. रोड,न्यु चायना मिलच्या समोर, शिवडी, मुंबई- 400015.
**3. संस्थेचे नोटीस बोर्डवर माहितीसाठी**
**4. प्रत माहितीसाठी सविनय सादर**
मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (मुंबई शहर), झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई

# राजकोट में वृद्धों का सहारा बनेगा सद्भावना वृद्धाश्रम

**राजकोट।** वृद्धाश्रम सिर्फ़ भारतीय संस्कृति ही नहीं, बल्कि आज के कलियुग की ज़रूरत भी है। बदकिस्मती से, जैसे-जैसे जॉइंट फ़ैमिली सिस्टम टूट रहा है, बहुत से लोग बेसहारा होते जा रहे हैं। पिछले दस सालों से राजकोट में 'विनुभाई बचुभाई नागरेचा परिसर'सदभावना वृद्धाश्रम चल रहा है। इस वृद्धाश्रम में, जाति या धर्म के भेदभाव के बिना, ज़रूरतमंद बुजुर्गों को नियमों के हिसाब से और संस्था की एडमिशन लिमिट के अंदर इज़्ज़त से रखा जाता है और सभी सुविधाएँ मुफ़्त दी जाती हैं। वृद्धाश्रममें आने वाले ज़रूरतमंद बुजुर्गों से कोई फ़ीस, चार्ज या सब्सक्रिप्शन नहीं लिया जाता है। बुज़ुर्गों को सभी सुविधाएँ मुफ़्त दी जाती हैं।

500 करोड़ रुपये की लागत से, 1400 कमरों में 5000 बेसहारा, बीमार और बिस्तर पर पड़े बुज़ुर्गों को रहने की जगह दी जाएगी। दुनिया का सबसे बड़ा मुफ़्त सदभावना ओल्ड एज होम, नया विनुभाई बचुभाई नागरेचा परिसर, बेसहारा, बीमार और बिस्तर पर पड़े बुज़ुर्गों को ज़िंदगी भर के लिए पूरी तरह से मुफ़्त में रखेगा। जिसमें 7 टावर में हर टावर में 11 फ्लोर होंगे, ताकि हर व्यक्ति को काफी जगह और देखभाल मिल सके। साथ ही, जैन समुदाय के बुजुर्गों के लिए एक पूरा टावर अलग से बनाया गया है जहां एक मंदिर भी बनाया गया है। 'विनुभाई बचुभाई नागरेचा परिसर' सदभावना वृद्धाश्रम20 लाख स्क्वायर फीट में बना है।सदभावना वृद्धाश्रमकी बात करें तो, सदभावना वृद्धाश्रमएक खास वृद्धाश्रमहै जो निःसंतान, बेसहारा, बिस्तर पर पड़े और कैंसर और कोमा में पड़े बुजुर्गों को सम्मान और लगन के साथ जीवन भर मुफ्त देखभाल देने के लिए समर्पित है।



# तिहाड़ जेल के कैदी ने मेरठ में रचाई शादी

## छह हत्याओं के मामले में काट रहा उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी ने कड़ी सुरक्षा के बीच शादी रचाई है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि कैदी पर छह लोगों की हत्या का आरोप है और वह तिहाड़ सेंट्रल जेल में अपनी सजा काट रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कैदी का नाम वाजिद है और उसने कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच मेरठ स्थित अपने पैतृक गांव में शादी रचाई है।उन्होंने बताया कि वाजिद को पैरोल और सीमित अवधि के लिए विशेष अनुमति मिलने के बाद सोमवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम तिहाड़ जेल से समोली गाँव लेकर पहुंची। पुलिस टीम सबसे पहले सुबह दौराला पुलिस स्टेशन पहुंची, जहां वाजिद को उसके गांव ले जाने से पहले कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। पुलिस के अनुसार, निकाह की रस्म मेरठ के पावती अफजलपुर की रहने वाली यास्मीन के साथ, रिश्तेदारों और कुछ चुनिंदा मेहमानों की मौजूदगी में संपन्न हुई। समारोह के दौरान ग्रामीणों और आस-पास के इलाकों से आए लोगों में काफी उत्सुकता देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम पर नजर रखने के लिए दिल्ली पुलिस की टीम के साथ-साथ स्थानीय पुलिसकर्मी भी तैनात रहे। पीटीआई को दौराला के सर्किल ऑफिसर प्रकाशचंद अग्रवाल ने बताया कि रस्में पूरी होने के बाद पुलिस टीम वाजिद को वापस राष्ट्रीय राजधानी ले गई। दिल्ली के कारोबारी मुस्लिम त्यागी और उनके परिवार के पांच सदस्यों की हाई-प्रोफाइल हत्या के मामले में वाजिद पिछले करीब एक दशक से जेल में बंद है।



### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को सूचना दी जाती है कि ओल्ड प्रभादेवी रोड पर स्थित, बॉम्बे के पंजीकरण जिले और उप-जिले में, बॉम्बे द्वीप में, भूमि का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा जिस पर चॉल और आवासीय घर बने हैं, जिसका क्षेत्रफल लगभग 2676.50 वर्ग मीटर है जो 3225 वर्ग गज के बराबर है, जो अंतिम टी.पी. योजना IV में मूल प्लॉट नंबर 109 और अंतिम प्लॉट नंबर 1247 क्षेत्रफल 1548 वर्ग गज और 1248 क्षेत्रफल 1677 वर्ग गज है, जो माहिम प्रभाग के नंबर (भाग) 1/3452, नया सर्वेक्षण नंबर (भाग) ए/1678 और कैडस्ट्रल सर्वेक्षण नंबर 8 (भाग) के तहत दर्ज है (जिसे इसके बाद ₹उक्त संपत्ति₹ कहा गया है), के संबंध में दावे या आपत्तियां, यदि कोई हों, तो इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराएं. बिक्री, विनिमय, उपहार, पट्टा, किरायेदारी, विरासत, बंधक, ग्रहणाधिकार, प्रभार, ट्रस्ट, कब्जा, सुखाधिकार या अन्यथा किसी भी प्रकार से उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा, अधिकार, शीर्षक स्वामित्व, हित या आपत्ति रखने वाला कोई भी व्यक्ति नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी को इसकी सूचना देगा, जिसमें विफल रहने पर ऐसा दावा, यदि कोई हो, तो उसे त्याग दिया गया माना जाएगा.

**एडवोकेट मनोज कुमार**
कार्यालय नंबर 9, 3री मंजिल, भवन नंबर 34, रत्नादीप, मारुति लेन, फोर्ट, मुंबई-01
ईमेलः adv.manojk@gmail.com
स्थानः मुंबई दिनांकः 27.05.2026

## पेज 1 का शेष

### ईंधन की जमाखोरी करने वालों पर होगी कार्रवाईः मुख्यमंत्री

के खिलाफ अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि घबराहट में अनावश्यक भंडारण न करें, क्योंकि राज्य में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार अकोला जिले में डीजल की खपत में 115 प्रतिशत तक की असामान्य बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसके अलावा छत्रपति संभाजीनगर, बीड, भंडारा, बुलढाणा, चंद्रपुर, गोंदिया और हिंगोली जैसे जिलों में भी 70 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त खपत सामने आई है। उन्होंने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त आपूर्ति भी की गई है। फडणवीस ने कहा कि किसानों को डीजल की कमी न हो, इसके लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन कुछ लोग स्थिति का गलत फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। सामान्य श्रेणी के ईंधन की खपत तेजी से बढ़ रही है, जबकि कमर्शियल ईंधन की खपत में गिरावट देखी जा रही है। इससे आशंका है कि सामान्य श्रेणी के ईंधन का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं।

### मीरा रोड में बकरीद से पहले बवाल

आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इलाके में तनाव और बढ़ गया। VHP और बजरंग दल के कार्यकर्ता बिल्डिंग के गेट पर बैठ गए। जय श्री राम के नारे लगाने लगे। दिनभर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। प्रदर्शनकारी आरोपियों की गिरफ्तारी और सोसाइटी से बकरियों को हटाने की मांग कर रहे थे। इस बीच, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार अलग-अलग समूहों से बातचीत करते रहे। ये मामला उस वक्त ज्यादा तूल पकड़ लिया, जब कुछ लोग पिंक पिग यानी सुअर लेकर पहुंचे।

### 'संयुक्त बयान में पहलगाम हमले की निंदा, समुद्री सुरक्षा पर बनी सहमति'

है, जिसका मकसद खनन, प्रसंस्करण, पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) और निवेश जैसे क्षेत्रों में विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है। इसका मकसद सरकारी और निजी क्षेत्र की मदद से सहयोग बढ़ाना है, ताकि आधुनिक उद्योगों और नई तकनीकों के लिए जरूरी आपूर्ति प्रणाली सुरक्षित और मजबूत बन सके। मंत्रियों ने समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता, बिना बाधा व्यापार और नाविकों की सुरक्षा पर भी जोर दिया।

# पत्नी के साथ बैलगाड़ी पर पोलिंग बूथ पहुंचे अमरिंदर राजा वडिंग

**मुक्तसर।** पंजाब कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग मंगलवार को स्थानीय निकाय चुनाव के दौरान अपनी पत्नी अमृता के साथ बैलगाड़ी पर सवार होकर मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कदम पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ आम लोगों की परेशानी को उजागर करने के लिए उठाया गया है। पंजाब के मुक्तसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वडिंग ने कहा कि पेट्रोल की कीमत 105 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है, जबकि डीजल 95 रुपये प्रति लीटर के करीब है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और बैलगाड़ी से मतदान केंद्र पहुंचकर वह केंद्र सरकार को एक प्रतीकात्मक संदेश देना चाहते हैं कि लोगों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए। सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2.61 से 2.71 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई थी। पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में यह चौथी बढ़ोतरी है। 15 मई से ईंधन कीमतों में संशोधन दोबारा शुरू होने के बाद अब तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की कुल बढ़ोतरी हो चुकी है, जिससे महंगाई और परिवहन लागत बढ़ने की चिंता भी तेज हो गई है।

# व्यापार तेजी से आगे बढ़े, घर में सुख-समृद्धि पाने के वास्तु उपाय

**भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा करें**

**धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान गणेश विघ्नों को दूर करते हैं और मां लक्ष्मी सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं। ऐसे में कार्यस्थल पर उनकी पूजा करना शुभ माना जाता है। नियमित रूप से दीपक और कपूर जलाने से वातावरण सकारात्मक बना रहता है और मन में नई ऊर्जा का संचार होता है।**

**हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी नौकरी में सफलता मिले, व्यापार तेजी से आगे बढ़े और घर में सुख-समृद्धि बनी रहे। कई बार मेहनत और प्रयास करने के बावजूद मनचाही सफलता नहीं मिल पाती। वास्तु शास्त्र के अनुसार इसके पीछे घर या कार्यस्थल में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा और वास्तु दोष भी एक कारण हो सकते हैं। मान्यता है कि यदि आसपास का वातावरण सकारात्मक हो तो व्यक्ति का आत्मविश्वास बढ़ता है और कामों में आने वाली बाधाएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। ऐसे में कुछ आसान वास्तु उपाय अपनाकर नौकरी और व्यापार में उन्नति के रास्ते खोले जा सकते हैं।**

**उत्तर दिशा को हमेशा रखें साफ-सुथरा**

वास्तु शास्त्र में उत्तर दिशा को धन और करियर की दिशा माना गया है। यह दिशा भगवान कुबेर से संबंधित मानी जाती है। इसलिए घर या ऑफिस की उत्तर दिशा में गंदगी, भारी सामान या कबाड़ नहीं रखना चाहिए। मान्यता है कि इस दिशा को साफ और व्यवस्थित रखने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और तरक्की के अवसर बढ़ने लगते हैं। सही दिशा में बैठकर करें काम वास्तु अनुसार नौकरी या व्यापार करने वाले लोगों को काम करते समय पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठना शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। वहीं, पीठ के पीछे मजबूत दीवार होना आत्मविश्वास और स्थिरता का प्रतीक माना जाता है।



**मुख्य द्वार रखें आकर्षक**

घर, दुकान या ऑफिस का मुख्य द्वार सकारात्मक ऊर्जा के प्रवेश का स्थान माना जाता है। इसलिए यहां साफ-सफाई और रोशनी का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वास्तु अनुसार मुख्य द्वार पर स्वस्तिक, शुभ-लाभ या भगवान गणेश की तस्वीर लगाना शुभ माना गया है। इससे वातावरण में सकारात्मकता बनी रहती है।

**तिजोरी की दिशा का रखें ध्यान**

वास्तु शास्त्र के अनुसार तिजोरी या धन रखने वाली अलमारी को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना शुभ माना जाता है। साथ ही तिजोरी का दरवाजा उत्तर दिशा की ओर खुलना चाहिए। मान्यता है कि इससे धन में स्थिरता बनी रहती है और आर्थिक परेशानियां कम होने लगती हैं।

**टूटे सामान तुरंत हटाएं**

घर या कार्यस्थल में टूटे इलेक्ट्रॉनिक सामान, बंद घड़ियां या बेकार वस्तुएं नकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। वास्तु के अनुसार ऐसी चीजें व्यक्ति की प्रगति में बाधा पैदा कर सकती हैं। इसलिए समय-समय पर अनावश्यक वस्तुओं को हटाते रहना चाहिए।

# पूजा के समय भूलकर भी न करें ये गलतियां

**हिंदू धर्म में पूजा पाठ के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं, जिनका पालन करना जरूरी होता है। कुछ देवी और देवताओं को कुछ फूल नहीं चढ़ाते हैं, तो किसी को तुलसी का पत्ता प्रिय है तो किसी की पूजा में तुलसी वर्जित है। यदि देवी और देवताओं को वर्जित पदार्थ अर्पित करते हैं तो वे नाराज हो सकते हैं या नियम विरुद्ध पूजा करने से उसका पूर्ण फल आपको प्राप्त नहीं होगा या वह पूजा निष्फल हो सकती है। आइए जानते हैं कि पूजा के समय में क्या नहीं करना चाहिए।**



पूजा के समय आपको ध्यान रखना चाहिए कि देवी और देवताओं की मूर्तियां खंडित न हों। खंडित मूर्तियों की पूजा करना या रखने से दोष लगता है।

गणेश जी और भगवान शिव को पूजा में तुलसी के पत्ते अर्पित न करें। महादेव को केतकी का फूल नहीं चढ़ाना चाहिए।

जब आप पूजा करें तो देवी और देवता को ताजे फूल अर्पित करें। पूजा में बासी या मुरझाए फूल का उपयोग न करें। बासी या मुरझाए फूल वर्जित हैं। ऐसे ही ताजा जल भगवान को अर्पित करना चाहिए।

पूजा करते समय आपका मुख उत्तर, पूर्व या ईशान कोण में होना चाहिए। दक्षिण दिशा में मुख करके पूजा नहीं करते हैं क्योंकि दक्षिण की दिशा पितरों की होती है।

पूजा के समय जब आरती प्रारंभ हो जाए तो उसे बीच में छोड़कर नहीं जाना चाहिए। जब आरती पूरी हो जाए तब वहां से जाएं, नहीं तो दोष लगता है।

पूजा में कोई भी दीपक या आरती का दीपक किसी दूसरे हुए जलते दीपक से नहीं जलाना चाहिए। ऐसा करने से धन हानि और सेहत पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। दीपक को माचिस से जलाएं।

पूजा के समय आप जब दीपक जलाएं तो इस बात का ध्यान रखें कि वह बीच में न बुझे। दीपक का बुझना अशुभ होता है। इसलिए पूजा के समय हवा का ध्यान रखें।

जब भी पूजा करें तो कुश या कंबल के बने आसन पर बैठकर करें। सीधे जमीन पर बैठकर पूजा करने की मनाही है। पूजा संपन्न होने के बाद आसन को हटा देना चाहिए।

पूजा के समय गुस्सा नहीं करना चाहिए और न ही किसी को अपशब्द बोलना चाहिए। पूजा के लिए मन का शांत और पवित्र होना जरूरी है। झूठ, निंदा, घृणा आदि से पूजा का शुभ फल नष्ट होता है।

पूजा के लिए साफ कपड़े पहनें। अशुद्ध वस्त्रों का त्याग कर देना चाहिए। पूजा में चमड़े से बनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करना चाहिए। जूता, चप्पल आदि को पूजा स्थान से दूर रखना चाहिए।

दोपहर के समय में पूजा नहीं करते हैं, यह समय देवी और देवताओं के विश्राम के लिए होता है। साथ ही पूजा में राहुकाल का ध्यान रखते हैं।

# परफेक्ट विंग आइलाइनर लगाने के लिए टेप का इस्तेमाल करें

मेकअप की दुनिया में विंग आइलाइनर का ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। चाहे पार्टी लुक हो, ऑफिस मेकअप या फिर कैजुअल स्टाइल, एक परफेक्ट विंग आइलाइनर आंखों की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देता है। हालांकि, ज्यादातर लड़कियों की सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि विंग आइलाइनर दोनों आंखों में एक जैसा नहीं बन पाता। कई बार लाइन टेढ़ी हो जाती है, तो कभी विंग का शेप बिगड़ जाता है। अगर आप भी विंग आइलाइनर लगाने में घंटों लगा देती हैं या हर बार उसे हटाकर दोबारा बनाना पड़ता है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान ट्रिक्स और सही तकनीक अपनाकर आप घर पर ही प्रोफेशनल जैसी शार्प और क्लीन विंग बना सकती हैं। परफेक्ट विंग आइलाइनर लगाना मुश्किल जरूर लग सकता है, लेकिन सही तकनीक और थोड़ी प्रैक्टिस से इसे आसानी से सीखा जा सकता है। अगर आप इन आसान ट्रिक्स को अपनाएंगी, तो हर बार शार्प और प्रोफेशनल कैट-आई लुक पा सकेंगी।



मेकअप एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सही आइलाइनर चुनना, हाथ को स्थिर रखना और छोटे-छोटे स्ट्रोक्स का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। खास बात यह है कि बिगिनर्स भी इन आसान ब्यूटी हैक्स की मदद से पहली बार में ही शानदार कैट-आई लुक पा सकती हैं। आइए जानते हैं विंग आइलाइनर लगाने की कुछ ऐसी आसान ट्रिक्स, जो आपके मेकअप गेम को पूरी तरह बदल सकती हैं।

**टेप का इस्तेमाल करें**

अगर आपका विंग आइलाइनर हर बार टेढ़ा हो जाता है, तो टेप का इस्तेमाल करें। आंखों के कोने से भौंहों की तरफ हल्का टेप लगाएं और उसी दिशा में आइलाइनर बनाएं। इससे विंग एकदम शार्प और बराबर बनेगा।

**पहले हल्की आउटलाइन बनाएं**

सीधे मोटा आइलाइनर लगाने के बजाय पहले पतली लाइन से आउटलाइन तैयार करें। इससे गलती होने की संभावना कम रहती है और आप आसानी से शेप को सही कर सकती हैं। एक बार में पूरी लाइन खींचने की कोशिश न करें। छोटे-छोटे स्ट्रोक्स में आइलाइनर लगाने से लाइन ज्यादा साफ और कंट्रोल में बनती है। यह ट्रिक खासतौर पर बिगिनर्स के लिए बेहद फायदेमंद मानी जाती है।



**सही आइलाइनर चुनना भी जरूरी**

अगर आप पहली बार विंग आइलाइनर लगा रही हैं, तो पेन या जेल आइलाइनर का इस्तेमाल करें। लिक्विड आइलाइनर की तुलना में इन्हें कंट्रोल करना आसान होता है और इससे स्मूद फिनिश मिलती है।

**कॉटन बड रखें साथ**

आइलाइनर लगाते समय छोटी-मोटी गलतियां होना सामान्य है। ऐसे में कॉटन बड और मेकअप रिमूवर साथ रखें। इससे खराब हुई लाइन को तुरंत ठीक किया जा सकता है और मेकअप खराब नहीं होता।

# आज का राशिफल



**मेष राशि -** आपकी राशि के छठवे भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। प्रथम भाव में स्वराशि के मंगल आपको साहस प्रदान करेंगे, जिससे करियर में अटके हुए कार्यों को गति मिलेगी। बिजनेस में नई शुरुआत और पार्टनरशिप लाभदायक रहेगी। आर्थिक लाभ के योग है, जिससे निवेश की योजना सफल होगी। लव लाइफ में रोमांस बढ़ेगा और जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बना रहेगा। कल आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, जिससे आप मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

**वृषभ राशि -** मेहनत और अनुशासन के माध्यम से विजय प्राप्ति का है, क्योंकि आपकी राशि के पंचम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। आपकी राशि में सूर्य और बुध की उपस्थिति करियर में आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाएगी। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, लेकिन आपकी मेहनत आपको सफलता दिलाएगी। बिजनेस में शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे और आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन राशि -** आपके लिए रचनात्मकता और संतान सुख में वृद्धि का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के चतुर्थ भाव में चंद्रमा विराजमान हैं। आपकी राशि में गुरु और शुक्र की युति करियर में तरक्की के नए द्वार खोलेगी और आपकी प्रतिभा को पहचान मिलेगी। बिजनेस में नवाचार से लाभ होगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रेम प्रसंगों में सफलता मिलेगी और रिश्तों में आकर्षण बढ़ेगा। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता के प्रबल योग हैं।

**कर्क राशि -** आपके लिए सुख-सुविधाओं और पारिवारिक मजबूती का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के तृतीय भाव में चंद्रमा संचरण कर रहे हैं। करियर के क्षेत्र में स्थिरता आएगी और कार्यस्थल पर सुखद माहौल रहेगा। बिजनेस में जमीन-जायदाद या वाहन से संबंधित कार्यों में बड़े लाभ के योग हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, जिससे आप निवेश की योजना बना सकते हैं। लव लाइफ में पार्टनर के साथ भावनात्मक गहराई बढ़ेगी। कल आप स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और योग-ध्यान को अपनाएं।

**सिंह राशि -** आपके लिए आत्मविश्वास और व्यक्तित्व प्रभाव में वृद्धि का होगा, क्योंकि आपकी राशि के द्वितीय भाव में चंद्रमा और केतु विराजमान हैं। करियर में आपकी नेतृत्व क्षमता की सराहना होगी और कार्यस्थल पर नई चुनौतियों को आप अवसरों में बदल देंगे। बिजनेस में नई शुरुआत के बेहतरीन अवसर मिलेंगे और आर्थिक लाभ संतोषजनक रहेगा।

**कन्या राशि -** आपके लिए धन संचय और वाणी के प्रभाव का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के प्रथम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। करियर में आपकी तार्किक क्षमता और व्यवहार आपको बड़ी सफलता दिलाएंगे। व्यापार में धन लाभ के प्रबल अवसर हैं, जिससे आपकी आय में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निवेश के लिए समय बहुत लाभकारी है। लव लाइफ में मधुर संवाद संबंधों को और गहरा करेगा। दांपत्य जीवन में सुखद स्थिरता आएगी।

**तुला राशि-** आपके लिए नई ऊर्जा और मानसिक स्पष्टता का होगा, क्योंकि आपकी राशि के द्वादश भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। चंद्रमा का आपकी राशि में होना व्यक्तित्व में आकर्षण पैदा करेगा। करियर में आपकी एकाग्रता और मेहनत आपको बड़ी सफलता दिलाएगी। बिजनेस में विस्तार के अवसर मिलेंगे और आर्थिक लाभ संतोषजनक रहेगा।

**वृश्चिक राशि -** आपके लिए सावधानी और बजट प्रबंधन का है, क्योंकि आपकी राशि के एकादश भाव में चंद्रमा स्थित हैं। करियर के सिलसिले में अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है, जो थोड़ी थकान भरी होगी। बिजनेस में जोखिम भरे निवेश और अनावश्यक खर्चों से बचें, आर्थिक हानि हो सकती है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा के कारण मानसिक तनाव संभव है। लव लाइफ में पार्टनर के साथ गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें।

**धनु राशि-** आपके लिए लाभ और उपलब्धियों की सौगात लेकर आएगा, क्योंकि आपकी राशि के दशम भाव में चंद्रमा विराजमान हैं। करियर में तरक्की के प्रबल संकेत हैं और आपकी मेहनत का फल प्रमोशन के रूप में मिल सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध होंगे जो भविष्य में बड़े लाभ दिलाएंगे। पुराने निवेशों से आर्थिक लाभ होगा, जिससे आप प्रसन्न रहेंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी और आप पार्टनर के साथ भविष्य की सुखद योजनाएं बनाएंगे।

**मकर राशि -** आपके लिए करियर और कार्यस्थल पर वर्चस्व का होगा, क्योंकि आपकी राशि के नवम भाव में चंद्रमा संचरण कर रहे हैं। नौकरी में आपके काम की गुणवत्ता आपको पदोन्नति और सम्मान दिला सकती है। बिजनेस में स्थिरता आएगी और व्यापार विस्तार के नए अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी और आय के नए मार्ग खुलेंगे।

**कुंभ राशि-** आपके लिए भाग्य की चमक और लंबी यात्राओं का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि के अष्टम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। करियर में भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे नई शुरुआत और प्रमोशन के अवसर मिलेंगे। बिजनेस में किया गया निवेश सफल रहेगा और आर्थिक लाभ सुनिश्चित होगा। प्रेम संबंधों में गहराई आएगी और पार्टनर के साथ किसी धार्मिक या लंबी यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन राशि-** आपके लिए थोड़ा संभलकर चलने और धैर्य बनाए रखने का है, क्योंकि आपकी राशि के सप्तम भाव में चंद्रमा गोचर कर रहे हैं। शनि आपकी राशि में होने से जिम्मेदारी बढ़ाएंगे। करियर में अचानक आई चुनौतियां आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं। बिजनेस में उधारी के लेनदेन से बचें। रिश्तों में पारदर्शिता बनाए रखें, पार्टनर के साथ विवाद की स्थिति बन सकती है।

# गर्मी से बचाव के जरूरी उपाय अपनाने की सलाह

**देश के कई राज्यों में इस समय तेज गर्मी और लू का असर देखने को मिल रहा है। कई जगहों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जिससे बच्चों की सेहत पर सबसे ज्यादा खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, छोटे बच्चों का शरीर गर्मी को जल्दी महसूस करता है, उनमें डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का जोखिम ज्यादा रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी WHO ने माता-पिता को बच्चों की देखभाल को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है।**



बच्चों का शरीर बड़े लोगों की तुलना में तापमान को नियंत्रित करने में कमजोर होता है। तेज धूप और गर्म हवाओं के संपर्क में आने पर उनके शरीर का तापमान तेजी से बढ़ सकता है। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो बच्चा हीट एक्सॉशन या हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थिति का शिकार हो सकता है। खासकर जो बच्चे बाहर खेलते हैं या पर्याप्त पानी नहीं पीते, उनमें यह खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है।

लू लगने पर दिख सकते हैं ये संकेत स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, अगर बच्चे को लू लगती है तो शरीर कुछ संकेत देने लगता है। बच्चे का शरीर बहुत ज्यादा गर्म हो सकता है और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच सकता है। इसके अलावा तेज सिरदर्द, बहुत ज्यादा पसीना आना, मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन, तेज दिल की धड़कन और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। कई बच्चों में कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी जैसा महसूस होना और चिड़चिड़ापन भी देखा जा सकता है। गंभीर स्थिति में बच्चा बेहोश भी हो सकता है।

बच्चे को लू लगने तो तुरंत क्या करें? WHO के अनुसार, अगर बच्चे में गर्मी से जुड़ी परेशानी के लक्षण दिखें तो सबसे पहले उसे धूप से हटाकर ठंडी या छायादार जगह पर ले जाएं। अगर बच्चा होश में है तो उसे धीरे-धीरे पानी, ओआरएस या नींबू पानी पिलाएं ताकि शरीर में पानी की कमी पूरी हो सके। बच्चे को आराम से लिटाकर उसके पैरों को थोड़ा ऊपर रखें। इसके बाद ठंडे पानी से शरीर को स्पंज करना भी फायदेमंद माना जाता है। अगर बच्चा उल्टी कर रहा हो तो उसे करवट के बल लिटाएं ताकि सांस लेने में दिक्कत न हो।

इन गलतियों से बचने की सलाह विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बच्चा बेहोश हो जाए तो उसे जबरदस्ती पानी या खाना देने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। बच्चे को तेज धूप में छोड़ना या भारी कपड़े पहनाना भी खतरनाक हो सकता है। गर्मियों में बच्चों को हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनाने की सलाह दी जाती है ताकि शरीर को ठंडक मिलती रहे। बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं ये उपाय हेल्थ एक्सपर्ट्स माता-पिता को सलाह देते हैं कि दोपहर के समय बच्चों को बाहर खेलने के लिए न भेजें। घर से बाहर निकलते समय बच्चों के साथ पानी की बोतल, टोपी और छाता जरूर रखें। समय-समय पर उन्हें पानी, नारियल पानी या अन्य तरल चीजें देते रहें ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे। डॉक्टरों का कहना है कि थोड़ी सी सावधानी और समय पर ध्यान देकर बच्चों को गर्मी से होने वाली गंभीर समस्याओं से बचाया जा सकता है। अगर बच्चे की हालत ज्यादा खराब लगे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

# आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति की नई पहल

आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से धार्मिक यूट्यूब चैनल "Madhava's Swar" का भव्य शुभारंभ 25 मई को रॉयल पाम स्थित माधवा स्वर ऑफिस में किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध आध्यात्मिक सलाहकार प्रतिभा ए. शर्मा ने अपने "माधवा परिवार" के सदस्यों ममता बंसल, विजय जी, अजय जी, शुभांगी, पूजा, प्रियंका, वेद, राजकुमार, ख़ुशी, जयेश, सोमेश और अक्षत के साथ मिलकर चैनल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध गायक जसविन्दर सिंह उपस्थित रहे। साथ ही निर्देशक जयदेव चक्रवर्ती, प्रिंसिपल दीपा चक्रवर्ती, अभिनेत्री पिंकी चिनॉय, अभिनेता वंशित, अभिनेता संजय तथा अधिवक्ता विपिन, वकील ने भी समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक सलाहकार प्रतिभा ए. शर्मा ने बताया कि "Madhava's Swar" चैनल का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को बीज मंत्रों और मंत्र जाप के माध्यम से आध्यात्मिकता से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनाव के बीच मंत्र साधना युवाओं को मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतुलन प्रदान कर सकती है।



समारोह में उपस्थित अतिथियों ने चैनल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को डिजिटल माध्यम से युवाओं तक पहुँचाने का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है। कार्यक्रम का समापन भजन, मंत्रोच्चार और सभी अतिथियों के आशीर्वचन के साथ हुआ।

# घर पर बनाएं खट्टा-मीठा आम पन्ना

**गर्मी का मौसम आते ही सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि खुद को ठंडा और एनर्जेटिक कैसे रखा जाए। बाहर की तेज धूप, गर्म हवाएं और शरीर में पानी की कमी कई बार थकान और चिड़चिड़ापन बढ़ा देती हैं। ऐसे में हर किसी को एक ऐसे देसी ड्रिंक की तलाश होती है जो स्वादिष्ट भी हो और शरीर को राहत भी दे। यहीं जगह बनाता है आम पन्ना -एक ऐसा ट्रेडिशनल ड्रिंक जो पीढ़ियों से गर्मियों का हिस्सा रहा है। दादी-नानी के हाथों का बना आम पन्ना सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि सेहत का भी खजाना है। कच्चे आम की खटास, गुड़ की मिठास और मसालों का जबरदस्त कॉम्बिनेशन इसे खास बनाता है।**




**यह ड्रिंक न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है बल्कि लू से बचाने में भी मदद करता है। सबसे अच्छी बात ये है कि इसे घर पर बहुत आसानी से बनाया जा सकता है और कुछ दिन तक स्टोर भी किया जा सकता है, अगर आप भी इस गर्मी में बाहर की बोतल वाली ड्रिंक्स को छोड़कर कुछ हेल्दी और देसी ट्राय करना चाहते हैं, तो यह आम पन्ना रेसिपी आपके लिए।**

1. **सही कच्चे आम का चुनाव करें :-** सबसे पहले आधा किलो कच्चे आम लें। ध्यान रखें कि आम अच्छे खट्टे हों, तभी स्वाद बढ़िया आएगा। इन्हें अच्छी तरह धो लें और डंठल वाला हिस्सा साफ कर लें।



2. **आम को उबालें :-** अब कुकर में आम डालें और करीब 1-1.5 गिलास पानी डालकर 4-5 सीटी आने तक पकाएं। इससे आम पूरी तरह नरम हो जाएंगे और पल्प निकालना आसान होगा।
3. **पल्प तैयार करें :-** उबले आम को थोड़ा ठंडा करें और फिर उसका छिलका हटाकर पूरा पल्प निकाल लें। गुठली से भी जितना हो सके पल्प निकालें।
4. **मिक्सचर बनाएं :-** अब इस पल्प को मिक्सर में डालें। इसमें एक कप गुड़, थोड़ा पुदीना, अदरक और 1-2 हरी मिर्च डालें। बिना पानी के इसे ग्राइंड करें ताकि क्रीमी पेस्ट तैयार हो जाए।
5. **स्टोर करने का तरीका :-** तैयार पेस्ट को एक एयरटाइट डिब्बे में भरकर फ्रिज में रखें। इसे आप 1 हफ्ते तक आराम से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आम पन्ना सर्व करने का तरीका :-** जब भी पीना हो, 2-3 चम्मच पेस्ट लें और उसमें ठंडा पानी या सोडा मिलाएं। इसके बाद इसमें भुना जीरा पाउडर, काला नमक, काली मिर्च और थोड़ा सा साधारण नमक डालें। अच्छे से मिक्स करें और ऊपर से पुदीना डालकर सर्व करें, अगर आप चाहें तो गिलास के किनारों पर नमक और लाल मिर्च लगाकर इसे और भी आकर्षक बना सकते हैं। ऊपर से आइस डालें और ठंडा-ठंडा सर्व करें।

**आम पन्ना पीने के फायदे :-** शरीर को तुरंत ठंडक देता है। लू से बचाव में मदद करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। शरीर में एनर्जी बनाए रखता है। डिहाइड्रेशन से बचाता है।

# वैभव सूर्यवंशी का नया लक्ष्य

## अब निशाने पर क्रिस गेल का सबसे बड़ा रिकॉर्ड



**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेहद बड़ा बयान देकर क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। 15 साल के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा है कि उनका लक्ष्य T20 क्रिकेट में पहला दोहरा शतक लगाने का है। वैभव ने साफ कहा कि वह वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल का 175 रन का रिकॉर्ड तोड़ना चाहते हैं। फिलहाल T20 क्रिकेट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर गेल के नाम दर्ज है। वैभव सूर्यवंशी इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के यूट्यूब शो 'The Switch' में नजर आए। इस दौरान पीटरसन ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें अपनी फिफ्टी सेलिब्रेट करना पसंद है? इस पर वैभव ने जवाब दिया, 'मुझे 50 रन सेलिब्रेट करना ज्यादा पसंद नहीं है। मैं T20 में 200 रन बनाना चाहता हूं। मैं क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं।' उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। क्रिस गेल ने IPL 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ नाबाद 175 रन बनाए थे। गेल ने यह पारी सिर्फ 66 गेंदों में खेली थी, जिसमें 13 चौके और 17 छक्के शामिल थे। इसी मैच में उन्होंने 30 गेंदों में शतक जड़ा था, जो आज भी IPL इतिहास का सबसे तेज शतक है।वैभव सूर्यवंशी इस सीजन IPL 2026 के सबसे बड़े युवा सितारे बनकर उभरे हैं। उन्होंने 14 मैचों में 41.64 की औसत और 232.27 की विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 583 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक लगाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 103 रन रहा। वैभव ने इस सीजन 53 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज द्वारा एक IPL सीजन में सबसे ज्यादा हैं। अब वह क्रिस गेल के 59 छक्कों के रिकॉर्ड से सिर्फ 7 छक्के दूर हैं। पिछले साल गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़कर IPL इतिहास का सबसे तेज भारतीय शतक लगाया था। इसके साथ ही वह T20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने IPL करियर की शुरुआत पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर की थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं।वैभव सूर्यवंशी ने इस साल अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 7 मैचों में 439 रन बनाए और टूर्नामेंट के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने इस प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 30 छक्के लगाए, जो अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस के नाम था।वैभव लगातार घरेलू क्रिकेट में भी रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ 58 गेंदों में शतक लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया था। इसके अलावा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने सबसे कम उम्र में शतक लगाने जैसे कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए।

# RCB ने गुजरात टाइटंस को दिया 255 रन का लक्ष्य

## रजत पाटीदार ने खेली 93 रन की शानदार पारी

**महानगर नेटवर्क**
**धर्मशाला**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग का क्वालिफायर 1 मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। बेंगलुरु ने रजत पाटीदार की 33 गेंदों पर 93 रन की शानदार पारी (5 चौके और 9 छक्के) की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर गुजरात टाइटंस को 255 रन का मजबूत लक्ष्य दिया है।

GT के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतने के बाद कहा, 'हम पहले गेंदबाजी करेंगे। यह एक अच्छी विकेट लग रही है, आप जानते हैं, लेकिन हमने देखा है और खासकर इस मैदान पर, दूसरी पारी में थोड़ी ओस पड़ती है, इसलिए बोर्ड पर एक स्कोर होना और एक बड़ी जीत हासिल करना, और फिर उसे चेज करने की कोशिश करना हमेशा अच्छा होता है। मुझे लगता है कि यह मैच पूरी तरह से खेल से समीकरण को बाहर करने के बारे में है। हम सच में बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और उम्मीद है कि हम ऐसा ही करते रहेंगे। मैंने यहां अंडर-14 और अंडर-16 के दिनों में बहुत खेला है। मैंने यहां काफी समय बिताया है, तो हां, उम्मीद है कि यह हमारे लिए फायदेमंद साबित होगा। और हाँ, यह दुनिया के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। हमारी टीम में एक बदलाव है। अर्शद खान की जगह कुलवंत टीम में आए हैं।'

### आकाश चोपड़ा ने ट्रोलर्स को लगाई फटकार

# 'खिलाड़ियों के परिवार को निशाना बनाना शर्मनाक'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



IPL 2026 में विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच हुए विवाद के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच बहस लगातार बढ़ती जा रही है। इस विवाद के बाद अब पूर्व भारतीय ओपनर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने ट्रोलर्स पर जमकर निशाना साधा है।आकाश चोपड़ा ने खिलाड़ियों के परिवार और करीबियों को सोशल मीडिया पर निशाना बनाने वालों को 'सबसे घटिया सोच वाले लोग'बताया। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुकाबले के बाद ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका हेड ने खुलासा किया था कि उनके परिवार और दोस्तों को सोशल मीडिया पर लगातार भद्दे मैसेज और नफरत भरे कमेंट्स मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सब विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर हुई बहस के बाद शुरू हुआ। आकाश चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, 'खिलाड़ियों की पत्नियों और बच्चों को गालियां देना सबसे घटिया हरकत है। ऐसे लोग खुद अपने या अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के खिलाफ थोड़ी आलोचना भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। ये पूरी तरह पाखंडी हैं।' उनका यह बयान तेजी से वायरल हो गया और कई क्रिकेट फैंस ने भी ट्रोलिंग के खिलाफ आवाज उठाई। हैदराबाद में खेले गए मुकाबले के दौरान RCB की बल्लेबाजी के समय विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच मैदान पर तीखी बहस देखने को मिली थी। हालांकि दोनों खिलाड़ियों के बीच क्या बातचीत हुई, यह साफ नहीं हो पाया। मैच खत्म होने के बाद भी मामला चर्चा में रहा, क्योंकि वायरल वीडियो में ट्रेविस हेड विराट कोहली से हाथ मिलाने पहुंचे, लेकिन कोहली उन्हें नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ गए।

# सनराइजर्स से भिड़ने को तैयार सूर्यवंशी और आर्चर

**महानगर नेटवर्क**
**मुल्लांपुर**



अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालीफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। सनराइजर्स की तरफ से भी शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (563 रन), ट्रैविस हेड (393) और ईशान किशन (569) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन नंबर चार पर बल्लेबाजी करने वाले हेनरिक क्लासेन (606) का विशेष रूप से उल्लेख करना जरूरी है, क्योंकि उन्होंने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विस्फोटक क्षमता के बावजूद जायसवाल और हेड के प्रदर्शन में उतनी निरंतरता नहीं रही है जितना वे चाहते थे। सनराइजर्स यकीनन टूर्नामेंट की सबसे आक्रामक टीम है और इसलिए यह कोई हैरानी की बात नहीं थी कि रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा से विपक्षी टीम के शीर्ष चार बल्लेबाजों से निपटने की उनकी रणनीति के बारे में पूछा गया। संगकारा ने कहा, 'उनकी टीम बहुत अच्छी है और वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें खुद पर भरोसा है कि वे खुलकर खेलेंगे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में ऐसा ही किया है। हमें वास्तव में अपनी लय बनाए रखनी होगी। अनुशासित रहना होगा और यह समझना होगा कि वह ऐसी टीम नहीं है जिसे आप 120 या 130 रन पर रोक सकते हैं। हमें अपनी लाइन और लेंथ को लेकर आक्रामक रहना होगा।' श्रीलंका के इस दिग्गज को उम्मीद होगी कि पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले आर्चर एक बार फिर मैच विजेता प्रदर्शन करेंगे, जैसा कि उन्होंने वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में किया था। नांद्रे बर्गर और बृजेश शर्मा ने भी आर्चर का तेज गेंदबाजी विभाग में अच्छा साथ दिया है। युवा लेग-स्पिनर यश राज पुंजा अपने पहले आईपीएल सत्र में ही रवि बिश्नोई से आगे निकलकर प्रमुख स्पिनर के रूप में उभरे हैं, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा को बल्ले और गेंद दोनों से और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। बेखौफ बल्लेबाजी करने वाले सूर्यवंशी एक बार फिर कमिंस, ईशान मलिंगा (19) और साकिब हुसैन जैसे गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करने से नहीं हिचकिचाएंगे। अगर यह युवा बल्लेबाज पावरप्ले में अच्छी शुरुआत देता है तो वह विपक्षी टीम से मैच छीन सकता है। इस मैदान पर इस सत्र में जो चार मैच खेले गए उनमें बल्लेबाजों की तूती बोली। इनमें से तीन मैच में 220 से अधिक रन बने। इनमें मेजबान टीम पंजाब किंग्स द्वारा बनाए गए 254 रन भी शामिल हैं।

# हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस छोड़ सकते हैं!

## अश्विन की रहस्यमयी पोस्ट ने दिया संकेत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**



IPL 2026 में इंडियन प्रीमियर लीग में खराब प्रदर्शन के बाद हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस से बाहर हो सकते हैं। जहां MI पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर रही, वहीं हार्दिक के लिए भी यह सीजन काफी मुश्किल भरा रहा, यहां तक कि व्यक्तिगत तौर पर भी उन्होंने 8 पारियों में सिर्फ 146 रन बनाए और केवल 3 विकेट लिए। हाल ही में MI के कप्तान की इंस्टाग्राम स्टोरी ने फ्रेंचाइजी से उनके बाहर होने की अफवाहों को हवा दी जिसमें फैंस ने इशारा किया कि इस स्टार ऑलराउंडर का CSK में जाना तय हो सकता है। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट की गई तस्वीर में एक लैपटॉप था जिस पर एक फिल्म चल रही थी, साथ में एक नोटबुक, एक पेन और उनका मोबाइल फोन भी था। हालांकि जिस चीज ने फैंस का ध्यान सबसे ज़्यादा खींचा, वह था फोन की स्क्रीन पर दिख रहा समय। समय '07:07' दिखा रहा था और इंटरनेट को इसे MS धोनी से जोड़ने में ज़्यादा समय नहीं लगा। एक फैन की हालिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिसमें पूछा गया था कि क्या CSK को तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को फिर से साइन करना चाहिए, अगर कोलकाता नाइट राइडर्स इस श्रीलंकाई खिलाड़ी को रिलीज करने का फैसला करती है, तो भारत के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन ने एक पहेली भरा संदेश दिया। इस अनुभवी स्पिनर ने उन खास खिलाड़ियों की ओर इशारा किया जिन्हें फ्रेंचाइजी को अगले सीजन में अपनी टीम को मजबूत करने के लिए टारगेट करना चाहिए। पथिराना को रिटेन करने की बात पर जोर देते हुए अश्विन ने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और एक रहस्यमयी खिलाड़ी, जिसे ₹07:07₹ नाम दिया गया था, के नामों का भी सुझाव दिया। फैंस ने इस रहस्यमयी खिलाड़ी को हार्दिक से जोड़ने में जरा भी देर नहीं लगाई और इसके लिए ऑलराउंडर की हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट का हवाला दिया। हार्दिक IPL 2024 से पहले गुजरात टाइटंस के साथ एक ऑल-कैश ट्रेड डील के बाद MI में वापस आए थे; गुजरात टाइटंस वही फ्रेंचाइजी थी जिसे उन्होंने 2022 में खिताब दिलाया था। हालांकि मुंबई में अपनी वापसी के बाद से यह दिग्गज फ्रेंचाइजी उनके कप्तान रहते हुए तीन में से दो सीज़न में प्लेऑफ़ के लिए क्वालिफ़ाई करने में नाकाम रही है, जिसमें 2026 के सीजन में नौवें स्थान पर रहना भी शामिल है।

# भारतीय ओलंपियन तीरंदाज श्याम लाल मीणा का निधन

**महानगर नेटवर्क**
**बांसवाड़ा**

भारत के शुरुआती ओलंपिक तीरंदाजों में से एक और ओलंपिक खेलों में देश की पहली तीरंदाजी टीम के सदस्य रहे श्याम लाल मीणा का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद 61 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मीणा ने एक अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उनका इलाज चल रहा था। पिछले कुछ वर्षों से वे कथित तौर पर लिवर से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के केवडिया गांव में 4 मार्च 1965 को जन्मे मीणा ने साधारण शुरुआत से आगे बढ़ते हुए भारतीय तीरंदाजी के शुरुआती मशालवाहकों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने शुरुआत में पारंपरिक बांस के धनुष से प्रशिक्षण लिया, जिसके बाद उन्हें सरकार की 'स्पेशल एरिया गेम्स' योजना के माध्यम से पहचान मिली; इस योजना ने उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद की। मीणा भारतीय पुरुषों की रिकर्व टीम का हिस्सा थे जिसमें उनके साथ जाने-माने तीरंदाज लिंबा राम और रजत हलदर भी शामिल थे।

# रियान पराग ने खुद को साबित किया कुशल कप्तान

**महानगर नेटवर्क**
**मुल्लांपुर**



क्रिकेट विशेषज्ञों से लेकर सोशल मीडिया तक आलोचकों के निशाने पर रहे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने अपनी टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के प्लेऑफ में पहुंचाकर खुद को एक कुशल नेतृत्वकर्ता साबित कर दिया। असम का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी जब 2019 में पहली बार राजस्थान रॉयल्स से जुड़ा था तभी से उन्हें हर कदम पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। उनका बेहद आत्मविश्वासी होना और बिना लाग लपेट के अपनी बात कहना कई लोगों को नागवार गुजरा उन्हें 'अहंकारी' तक कहा गया। मुंबई में शीर्ष चार में जगह पक्की करने के बाद रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने पराग का बचाव करते हुए कहा था, 'मुझे लगता है कि मैंने ऐसे बहुत कम खिलाड़ी देखे हैं जिनकी रियान की तरह पिछले सात साल से आलोचना हो रही है। वह इस फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं।' पराग ने IPL 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था लेकिन इससे पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें लगातार आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। उन्हें 2024 में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और उन्होंने लगभग 150 के स्ट्राइक रेट से 573 रन बनाए।

# पाकिस्तान सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया की बढ़ी चिंता, टीम के कप्तान हो सकते हैं बाहर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज शुरू होने से पहले बड़ा झटका लग सकता है। टीम के कार्यवाहक कप्तान मिचेल मार्श टखने की चोट और IPL 2026 की थकान के कारण सीरीज से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस टीम की कप्तानी संभाल सकते हैं। मिचेल मार्श ने IPL 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 13 पारियों में 43.30 की औसत और 163.18 के स्ट्राइक रेट से 563 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और तीन अर्धशतक निकले। हालांकि LSG प्लेऑफ की रेस से जल्दी बाहर हो गई थी। मार्श टीम के आखिरी लीग मुकाबले में नहीं खेले



और कैंप छोड़कर ऑस्ट्रेलिया लौट गए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार जोश इंग्लिस पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में टीम की कमान संभाल सकते हैं। इंग्लिस ने भी IPL 2026 में LSG के लिए दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सिर्फ 5 मैचों में 53.20 की औसत और 186.01 के स्ट्राइक रेट से 266 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन अर्धशतक निकले। अगर इंग्लिस कप्तानी करते हैं तो यह पहली बार नहीं होगा। इससे पहले 2024 में भी उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ वनडे में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की थी। उस मुकाबले में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 140 रन पर ऑलआउट कर 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने वह सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

# खिताब बचाने का दबाव सोच बदल देता है : जितेश शर्मा

**महानगर नेटवर्क**
**नागपुर**

आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग टी20 सीजन से पहले गत विजेता नीको मास्टर ब्लास्टर के कप्तान जितेश शर्मा ने खिताब बचाने के दबाव, लगातार सफलता के लिए जरूरी मानसिकता और इस सीजन खिलाड़ियों से अपनी उम्मीदों को लेकर खुलकर बात की। पिछले सीजन टीम को चैंपियन बनाने वाले जितेश का मानना है कि किसी खिताब का बचाव करना, उसे जीतने की कोशिश करने से बिल्कुल अलग मानसिक चुनौती होती है। उन्होंने कहा, 'बात अगर टाइटल डिफेंड करने की हो तो अतिरिक्त दबाव आ ही जाता है।मुझे लगता है कि जब आप किसी चीज का पीछा करते हैं, तो हमेशा सोचते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए। इससे आपकी मानसिकता बदल जाती है।' उन्होंने आगे कहा, 'जब आप जीतने या ट्रॉफी हासिल करने के लिए खेलते हैं, तो हमेशा मैच जीतने की योजना बनाते हैं, लेकिन जब आप खिताब बचाने के बारे में सोचते हैं, तो दिमाग में यह आता है कि हर हाल में जीतना ही जीतना है और इससे आपकी मानसिकता पर फकर् जरूर पड़ता है।' पिछले सीजन की सफलता दोहराने के सवाल पर जितेश ने कहा, 'मुझे लगता है कि वही साधारण और बुनियादी चीजें बार-बार करते रहना जरूरी है' उन्होंने लगातार सफलता के पीछे की प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि, 'कप्तान के तौर पर मैंने हमेशा अपनी टीम में



आजादी, निडरता और भरोसे के माहौल पर जोर दिया। मैं हमेशा सभी से कहता हूं नेचुरल रहो, निडर रहो, प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं। मैदान पर तुम जो भी फैसला लोगे, मुझे भरोसा है कि वह टीम के हित में होगा और मैं उसका सम्मान करूंगा। अगर तुम असफल भी हुए, तब भी मैं तुम्हारे साथ खड़ा रहूंगा। और अगर सफल हुए, तब भी मेरी शाबाशी मिलेगी।' नीको मास्टर ब्लास्टर के कप्तान ने यह भी स्पष्ट करते हुए कहा कि, 'मेरा फोकस सिर्फ नतीजों पर नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के विकास पर भी है। मैं बस चाहता हूं कि इस लीग में खिलाड़ी 2-3 प्रतिशत बेहतर बनें। मैं उनसे बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं कर रहा। मैं सिफर् चाहता हूं कि लीग के अंत तक, एक इंसान और एक क्रिकेटर के तौर पर वे 10 प्रतिशत बेहतर हो जाएं।' उन्होंने आगे कहा, 'प्रदर्शन के बारे में ज्यादा सोचने के बजाय उन्हें अपने कौशल, मानसिक मजबूती और शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही उनमें जोखिम लेने का साहस भी बढ़ना चाहिए। यही मेरी उनसे उम्मीद है।'

# मेकर्स को 'रामायण' से कमाई के रिकार्ड टूटने की उम्मीद

**अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को फिल्ममेकर नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में शामिल करने की तैयारी में जुटे हैं। इस मेगाबजट पौराणिक फिल्म को लेकर फिल्म इंडस्ट्री और ट्रेड मार्केट में अभी से जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। रणबीर कपूर अभिनीत यह फिल्म रिलीज से पहले ही कमाई के कई बड़े रिकॉर्ड तोड़ सकती है।**



रिपोर्ट्स के अनुसार,दो भागों में बनाई जा रही इस फिल्म के थिएट्रिकल और डिजिटल राइट्स को लेकर बड़े स्तर पर बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि निर्माता नमित मल्होत्रा हिंदी थिएट्रिकल डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स के लिए इंडस्ट्री के कई बड़े डिस्ट्रीब्यूटर्स से चर्चा कर रहे हैं। फिल्म के हिंदी थिएट्रिकल राइट्स के लिए करीब 450 करोड़ रुपए की मांग की गई है, जिसने ट्रेड जगत में हलचल मचा दी है। ट्रेड विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह सौदा 300 से 400 करोड़ रुपये के बीच भी तय होता है,तो यह भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी डिस्ट्रीब्यूशन डील साबित हो सकती है। फिलहाल हिंदी सिनेमा में सबसे बड़ी थिएट्रिकल डील का रिकॉर्ड शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' के नाम बताया जा रहा है,जिसके ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स लगभग 250 करोड़ रुपए में बिकने की चर्चा है। ऐसे में 'रामायण' के लिए मांगी जा रही कीमत को बेहद बड़ी और ऐतिहासिक माना जा रहा है। सिर्फ सिनेमाघरों तक ही नहीं, बल्कि डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स को लेकर भी मेकर्स की बड़ी योजना है। खबरों के मुताबिक, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने फिल्म के दोनों भागों के संयुक्त स्ट्रीमिंग राइट्स के लिए करीब 700 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया था, लेकिन निर्माताओं ने इस ऑफर को स्वीकार नहीं किया। कहा जा रहा है कि मेकर्स डिजिटल राइट्स के लिए करीब 1000 करोड़ रुपये की डील की उम्मीद कर रहे हैं।



# दीपिका की 'गुड गर्ल' इमेज को ढोंग बताने पर हुआ बवाल

**डायरेक्टर इम्तियाज अली सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान दीपिका पादुकोण को लेकर उन्होंने ऐसी बात बोल दी कि हर तरफ हंगामा मच गया। इम्तियाज ने दीपिका की 'गुड गर्ल इमेज' को ढोंग बताया था, जिसके बाद उनके फैंस ने फिल्ममेकर को घेरा। अब इम्तियाज अली ने अपनी बात को लेकर सफाई जारी की है।**

इम्तियाज अली और दीपिका पादुकोण ने साथ मिलकर दो फिल्मों में काम किया है। डायरेक्टर ने अपने बयान में दीपिका पादुकोण के नाम एक लंबी पोस्ट लिखी है। सोमवार, 25 मई को इम्तियाज ने दीपिका के बारे में अपनी टिप्पणियों पर बने एक न्यूज आर्टिकल का स्क्रीनशॉट शेयर किया। आर्टिकल की हेडलाइन थी, 'इम्तियाज अली की दीपिका पादुकोण पर टिप्पणियों से ऑनलाइन विवाद।'इसके साथ इम्तियाज ने दीपिका को संबोधित करते हुए लिखा, 'मेरी सबसे प्यारी और प्रिय दीपिका पादुकोण, तुम मेरी दोस्त, मेरी बडी, ह्यूमर के लिए मेरी सुरक्षित पसंद हो। मुझे पूरा विश्वास है कि तुम मेरे मजाकिया कमेंट्स को कभी गलत नहीं समझोगी, क्योंकि तुमसे ज्यादा कोई नहीं जानता कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं, तुम्हारी कितनी प्रशंसा करता हूं, तुम्हें समझता हूं और कद्र करता हूं। लेकिन मुझे बताया गया है कि तुम शायद इसे गलत समझ सकती हो और दुखी हो सकती हो, इसलिए मैं तुमसे कह रहा हूं कि प्लीज ऐसा मत करना। तुम्हारे साथ कुछ बुरा करना इस जन्म में तो पॉसिबल नहीं है।'इम्तियाज अली ने आगे लिखा कि वो यह 'डिस्क्लेमर' लिखना नहीं चाहते थे, लेकिन उन्होंने चांस नहीं लेना चाहा। फिल्ममेकर ने आगे कहा, 'मैंने कभी सोचा नहीं था कि तुम्हें ऐसा डिस्क्लेमर देना पड़ेगा, लेकिन काफी समय हो गया है और मैं रिस्क नहीं लेना चाहता था। तुम्हें शुभकामनाएं और हमेशा प्यार।'


## डायरेक्टर ने कह दी थी बड़ी बात

इस हफ्ते की शुरुआत में एक इंटरेक्शन में इम्तियाज अली ने दीपिका पादुकोण की ऑफ-स्क्रीन इमेज और 2012 की फिल्म 'कॉकटेल' में उनके किरदार के बीच के अंतर पर बात की थी। उन्होंने कहा था, टवेरोनिका उस समय दीपिका की इमेज से बिल्कुल अलग थी। लेकिन चूंकि मैं उनके साथ पार्टीज में गया था और उनके साथ रहा था, इसलिए मैं जानता हूं कि वो कितनी क्रेजी और वाइल्ड हो सकती हैं, भले ही उस समय वो बाहर से बहुत 'गुड गर्ल' इमेज प्रोजेक्ट कर रही थीं। अब लोग उस ढोंग को देख चुके हैं। इसलिए मुझे लगा कि दीपिका के लिए यह एक नया और अलग अनुभव होगा। मुझे पता था कि इमोशनल गहराई मौजूद है, इसलिए यह एक्साइटिंग था।'

# नई वेब सीरीज में सान्विका का दिखेगा नया अंदाज

इस सीरीज में सान्विका 'माया' नाम की ऐसी महिला बनी हैं, जो अमीर युवकों को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उनसे शादी करती है और बाद में नकदी व कीमती गहने लेकर फरार हो जाती है। सान्विका ने बताया कि इस किरदार के लिए चुना जाना उनके लिए खुद एक बड़ा आश्चर्य था। उन्होंने कहा कि शुरुआत में उन्हें भी संदेह था कि क्या वह पर्दे पर इतनी चालाक और ग्रे शेड वाली महिला का किरदार प्रभावी ढंग से निभा पाएंगी। हालांकि, उन्हें खुशी है कि सीरीज के निर्माताओं ने उन पर भरोसा जताया और उन्हें यह चुनौतीपूर्ण भूमिका सौंपी। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने इस किरदार को कभी जोखिम के रूप में नहीं देखा। उनके अनुसार, वह हमेशा अपने दिल की सुनकर ही किसी प्रोजेक्ट का चयन करती हैं। जब उन्होंने पहली बार सीरीज की कहानी का सार सुना, तभी वह इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हो गई थीं। सान्विका ने कहा कि यह भूमिका उनके अब तक निभाए गए किरदारों से बिल्कुल अलग है और एक कलाकार के तौर पर उन्हें अपने अभिनय की विविधता दिखाने का मौका देती है। उन्होंने बताया कि जहां आजकल ज्यादातर अपराध आधारित वेब सीरीज गंभीर और तनाव से भरी होती हैं, वहीं 'लुटेरी दुल्हन' को हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में पेश किया गया है। अपराध की पृष्ठभूमि होने के बावजूद इसमें मनोरंजन और हास्य का संतुलन बनाए रखने की कोशिश की गई है। सान्विका ने यह भी कहा कि यह पूरी तरह महिला केंद्रित कहानी है। आमतौर पर फिल्मों और सीरीज में पुरुष अपराधियों और पुलिस अधिकारियों के बीच टकराव दिखाया जाता है, लेकिन इस कहानी की खास बात यह है कि अपराध करने वाली महिला भी है और उसका पीछा करने वाली पुलिस अधिकारी भी महिला ही है।

**छोटे परदे की अभिनेत्री सान्विका अब बिल्कुल अलग अवतार में नजर आने वाली हैं। वेब सीरीज 'पंचायत' में अपने सरल और मासूम किरदार 'रिंकी' से दर्शकों का दिल जीतने वाली सान्विका की आगामी वेब सीरीज 'लुटेरी दुल्हन' में वह एक चालाक और शातिर महिला ठग का किरदार निभा रही हैं।**






# अक्षय कुमार ने भी मोहनलाल की फिल्मों से छापे करोड़ों

साउथ की फिल्मों का बॉलीवुड में रीमेक बनाने का चलन काफी पुराना है। लेकिन इन दिनों रीमेक का ट्रेंड कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। बॉलीवुड में कई सुपरहिट साउथ फिल्मों के रीमेक बने हैं, जिन्हें बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सक्सेस मिली। इन फिल्मों में 'कबीर सिंह', 'गजनी', 'सिंघम', 'वांटेड' और 'सावरिया' जैसी फिल्में शामिल हैं। लेकिन जब भी साउथ की फिल्मों के रीमेक और बॉलीवुड सुपरस्टार्स की बात आती है, तो सबका ध्यान अजय देवगन और उनकी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'दृश्यम' पर जाता है। अजय देवगन ने मोहनलाल की मलयालम 'दृश्यम' का हिंदी रीमेक बनाकर बॉक्स ऑफिस पर खूब पैसे छापे हैं। लेकिन बॉलीवुड का एक और बड़ा खिलाड़ी है जिसने मलयालम सिनेमा के गॉडफादर यानी मोहनलाल की फिल्मों के रीमेक से बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश की है और वो हैं अक्षय कुमार। खिलाड़ी अक्षय कुमार की 'भूल भूलैया', 'गरम मसाला' और 'खट्टा मीठा'मोहनलाल की फिल्मों का हिंदी रीमेक हैं। अजय देवगन ने ही नहीं, बल्कि अक्षय कुमार ने भी मोहनलाल की बेहतरीन कहानियों और अदाकारी का बॉलीवुड ने हमेशा खुलकर फायदा उठाया है। साउथ का रीमेक बनाकर मेकर्स को करोड़ों का फायदा हुआ है और ऐसे में मोहनलाल को बॉलीवुड का लकी चार्म कहना गलत नहीं होगा। मोहनलाल की 'दृश्यम' ने जहां अजय देवगन की पॉपुलैरिटी को बढ़ा दिया तो वहीं अक्षय कुमार को कल्ट फिल्म देने में भी मदद की। आइए एक नजर डालते हैं अक्षय कुमार की उन फिल्मों के बारे में जो मलयालम सुपरस्टार की पॉपुलर फिल्मों के रीमेक हैं।अक्षय कुमार की कई सुपरहिट फिल्में मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की फिल्मों की रीमेक हैं। इन चार फिल्मों में 'भूल भूलैया', 'खट्टा मीठा' और 'गरम मसाला' शामिल हैं। इन तीनों ही फिल्मों का डायरेक्शन प्रियदर्शन ने ही किया है। मोहनलाल की फिल्मों का हिंदी रीमेक इन मूवीज में से 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट रहीं तो वहीं एक एवरेज रही।



# लड़कों की अश्लील हरकत देख भड़की भूमि पेडनेकर

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो पर नाराजगी जाहिर की है। वीडियो में कुछ पुरुष एक महिला की दीवार पर बनी पेंटिंग के साथ अश्लील इशारे और अनुचित हरकतें करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए भूमि ने युवाओं की मानसिकता पर सवाल उठाए हैं। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग भी की है। इंस्टाग्राम अकाउंट 'ट्यूब इंडियन' द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कुछ युवक स्विमिंग पूल के पास बनी एक महिला की पेंटिंग के साथ गलत हरकतें करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। इसके साथ ही इस घटिया हरकत को बेहद शर्मनाक बताया है। भूमि पेडनेकर ने इस वीडियो को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा कि आज के युवाओं की मानसिकता बेहद चिंताजनक होती जा रही है। उन्होंने कहा कि यही लोग आगे चलकर महिलाओं और बच्चों के साथ अपराध करते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि सिर्फ शर्मिंदगी जताने से कुछ नहीं होगा, अब सख्त कानून लाने की जरूरत हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने नाराजगी जताते हुए एक कैप्शन भी लिखा है। भूमि पेडनेकर ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराधों पर भी चिंता जाहिर की है।



# विवाद के बीच चामुंडेश्वरी मंदिर पहुंचे रणवीर सिंह

**रणवीर सिंह लगातार चर्चा में बने हुए हैं। कुछ दिनों पहले तक रणवीर 'धुरंधर 2' की सफलता को लेकर चर्चा में थे। इसी बीच 'डॉन 3' से आखिरी मौके पर बाहर होने को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया। फिल्म छोड़ने के बाद रणवीर और फरहान अख्तर के बीच मतभेद बढ़ गए और ये विवाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज तक जा पहुंचा। फरहान अख्तर ने रणवीर के खिलाफ FWICE में शिकायत दर्ज करा दी, जिसके चलते अभिनेता पर बैन लगा दिया गया है।**



इस पूरे विवाद के बीच रणवीर अब मैसुरु के चामुंडेश्वरी मंदिर पहुंचे हैं। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अभिनेता को 'कांतारा' की मिमिक्री मामले में एक्टर को बिना शर्त माफी मांगने के निर्देश दिए थे। हाई कोर्ट ने कहा कि रणवीर को चार सप्ताह के भीतर चामुंडेश्वरी मंदिर में देवी चामुंडेश्वरी की पूजा करना होगा। अब अभिनेता ने अपना वादा निभाया और 26 मई को चामुंडेश्वरी मंदिर गए और देवी चामुंडेश्वरी की पूजा की। रणवीर सिंह को 'डॉन 3' विवाद के चलते लगे बैन के बाद आज सुबह ही एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। लेकिन, उनकी इस यात्रा को गुप्त ही रखा गया था। मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने तक रणवीर ने मास्क पहन रखा था। मंदिर पहुंचने पर रणवीर ने चामुंडेश्वरी देवी के चरणों में माथा टेका और हाई कोर्ट के निर्देशानुसार माफी भी मांगी। दरअसल, नवंबर 2025 में गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शिरकत की थी। यहां फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में रणवीर सिंह ने ऋषभ शेट्टी स्टारर फिल्म 'कंतारा' के दैव वाले आईकॉनिक सीन की मिमिक्री की और ऋषभ शेट्टी के अभिनय की तारीफ करते हुए उस सीन को हाईलाइट किया, जिसमें दैव का उनके शरीर में प्रवेश होता है। इस दौरान उन्होने दैव को 'फीमेल घोस्ट' कह दिया। फिल्म के इस ऐतिहासिक दृश्य की नकल करते हुए रणवीर का वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद कन्नड़ भाषी लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की। हालांकि, रणवीर ने तुरंत ही इसके लिए माफी भी मांग ली। रणवीर सिंह ने एक पोस्ट साझा करते हुए कांतारा मिमिक्री को लेकर अपनी सफाई पेश की और माफी भी मांगी।

# ऐश्वर्या राय और आराध्या की बॉन्डिंग की जमकर हुई तारीफ

**लंबे समय बाद कान्स फिल्म फेस्टिवल में बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने शानदार अंदाज में वापसी की है। फिल्म फेस्टिवल में इस बार उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी नजर आईं। मां-बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। कान्स में ऐश्वर्या राय ने बेबी पिंक रंग का आकर्षक आउटफिट पहना, जिसमें फ्लोइंग केप स्लीव्स और चमकदार फूलों की कढ़ाई ने उनके लुक को बेहद खास बना दिया। उन्होंने अपने लुक को सॉफ्ट कर्ल्स,ग्लॉसी मेकअप और स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ पूरा किया, जिससे उनकी खूबसूरती और भी निखरकर सामने आई।**

हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने अपने ग्रेस और एलिगेंस से रेड कार्पेट पर अलग छाप छोड़ी। वहीं आराध्या बच्चन ने भी अपने स्टाइल से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने सैटिन रेड गाउन के साथ चमकदार केप पहनी थी, जो उनके लुक को बेहद रॉयल बना रही थी। फ्रेंच रिवेरा के खूबसूरत माहौल में मां-बेटी की यह जोड़ी किसी फिल्मी दृश्य जैसी नजर आई। फैंस ने सोशल मीडिया पर दोनों की बॉन्डिंग और स्टाइल की जमकर तारीफ की। कान्स में अपने पहले रेड कार्पेट अपीयरेंस के दौरान ऐश्वर्या ने रॉयल ब्लू बॉडीकॉन गाउन पहना था। इस गाउन में कंधों के पास खास डिजाइन और पूरे आउटफिट पर चमकदार कढ़ाई की गई थी। उन्होंने इस लुक को बेहद कम एक्सेसरीज के साथ स्टाइल किया, जिससे गाउन की भव्यता और उनकी पर्सनैलिटी दोनों उभरकर सामने आए। फैशन विशेषज्ञों और फैंस ने उनके दोनों लुक्स की काफी सराहना की। कान्स रवाना होने से पहले ऐश्वर्या और आराध्या को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी साथ देखा गया था। दोनों ब्लैक आउटफिट में ट्विनिंग करती नजर आईं। एयरपोर्ट पर ऐश्वर्या ने एक छोटे फैन के साथ तस्वीर खिंचवाकर अपने विनम्र स्वभाव की झलक भी दिखाई, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया गया। ऐश्वर्या राय बच्चन का कान्स फिल्म फेस्टिवल से पुराना रिश्ता रहा है। उन्होंने साल 2002 में देवदास के साथ कान्स में डेब्यू किया था। उस दौरान उनके साथ शाहरुख खान और संजय लीला भंसाली भी मौजूद थे।




# "द नर्मदा स्टोरी"का ट्रेलर रिलीज

**क्राइम, थ्रिल और वूमेन पॉवर से भरपूर फिल्म "द नर्मदा स्टोरी" का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। 2 मिनट 15 सेकंड का यह ट्रेलर रहस्य, इमोशन और एक्शन का ऐसा मिश्रण पेश करता है,जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है। ट्रेलर में रियल लाइफ आईपीएस अधिकारी सिमाला प्रसाद एक सशक्त पुलिस अधिकारी के किरदार में नजर आ रही हैं, जिनका ट्रांसफॉर्मेशन इस समय सोशल मीडिया और इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। ट्रेलर की शुरुआत मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम से होती है, जहां पुलिस इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम भदौरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो जाते हैं। पूरा पुलिस विभाग उनकी तलाश में जुटा है, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इंस्पेक्टर भदौरिया शहर में लगातार हो रहे मिसिंग केस की जांच कर रहे थे।**



बिना किसी क्लू के उलझी पुलिस फोर्स और भय पैदा करने वाले किन्नर गिरोह के संवादों के बीच कहानी में एसआई नर्मदा रायकवार की एंट्री होती है, जो अब इस केस की जांच अपने हाथ में लेती हैं। ट्रेलर के अगले दृश्यों में जनता और मीडिया के सवालों का सामना करते हुए मुकेश तिवारी और अंजलि पाटिल अपने प्रभावशाली किरदारों में दिखाई देते हैं। वहीं ट्रेलर के आखिरी हिस्से में पुलिस मुठभेड़, विरोध प्रदर्शन और भावनात्मक दृश्यों के साथ जरीना वहाब और रघुबीर यादव कहानी को और गहराई देते नजर आते हैं। फिल्म के निर्देशक ज़ैग़म इमाम ने कहा, "'द नर्मदा स्टोरी' के ज़रिए मनोरंजन के साथ समाज के एक गंभीर मुद्दे को सामने लाने की कोशिश की है। इसमें क्राइम, सस्पेंस और इमोशन के साथ महिला शक्ति का बहुत मजबूत पक्ष देखने को मिलेगा, मुख्य भूमिका में सिमाला प्रसाद के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अंजलि पाटिल, जरीना वहाब, अश्विनी कलसेकर का किरदार फ़िल्म की कहानी को मजबूत बनाते है ।"

# सालों बाद पत्नी पूजा संग दिखे सनी देओल

सनी देओल अपनी फिल्म 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं. नितेश तिवारी द्वारा बनाई गई 'रामायण' में वो भगवान हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे. फिल्म इस दिवाली रिलीज होगी. फिल्म रिलीज होने में अभी महीनों बाकी हैं. उससे पहले एक्टर आज दोपहर एयरपोर्ट पर देखे गए.कई लोग सोच रहे होंगे कि इसमें कौन सी बड़ी बात हो गई. तो जी बिल्कुल बड़ी बात है. क्योंकि एयरपोर्ट पर सनी अकेले नहीं, बल्कि पत्नी पूजा देओल के साथ स्पॉट हुए. सोशल मीडिया पर सनी देओल का एक वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में वो एयरपोर्ट पर कार से उतरते दिखाई दे रहे हैं. सनी के उतरने के बाद उनकी पत्नी पूजा कार से बाहर निकलती हैं. दोनों एयरपोर्ट की तरफ आगे बढ़ते हैं. एयरपोर्ट पर देओल परिवार की बहू वेस्टर्न कपड़ों में नजर आईं. उन्हें कैमरा देखकर मुस्कुराते भी देखा गया. एक ओर जहां देओल परिवार के लड़के इंडस्ट्री में नाम कमा रहे हैं. वहीं घर बहू-बेटियां लाइमलाइट से दूर रहती हैं।

